| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 71,752.11 | ▲ +612.21 | |
| डॉलर | 83.031 | ▼ -0.087 | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 13.0 | 19.0 |
| धनबाद | 23.0 | 15.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 15.0 | 21.0 |
| पलामू | 24.0 | 14.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 01 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 106, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय किताब ही व्यक्तित्व को निखारने में सक्षम ...8



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



बजट सत्र का लाभ उठाकर सकारात्मक ...12 देश/विदेश







## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,520
चांदी (किलो) 72,470

## एक नजर

### हेमंत सोरेन के केस की सुनवाई आज

**रांची।** हेमंत सोरेन की ओर से बुधवार शाम ईडी के समन के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका में ईडी द्वारा हेमंत सोरेन को सेक्शन 50 के तहत दिए गए समन को चुनौती देते हुए कहा गया है कि ईडी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर बार-बार उन्हें समन कर रही है। हेमंत सोरेन ईडी के समन को हाई कोर्ट में और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी। हेमंत सोरेन के द्वारा हाई कोर्ट में ईडी के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल रिट की सुनवाई गुरुवार को सुबह 10:30 बजे होगी। यह सुनवाई हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सूचीबद्ध है। दरअसल, हेमंत सोरेन बनाम ईडी एवं अन्य की याचिका हाई कोर्ट में दाखिल की गई है। इसमें हेमंत सोरेन से जमीन घोटाला मामले में ईडी की पूछताछ एवं उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। ईडी के चौथे समन को हेमंत सोरेन के द्वारा हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। याचिका देर से दाखिल किये जाने पर कोर्ट ने सीएम की याचिका को खारिज कर दिया था।

### केंद्र वित्त मंत्री आज संसद में पेश करेंगी अंतरिम बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अंतरिम केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी और सीतारमण का छठा बजट होगा। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस बार के अंतरिम बजट में कई बड़े ऐलान होने के कयास हैं। वित्त मंत्री ने हाल ही में लोकसभा चुनाव से पेश होने वाले इस अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा से इनकार किया था। सीतारमण ने कहा था कि चुनाव से पहले सिर्फ लेखानुदान पेश होगा। संसद में पारित होने के बाद लेखानुदान से सरकार को अप्रैल-जुलाई अवधि के व्यय को पूरा करने के लिए देश की संचित निधि से आनुपातिक आधार पर राशि निकालने की अनुमति होगी। चुनाव के बाद नई सरकार जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट लेकर आएगी। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2024 को छठी बार अपना बजट भाषण पढ़ेंगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने दिया इस्तीफा, चंपई सोरेन बनेंगे नए सीएम



### गवर्नर से मिले सत्तारूढ़ दल के पांच नेता, एक को शपथ ग्रहण कराने की मांग

### चंपई ने 43 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा, 47 विधायकों के समर्थन का दावा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बहुत तेजी से राजनीतिक घटनाक्रम बदल रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना इस्तीफा दे दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। राजभवन पहुंचकर चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। राजभवन में चंपई सोरेन ने 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा और दावा किया कि उन्हें 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। बताया जा रहा है कि हेमंत सोरने की रात इडी कार्यालय में गुजरेगी गुरुवार को उन्हें सीजीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर सत्ताधारी दलों की ओर से एक फरवरी को दिन के 11 बजे शपथ ग्रहण का समय मांगा गया है। राजभवन के अंदर पांच विधायकों को मिलने के लिए बुलाया गया था। पांच विधायकों में जेएमएम से चंपई सोरेन, कांग्रेस से विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, राजद से मंत्री सत्यानंद भोक्ता और भाकपा माले से विनोद सिंह व जेवीएम (अब कांग्रेस) से प्रदीप यादव शामिल थे। मालूम हो कि चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। वह पांचवीं बार विधायक बने हैं। दोपहर करीब एक बजे ईडी सीएम आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची थी। जो शाम तक जारी रही। शाम करीब पांच बजे के बाद से सीएम आवास के पास गतिविधि बढ़ गई। पहले रांची के डीसी और एसएसपी सीएम आवास पहुंचे उसके कुछ देर बाद राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी भी सीएम आवास पहुंचे। सीएम आवास, राजभवन और ईडी दफ्तर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। एक तरफ ईडी की कार्रवाई चर रही थी वहीं दूसरी तरफ राजनीतिक रणनीति भी बन रही थी। सुबह से ही सीएम आवास में मंत्री और विधायकों के पहुंचने का सिलसिला जारी था। शाम पांच बजे के करीब तीन टूरिस्ट बसें सीएम आवास के पीछे के गेट से अंदर गई। वहीं, रांची एसडीओ ने अगले आदेश तक मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और हीनू स्थित ईडी ऑफिस के पास शेष पृष्ठ 11 पर

## सात घंटे की पूछताछ के बाद हिरासत में लिए गए हेमंत

### ईडी दफ्तर में गुजरेगी रात, आज कोर्ट में पेश किया जाएगा

### देर रात हेमंत से मिलने ईडी दफ्तर पहुंची कल्पना सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम बुधवार दोपहर एक बजे कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंची। लगभग दस वाहनों से ईडी के अधिकारी सीएम आवास पहुंचे हैं। ईडी की टीम के साथ सीआईएसएफ के जवान भी थे। मुख्यमंत्री आवास में पहुंचने के बाद ईडी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से पूछताछ शुरू की। यह पूछताछ करीब सात घंटे तक चली, इसके बाद ईडी ने उन्हें हिरासत में लिए जाने की सूचना दी गई। इससे बाद सीएम ने राजभवन जाकर गवर्नर को अपना इस्तीफा सौंपा जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद ईडी हेमंत सोरेन को लेकर कार्यालय चली गई। जहां उनकी रात कटेगी उसके बाद गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर देर रात हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन हेमंत से मिलने ईडी दफ्तर पहुंची। इससे पहले बीते 20 जनवरी को सीएम से ईडी ने उनके आवास पर सात घंटे तक पूछताछ की थी। इसके बाद ईडी ने 22 जनवरी दोबारा पत्र लिखकर सीएम को 27 से 31 जनवरी तक बयान दर्ज कराने को कहा था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 25 जनवरी को ईडी को अप्रत्यक्ष रूप से पूछताछ के लिए समय देने से इनकार कर दिया था। फिर 29 जनवरी को मुख्यमंत्री ने ईडी को शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री से पूछताछ के दौरान शहर में रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में पूछताछ की। इस दौरान राजभवन, ईडी कार्यालय और मुख्यमंत्री आवास पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो सहित अन्य अधिकारी लगातार पल-पल की मॉनिटरिंग करते रहे। राजभवन, ईडी कार्यालय और मुख्यमंत्री आवास के पास धारा 144 लागू रहा। हर चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई। मुख्यमंत्री आवास के सभी वाटर कैनन और वज्र वाहन मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन की आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास की ओर आने और जाने वाले दोनों रास्तों को बैरिकेडिंग कर रोक दिया गया था। सुरक्षा को लेकर लगभग दो हजार जवान और 18 डीएसपी को अलग से प्रति नियुक्त किया गया। ईडी के अनुरोध पर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य गृह विभाग ने आदेश जारी किया। वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार नेतृत्व में आईएएस अरवा राजकमल, आईजी प्रभात कुमार, आईएएस प्रशांत कुमार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। सभी वरीय पदाधिकारियों को जिला नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहने और पूरी स्थिति पर नजर रखने को कहा गया था।



## लोहरदगा में युवक की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कोर्ट रोड में एक सनसनीखेज घटनाक्रम में एक युवक की दिनदहाड़े कुछ अज्ञात अपराधियों ने घर में जाकर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। युवक को चाकू मारने के बाद आरोपी तुरंत घटनास्थल से फरार हो गए। मृतक की पहचान कोर्ट रोड निवासी सचित उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सचित अपने घर में था। इसी दौरान कुछ अज्ञात अपराधियों ने उसके घर जाकर उसके शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से प्रहार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आनंन फानन में घायल की पत्नी उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गई, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सदर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।



## ईडी ने राबड़ी और मीसा सहित सात आरोपी को दिया समन

**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में राजद सुप्रीमो और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से लंबी पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम बुधवार की दोपहर राबड़ी के दस सर्कुलर रोड आवास पहुंची। ईडी की टीम ने राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत सभी सात आरोपितों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित दफ्तर बुलाया है। राबड़ी आवास पहुंची तीन सदस्यीय ईडी की टीम ने पिछले दिनों में लालू यादव और तेजस्वी यादव से ईडी कार्यालय में की गयी पूछताछ से संबंधित कागजों की प्रति को रिसीव करवाया। इसके साथ ईडी टीम ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव सहित सात लोगों को पूछताछ के लिए दिल्ली मुख्यालय के ईडी कार्यालय में आने का समन दिया। इनके अलावा उनके सीए अमिल कात्याल और जमीन देकर रेलवे में नौकरी पाने वाले हृदयानंद चौधरी को भी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। राबड़ी आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में राजद के कई वरिष्ठ नेता राबड़ी आवास पहुंचे। इस दौरान ईडी की टीम करीब 10 मिनट तक राबड़ी आवास में रूकी।

## जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव बने झारखंड हाई कोर्ट के स्थायी जज

**रांची।** एडिशनल जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव झारखंड हाई कोर्ट के स्थायी जज होंगे। केंद्र सरकार ने जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को झारखंड हाई कोर्ट के स्थायी जज के पद पर नियुक्त किया है। इस संबंध में विधि मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 18 जनवरी को जस्टिस श्रीवास्तव को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया था कि वो इस नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं।

## इंडिया सीएम गिरफ्तार नहीं किए जा सकते विशेष परिस्थितियों को छोड़ कर



सुनील बादल

**किसी** भी राज्य के मुख्यमंत्री बहुत ही विशिष्ट व्यक्ति होते हैं और उन्हें माननीय कहकर संबोधित किया जाता है। आम लोगों के लिए सीएम की गिरफ्तारी की बातें सुनना भी काफी अजीब है, क्योंकि इसे लेकर लोगों के बीच कई तरह के भ्रम हैं। पुलिस या कोई जांच एजेंसी किसी राज्य के सीएम को कैसे गिरफ्तार कर सकती है और इसके लिए क्या कानूनी प्रक्रिया है। भारतीय दंड संहिता के तहत किसी भी आरोपी पर उसका दोष साबित होने पर वह दोषी होता है। इसके साथ ही उसकी गिरफ्तारी सिविल और क्रिमिनल, दोनों ही मामलों में होती है। हालांकि मुख्यमंत्री के मामले में इसे लेकर अलग नियम है। सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत मुख्यमंत्री के संबंध में विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसके तहत विशेष स्थिति में गिरफ्तारी के नियम हैं। साथ ही गिरफ्तारी कब हो सकती है और कब नहीं, इस बात का भी उल्लेख किया गया है। किसी सीएम को किस स्थिति में और कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है इसके प्रावधान बने हुए हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता 135 के तहत किसी भी मुख्यमंत्री या विधान परिषद के सदस्य को गिरफ्तारी में छूट दी गई है। हालांकि, यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यह छूट केवल सिविल मामलों में ही है। यदि किसी मुख्यमंत्री या विधासभा सदस्य पर किसी प्रकार का कोई आपराधिक मामला दर्ज हो जाता है, तो यह छूट नहीं दी जाएगी। इस मामले में क्रिमिनल केस के तहत मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है। यदि मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य की आपराधिक मामले में भी गिरफ्तारी होनी है, तो सबसे पहले सदन के अध्यक्ष से मंजूरी लेनी होती है, यानी विधानसभा अध्यक्ष की मंजूरी के बाद ही गिरफ्तारी हो सकती है। धारा 135 के तहत, मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य की गिरफ्तारी के लिए दिनों का भी नियम है। इसके तहत यदि विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है, तो इसके शुरू होने से 40 दिन पहले और खत्म होने के 40 दिन बाद तक मुख्यमंत्री या विधानसभा सदस्य को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। इसके बाद क्रिमिनल मामले में गिरफ्तारी के लिए सदन के अध्यक्ष से मंजूरी लेनी होगी। वहीं, मुख्यमंत्री को सदन से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 61 के तहत भारत के राष्ट्रपति और राज्यपाल को उनके पद पर रहते हुए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। यह दोनों ही सिविल और क्रिमिनल मामले में लागू है। हालांकि यदि राष्ट्रपति और राज्यपाल के अपने पद से इस्तीफा देने के मामले में दोनों को गिरफ्तार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का देश में पहला मामला तमिलनाडु में हुआ था। दरअसल तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे जयललिता पर गांवों के लिए रंगीन टेलीविजन सेट्स की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में 7 दिसंबर 1996 को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें अपने पद से इस्तीफा भी देना पड़ा था। उन्हें एक महीने तक जेल में रहना पड़ा था। केंद्रीय एजेंसी आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के प्रावधानों के मुताबिक अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी करवाकर किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकती है।




### पीएम मोदी ने किया चुनाव में जीत का दावा

## नई सरकार बनने के बाद हम लेकर आएंगे पूर्ण बजट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोक सभा चुनाव में इशारों-इशारों में जीतने का दावा करते हुए कहा है कि जब चुनाव का समय निकट होता है तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है। हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद आपके समक्ष लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ दिशानिर्देश की बातों को लेकर देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हम सबके सामने कल अपना बजट (अंतरिम बजट) पेश करने वाली हैं। भाजपा के लगातार तीसरी बार भी जीतने की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश नित्य प्रगति की नई-नई ऊंचाइयों को पार करता हुआ आगे बढ़ रहा है, सर्वस्पर्शी विकास हो रहा है, सर्वांगीण विकास हो रहा है, सर्वसमावेशी विकास हो रहा है। ये यात्रा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से निरंतर बनी रहेगी।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत और समापन दोनों ही 'राम-राम' के अभिवादन के साथ किया। प्रधानमंत्री ने सदन में हंगामा करने वाले सांसदों को भी कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में जिसको जो रास्ता सूझा, उस प्रकार से सबने संसद में अपना-अपना कार्य किया। लेकिन वे इतना जरूर कहेंगे कि जिनका आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है, जो आदतन लोकतांत्रिक मूल्यों का चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसद आज जब आखिरी सत्र में मिल रहे हैं तो ये जरूर आत्मनिरीक्षण करेंगे कि 10 साल में उन्होंने जो किया, वो क्यों किया ? उनके संसदीय क्षेत्र में भी किसी को याद नहीं होगा कि उन्होंने इतना हुड़दंग मचाया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान लोक सभा के इस आखिरी बजट सत्र में ऐसे सांसद चिंतन और पश्चाताप जरूर करेंगे कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने की बजाय जिन्होंने उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होता, भले ही उन्होंने सरकार का तीखा विरोध किया हो लेकिन उनको आज भी बहुत बड़ा वर्ग याद करता होगा। आने वाले दिनों में भी जब सदन की चचाएं कोई देखेगा, तो उनका एक एक शब्द इतिहास की तवारीफ बनकर उजागर होगा। उन्होंने हंगामा करने वाले सांसदों को अपना शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### मंडल अध्यक्ष ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष को दी बधाई



**पाटन।** पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी को भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने उनके आवास पर मिल कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा नेता के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

### सेवानिवृत्त प्रधान सहायक के निधन से शोक

**पाटन।** थाना क्षेत्र के खामही राजहरा गांव निवासी 70 वर्षीय अमरेश्वर दुबे उर्फ अमरेश दुबे का बुधवार को निधन हो जाने की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। किशुनपुर क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी रहे स्व. दुबे ने कई धार्मिक आयोजनों की मेजबानी की थी। साथ ही समाज के हित में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया था। वे स्वास्थ्य विभाग में प्रधान सहायक के पद से रिटायर्ड थे। कुछ महीनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। इलाज के क्रम में रिम्स रांची में उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार पैतृक गांव खामही राजहरा में किया गया।

### चलो गांवों की ओर कार्यक्रम को ले भाजपा नगर मंडल की हुई बैठक



**विश्रामपुर।** चलो गांवों की ओर कार्यक्रम को लेकर आज विश्रामपुर नप मुख्यालय में भाजपा नगर मंडल की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महामंत्री मनीष कुमार व संचालन उपाध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। बैठक की शुरूआत मुख्य अतिथि कार्यक्रम प्रभारी रामचंद्र यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। रामचंद्र यादव ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को चलो गांवों की ओर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, जिला कार्यसमिति किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री अर्चना देवी, प्रभुषण चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

## पांकी के परसिया गांव का मामला, परिजनों को समझाकर पुलिस ने कराया शांत

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** प्रखंड के परसिया गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से सुमन कुमार यादव उर्फ हरि नामक युवक की जान चली गई। मृत युवक के परिजनों ने गांव के ही झोला छाप डॉक्टर रामदयाल राम पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। स्थिति तनावपूर्ण देख पांकी पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले को शांत कराया। मृतक के ससुर राजकुमार यादव ने बताया कि मंगलवार शाम को अचानक सुमन के सिर में दर्द होने लगा। इस बीच गांव के रामदयाल राम नामक झोला छाप डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन लगाकर कुछ दवाईयां भी दीं। इंजेक्शन लगाने के आधे घंटे बाद ही वह तड़पने लगा।



परिजन कुछ समझ पाते तब तक उनकी मौत हो गयी। मृतक के भाई सुनील कुमार यादव ने भी झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों के द्वारा थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। युवक की शादी वर्ष 2020 में हुई थी। मृतक का ढाई साल का पुत्र और एक साल की पुत्री है। युवक बाहर में मजदूरी करता था। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति मृतक के घर पहुंच परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया।

उक्त घटना के बारे में पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है, पुलिस जांच कर रही है। विदित हो कि समुचित चिकित्सा प्रबंध के अभाव में पांकी प्रखंड में झोला छाप डाक्टरों की भरमार हो गयी है। प्रशासन द्वारा कोई ठोस कर्रवाई नहीं किये जाने से उनका मनोबल बढ़ रहा है। भोले-भाले ग्रामीण उनका आसानी से शिकार हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं आरोपी डॉक्टर :** आरोपी डाक्टर रामदयाल राम ने कहा कि उन्होंने कुछ दवायें दी हैं। उन्होंने कोई ऐसा काम नहीं किया है। जिससे किसी को नुकसान हो।

**चिकित्सा प्रभारी बोले :** पांकी चिकित्सा प्रभारी डा. महेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुयी है। जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सावधानी हटी दुर्घटना घटी : प्रशिक्षु डीएसपी



### विद्यार्थियों को पुलिस ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रशिक्षु डीएसपी राजीव कुमार ने प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने विद्यार्थियों को बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन कदापि नहीं चलायें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही सदैव आवश्यक कागजात लेकर ही चलें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी चालकों के लिये जरूरी है। सावधानी हटी, दुर्घटना घटी का हवाला देते हुये उन्होंने कहा कि छोटी चूक से भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए कभी भी नियमों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। उन्होंने आम चालकों को हिदायत दी कि खुद की सुरक्षा के साथ दूसरे लोगों को भी सुरक्षित यात्रा में सहयोगी बने। मौके पर एसआई आजाद अंसारी, विद्यालय की प्राचार्या गंगा अग्रवाल, शिक्षक मो. रफत सिद्दीकी, आशीष मिश्रा मौजूद थे।

## प्रभारी प्रधानाध्यापिका की सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामवि. हैदरनगर के प्रांगण में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका परनी कुमारी कुंवर की सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने की। इस मौके पर डीडीओ सुरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि 24 वर्षों तक शिक्षण सेवा देने के बाद इनकी सेवानिवृति विभागीय नियमानुसार व पारंपरिक समय की घड़ी है। इनकी इसी विद्यालय में पदस्थापना से सेवानिवृत्ति तक लगातार 24 वर्षों का महती योगदान शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये स्मरणीय रहेगा। जिला उप सचिव चक्रवर्ती कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी सरकारी नौकरी में योगदान के साथ सेवानिवृत्ति का समय भी निर्धारित रहता है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक विजय बहादुर सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका को सम्मानित किया। थाना प्रभारी आजाद अंसारी, सीआरपी प्रमोद सिंह, मुखिया संतोष सिंह, प्रदीप सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, विनोद कुमार पांडेय, निरंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

## पांकी विधायक ने रखी 83 योजनाओं की आधारशिला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी के भाजपा विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के मौर्य फार्म हाउस में बुधवार को एक साथ 83 योजनाओं की आधारशिला रखी। सारी योजनाएं उनके विधायक कोटे की राशि 2 करोड़ 11 लाख 34 हजार की लागत से पूरी की जाएगी। सारी योजनाओं का आनलाइन शिलान्यास पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर विधायक ने किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि चतुर्थ वित्तीय वर्ष की 83 योजनाओं की संयुक्त रूप से आधारशिला रखी गई है। इसके तहत पीसीसी सड़क, पुल-पुलिया, सड़क मरम्मत, सामुदायिक भवन, विवाह मंडप, पेवर ब्लॉक सड़क, चबूतरा, नाली सहित 11 से 12 तरह की योजनाओं को जमीनी रूप दी जाएगी। आने वाले कुछ दिनों के बाद 50 और योजनाओं का शिलान्यास उनके द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सिलाई मशीन वितरण के लिए राशि अलग से रख दी गई है। सारी योजनाएं जनहित की हैं। जो आहार टूटे हुए हैं उसकी मरम्मत की जाएगी, ताकि सिंचाई हो सके। उन्होंने कहा कि पूर्व में विधायक फंड की राशि कहां खर्च होती थी इसका कोई अता-पता नहीं रहता था, लेकिन उनके विधायक बनते ही जन सरोकार और ग्रामीण विकास को ध्यान में रखकर योजनाएं ली जा रही हैं और उसे पूरी की जा रही है। यह मिल का पत्थर साबित होगा। फरवरी से लेकर मार्च, अप्रैल तक सारी योजनाएं पूरी कर लेने की तैयारी है, ताकि इसका लाभ लोगों को समय से मिल सके।

## उद्घाटन मुकाबले में अररुआ खुर्द विजयी



क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते समाजसेवी व उपस्थित अन्य

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के मैदान में बजरंग दल क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बुधवार को युवा समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। कटैया तथा अररुआ खुर्द पहाड़ी मंदिर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गये उद्घाटन मुकाबले में अररुआ खुर्द की टीम ने आसानी से विजय प्राप्त की। इस मौके पर बंटी गुप्ता, भोला गुप्ता, पप्पू चौधरी, संयोजक शशि कुमार सिंह, संचालक काजू कुमार, कमेंटेटर हरिदर्शन सिंह, स्कोरर बिट्टू गुप्ता, पप्पू पासवान, विकास पासवान, रविंद्र चौधरी मौजूद थे।

### प्रखंड बीस सूत्री की बैठक में योजनाओं की क्रमवार समीक्षा

# जरूरतमंदों को ही मिले अबुआ आवास योजना का लाभ



बीस सूत्री की बैठक में मौजूद अध्यक्ष व अन्य।

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह और संचालन बीडीओ सह सचिव रौशन कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड में संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, खाद्य आपूर्ति, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अबुआ आवास पर विशेष चर्चा की गई। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ अत्यंत गरीबों और बेघरों को देना सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों के द्वारा क्षेत्र के गरीब महिलाओं को लोन देने के नाम पर ठगी कर प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश देते हुयेदोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों को ससमय राशन वितरण करने और उचित मात्रा में समयानुसार देना सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा बैठक में विभिन्न प्रस्तावों की समीक्षा की गयी। समस्याओं के समाधान की दिशा में बीडीओ ने आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, विनय पासवान, हंसराज सिंह, राजेश सिंह, थाना के एसआई शौकत खान, बीपीएम विभूति कुमार, अविनाश सिंह, प्रखंड को-ऑर्डिनेटर राजू रंजन, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, सुपरवाइजर नीलम कुमारी, मनरेगा के सहायक अभियंता अमित कुमार, एमओ मनोज कुमार, गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार मौजूद थे।

## अबुआ आवास योजना में मनमानी का आरोप



### मुखिया संघ ने एसडीएम के सहायक को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के पंचायतों में ग्रामसभा में चिन्हित अबुआ आवास के लाभुकों की सूची प्रशासन को सौंपे जाने के बाद सूची में हेराफरी करने व प्रखंड समन्वयक पर मनमानी का आरोप लगाते हुये मुखिया संघ ने व्यापक विरोध जताया है। मंगलवार को संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखिया कमल कुमार पासवान, नजमा खातून, अशोक कुमार यादव, रेणु कुमारी, जितेन्द्र सिंह, शारदा देवी, शाहनाज परवीन व नावाजिश खान सहित अन्य ने एसडीओ की अनुपस्थिति में उनके सहायक भीम राम को आवेदन देकर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायतों से सौंपी गई प्राथमिकता सूची से बीपीओ ने वास्तविक लाभुकों का नाम हटाकर गरीबों के साथ अन्याय किया है। इसमें प्रस्तावित नामों की प्राथमिकता सूची के क्रमांक के साथ बीपीओ ने हेराफेरी की है। उन्होंने एसडीओ से प्राथमिकता में सुधार कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### कन्या मध्य विद्यालय में विदायी सह सम्मान समारोह का आयोजन

## शिक्षक कन्हाई राम हुये सेवानिवृत,शिक्षकों ने दी विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम आज सेवानिवृत हो गये। सेवानिवृति के अवसर पर उनके सम्मान में विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता शिक्षक नीतीश कुमार व संचालन आशीष राणा ने किया। शिक्षकों ने कन्हाई राम के कार्यकाल की सराहना करते हुये कहा कि इन्होंने अनुसाशन व संस्कार पूर्ण शिक्षा बच्चों को दी है। कन्हाई राम ने कहा कि स्कूल के छात्राओं का हमेशा अपने बच्चों जैसा ख्याल रखा है। बच्चों ने भी मुझे पूरा सम्मान दिया है। समारोह में स्कूली बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को कुछ समय के लिये गमगीन कर दिया। मौके पर दयाशंकर बाजपेयी शिक्षिक अरविंद कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार, कमरुल हक, अनिता कुमारी, रविरंजन पाठक, कमरोज आलम, चंदन कुमार, बेबी देवी सहित कई शिक्षक-शिक्षिका व स्कूली छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त प्रवक्ता को दी गयी विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय शहीद भगत सिंह इन्टर महाविद्यालय में बुधवार को एक समारोह का आयोजन कर वाणिज्य संकाय के प्रवक्ता महेन्द्र कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिंह तथा संचालन अरविन्द कुमार सिंह ने किया। मौके पर वक्ताओं ने महाविद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में श्री सिंह द्वारा किये गये उल्लेखनीय पहल को याद किया। उन्हें बुके, फूलमाला,शॉल सहित उपहार देकर सम्मानित कर उनके सुखद एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर प्रवक्ता प्रेमनाथ, धनंजय कुमार सिंह, ममता सिंह, संजय कुमार सिंह, शंभू शरण सिन्हा, गंगा प्रसाद चौधरी, नागेन्द्र सिंह, प्रधान सहायक सह लेखापाल अरुण कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह, मो. मुकसीद, आमोद, अमित रंजन मिश्रा, आकाश कुमार सिंह, आशुतोष इन्दु शेखर उपस्थित थे।

## खेल

### फाइनल में चैनपुर को 2-1 से हराया, उमड़े खेलप्रेमी

# ऊंटारी प्रखंड की टीम ने कप पर जमाया कब्जा

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा (जरही टोला) स्थित आजनवन खेल मैदान में आयोजित वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में बुधवार को चैनपुर को 2-1 से परास्त कर ऊंटारी प्रखंड की टीम ने कप पर कब्जा जमाया। खेल के शुरूआती दौर में चैनपुर ने गोल कर बढ़त बना ली थी, किंतु उसके बाद लगातार दो गोल कर ऊंटारी की टीम ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार के सलाहकार रामाशीष यादव, जोगा मुखिया कमला देवी, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह विधानसभा प्रत्याशी सिराज खान, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुये उन्हें खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने





की नसीहत दी। श्री यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है। अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों के बीच ट्राफी का वितरण किया गया। मुखिया कमला देवी ने आजनवन खेल मैदान में आवश्यक सुविधायें बहाल करने का आश्वासन दिया। मौके पर शिक्षक विजय यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण पाल, मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहर बंजारी मुखिया अशोक सिंह, मुरमा खुर्द मुखिया रामबच्चन राम, सेवानिवृत्त कैप्टन सत्येन्द्र यादव, सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी, कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौधरी, भीम आर्मी गढ़वा जिला अध्यक्ष ललित राम, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।
शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें
कुड़ा, कचरा इधर-उधर न फेंके।
सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलायें।
हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करें।
मो. जावेद हुसैन नगर आयुक्त मेदिनीनगर।


## हाईड्रोफोबिया पीड़ित युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ललन भुइयां के हाईड्रोफोबिया पीड़ित पुत्र ददन कुमार की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। विदित हो कि यूपी के चंदौली जिले में मजदूरी करने गये ददन को वहीं पर पागल कुत्ते ने काट लिया था। एंटी रेबिज का इंजेक्शन नहीं लगवाने के कारण उसे हाईड्रोबिया का दौरा पड़ने लगा। साथी मजदूरों की सूचना पर परिजनों द्वारा उसे वहां से लाकर 27 जनवरी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

# सड़क दुर्घटना में व्यक्ति गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के निवासी सरजू राम के पुत्र अजय राम उम्र 30 वर्ष मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि अजय मंगलवार की शाम किसी काम से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर जा रहे थे। इस बीच रास्ते में लोईंगा गांव के पास वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## बजट से लोगों को उम्मीद

**मेदिनीनगर।** एक फरवरी को देश का आम बजट आने वाला है। पूरे देश की निगाहें इस बजट पर है। पलामू वासियों ने भी इस बजट से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं। बिल्डर रियाज अहमद खान ने कहा कि प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री में और सहूलियत मिलनी चाहिये। क्योंकि यह संबंधित क्षेत्र के विकास से संबंधित है। मशहूर शिक्षाविद् चंद्रभूषण सिन्हा ने कहा कि बजट में माध्यमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि यदि माध्यमिक शिक्षा मजबूत होगी तो उच्च शिक्षा में स्वतः सुधार हो जायेगा।

### 31 जनवरी 1929 को अस्तित्व में आया था रेलवे स्टेशन

# धूमधाम से मना रेलवे स्टेशन का स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन का 95वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि यह रेलवे स्टेशन आजादी से पहले का है। उन्होंने कहा कि भले ही डालटनगंज रेलवे स्टेशन 95 वर्ष का हो गया लेकिन आज भी यह स्टेशन दिन-रात तरक्की कर रहा है। यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रख रहा है। उन्होंने बताया कि



छोटानागपुर के तत्कालीन आयुक्त आयरलैंड के निवासी एडवर्ड ट्वीट डाल्टन के नाम पर स्टेशन का नाम डाल्टनगंज रखा गया था। झारखंड सरकार ने 2004 में एक अधिसूचना जारी कर शहर का नाम तो मेदिनीनगर कर दिया है, किंतु स्टेशन अभी भी डाल्टनगंज ही है। 95वें वर्षगांठ समारोह में स्थानीय सांसद व विधायक प्रतिनिधियों के साथ रेलवे के अधिकारियों ने केक काटकर खुशी का इजहार किया।

## एक नजर

### हेमंत सोरेन ने झारखंड को बदनाम कर दिया है : अमित तिवारी

**मेदिनीनगर।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने झारखंड की गठबंधन सरकार को ठगबंधन सरकार की संज्ञा देते हुए कहा है कि इस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने संवैधानिक पद की गरिमा को तार तार कर दिया है। उनके कृत्य से झारखंड देश में बदनाम हो रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि राज्य के खनन एवं जमीन लूट की जांच कर रही ईडी रांची से लेकर दिल्ली तक हेमंत सोरेन से पूछताछ करने के लिए उन्हें ढूंढ रही है और मुख्यमंत्री भागे फिरे चल रहे हैं, जो शर्मनाक है। हेमंत सोरेन में थोड़ी भी नैतिकता है तो तुरंत इस्तीफा दें और जांच एजेंसी ईडी के सवालों का सामना करें। श्री सोरेन के कार्यकलाप से तो लगता है कि राज्य में खनिज लूट खसोट एवं जमीन घोटाले के मास्टरमाइंड स्वयं वे ही हैं। इसलिए वह येन-केन प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं और ईडी से लुका छुपी का खेल खेल रहे हैं,जो उनके लिए ही आत्मघाती साबित होगा। ऐसा लगता भी है कि भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री के जेल जाने का समय नजदीक आ गया है।

### 35 बाइक का काटा गया चालान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार यातायात प्रभारी रामजीत सिंह एवं चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे के नेतृत्व में मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के छहमुहान, कचहरी चौक एवं शाहपुर कोयल नदी पुल पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में सैकड़ों दोपहिया वहां की जांच की गई जिसमें 35 दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पहने चलाते हुए पकड़े गए। सभी वहां को जब्त कर संबंधित थाना परिसर में लगाते हुए चालान काटकर डीटीओ कार्यालय भेज दिया गया है। चेकिंग अभियान चला रहे यातायात प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।जो यातायात के नियम के उलंघन करके हुए वाहन चलाते पकड़े जाएंगे इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

### रेडक्रॉस के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश के श्रीराम सेना ईकाई ने सोमवार को ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। चुनाव में विजयी उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता, संयोजक सुधीर कुमार अग्रवाल ,मुख्य परियोजना निदेशक गिरधारी गर्ग,कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह कार्यकारिणी सदस्य कमल कुमार जैन, आलोक माथुर,एवं रेडक्रॉस के सहायक नवनीत कुमार एवं गुड्डू कुमार को सम्मानित किया और शुभकमानाएं दी।

### किसानों का कर्ज माफ हो, खाद-बीज के साथ गांव तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

# सरकार के अंतरिम बजट से लगी है किसानों की आस







**सरकार को पंचायत स्तर पर किसानों के लिए सुविधा पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए**

**खेतों तक सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि जर्जर नहर की मरम्मत होनी चाहिए : संदीप**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था पूरी तरह कृषि पर आधारित है। गांव के 90 फीसदी लोगों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन खेती है, लेकिन पिछले दो वर्षो से लगातार सूखे की मार ने खेतीहर परिवारों की माली हालत खराब कर दी है। ऐसी स्थिति में गांव के किसानों की आस देश के अंतरिम बजट से लगी है। इस बाबत राष्ट्रीय नवीन मेल से बात करते हुए कई किसानों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में किसानों को सुविधा व कृषि के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है। लेकिन इसका समुचित लाभ गांव के किसानों तक नहीं पहुंच सका है। कई किसानों ने कहा कि वर्तमान बजट में सरकार को किसानों की सुविधा बढ़ाने के साथ साथ सिंचाई के साधनों के विकास एवं कृषि उपकरणों के साथ समय पर खाद व बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की व्यवस्था करनी चाहिये। इस बाबत दोकरा गांव के किसान दिनेश सिंह ने कहा कि सरकार को पंचायत स्तर पर किसानों के लिए सुविधा पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। हरिजन टोला दुलसुलमा के किसान रामजी भुईया ने कहा कि बजट में किसानों के लिए निःशुल्क खाद,बीज मुहैया कराने पर विशेष ध्यान होना चाहिए। संदीप कुमार सिंह ने खेतों तक सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि जर्जर नहर की मरम्मत होनी चाहिए। अदनिया के हुकुम सिंह ने कहा कि हर किसान को घर-घर पंप की व्यवस्था हो ऐसी व्यवस्था बजट में की जानी चाहिए। बसरिया कला के बालू सिंह ने कहा कि सूखा व अकाल का दंश झेलते किसानों की माली हालत बिगड़ गई है। किसान बैंक के कर्जे में डूबे हैं। सरकार को अलग से फंड की व्यवस्था कर सभी किसानों का एक बार पूरा कर्ज माफ करने की व्यवस्था करनी चाहिए।अक्षय सिंह ने कहा कि किसानों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था नीचले स्तर तक सरकार को करनी चाहिए चाहिए। योजनाओं की राशि किसानों के खाते में डायरेक्ट जाना चाहिए, ताकि बिचौलिया उसे खा न सके।

# विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन प्रखण्ड के प्रभारी बीपीआरओ सह पँचायत सेवक कामेश्वर महतो के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को प्रखण्ड सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में प्रखण्ड कर्मी परिवारों ने अंग वस्त्र, शाल, धार्मिक ग्रथं सहित अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया।तथा माला पहनाकर विदाई दिया। विदाई समारोह में बीडीओ अमित झा ने कहा की सेवाकाल में तबादला एवं सेवानिवृत्त होना लगा रहा रहता है। प्रभारी बीपीआरओ कामेश्वर महतो का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। हमेशा ईमानदारी एवं कर्तब्य निष्ठा के साथ कर्तब्यों का निर्वहन किया। सेवानिवृत्त के बाद जीवन की नई पारी की शुरूआत होती है। प्रखण्ड कर्मियों ने इनकी लम्बी उम्र की कामना करते हुये उज्वल भविष्य की कामना किया। पंचायत सेवक कामेश्वर महतो का नौकरी मे 24 वर्ष का सेवा काल सराहनीय रहा। इस विदाई समारोह में प्रमुख शोभा देवी ने कहा की पंचायत सेवक अपने कार्य से सेवानिवृत हुए हैं काम से नहीं। इस समारोह का संचालन मनरेगा सहायक धीरज कुमार सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित सीओ दीपक कुमार मिश्रा,विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह,मनरेगा बीपीवो निर्मलकांत ठाकुर अजित मिश्रा, कोऑर्डिनेटर रोजगार सेवक, बीएफटी सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# सहायक शिक्षक को एचएम का प्रभार दिलाने का प्रस्ताव पारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के अररुआ कला राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को एसएमसी तथा ग्रामीणों की बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष राजेश्वर पासवान और संचालन सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार सिंह ने की। बैठक में 31 जनवरी को विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति के पश्चात विद्यालय के सुयोग्य और कर्मठ सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार सिंह को प्रधानाध्यापक पद का प्रभार दिलाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस निर्णय का विद्यालय के वरीय शिक्षक अनंत प्रसाद, सहायक शिक्षक नवनीत कुमार पासवान और एसएमसी के सभी सदस्यों व ग्रामीणों ने समर्थन किया। साथ ही बैठक में पारित प्रस्ताव से स्थानीय बीआरसी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक व जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू को इसकी प्रतिलिपि सौंप कर अवगत कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सह निवर्तमान पंसस रामजी पासवान, एसएमसी सदस्य कर्मी देवी, अजय पासवान, महेंद्र पासवान, अंबुज सिंह, कपिल यादव सहित कई लोग मौजूद थें।

# पलामू में पूर्व प्रमुख के पति पर हमले के पांच आरोपी भेजे गये जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ प्रखंड की पूर्व प्रमुख गुड्डी देवी के पति संजय सिंह पर हमले के आरोप में पुलिस ने एक परिवार की महिला, उसके पति और तीन पुत्रों को बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में आदर गांव के मोहन सिंह (50), उसकी पत्नी देवकाली देवी (55), पुत्र कमलेश सिंह (35), अभिषेक सिंह (27) और प्रवीण सिंह (29) शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को चोरहट पंचायत के आदर गांव में पूर्व प्रमुख के पति संजय सिंह पर जानलेवा हमला किया गया था। हमले में संजय गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। मारपीट के बाद हमलावरों ने उनके दोनों हाथ और पैर बांधकर घर में बंद कर दिया था।



ग्रामीणों की सूचना पर रामगढ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थे और संजय सिंह को इलाज के लिए भिजवाया था। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने बताया कि पूर्व प्रमुख सह चोरहट की पंचायत समिति सदस्य गुड्डी देवी के पति संजय सिंह के साथ मारपीट करने के आरोप में पिता-पुत्र समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

# यातायात नियम अपनायेंगे सुरक्षित झारखंड बनायेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संत मरियम स्कूल के बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा पर क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में इशिका अग्रवाल और क्विज प्रतियोगिता में आयुष गुप्ता प्रथम स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को ट्रैफिक इंचार्ज रामजीत सिंह और परिवहन विभाग के विनीत सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच यातायात नियम अपनायेंगे, सुरक्षित झारखंड बनायेंगे का नारा दिया। छात्र-छात्राओं को खुद के साथ अपने परिजनों व आस-पड़ोस के लोगों को भी सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया।




# विचाराधीन और सजा प्राप्त किशोर की पहचान करने की पहल शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू की ओर से 26 जनवरी से 27 फरवरी तक पलामू केंद्रीय कारा में बंद विचाराधीन और सजा प्राप्त किशोर की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता प्रदान करने के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया गया है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य



वर्तमान में जेल में बंद लोगो की पहचान करना है जो अपराध के समय मे शामिल थे। किशोरों का दावा करने के लिए आवश्यक आवेदन करने के लिए उनकी सहायता करने के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से जुड़े अधिवक्ता काम कर रहे हैं। एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जेल में बंद सभी लोग जो अपराध के समय किशोर थे। किशोर होने से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सके हैं, वैसे बंदी भी प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं, ताकि राहत दिया जा सके।

# प्रशांत पांडे बने कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के नई टीम का लिस्ट जारी किया गया है। जिसमें गजेंद्र सिंह को अध्यक्ष नियुक्त गया है, वहीं तीन लोगों को प्रदेश संयोजक बनाया गया है। जिसमें पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर विधानसभा के नावा बाजार प्रखंड के बसना गांव के रहने वाले समाजसेवी सह युवा नेता प्रशांत पांडे को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। नलिन मिश्रा एवं संजय कुमार भी प्रदेश संयोजक बनाये गये हैं। इसके अलावा 12 लोगों को प्रदेश का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव पूर्णिमा पाण्डेय ने सोशल मीडिया की नयी टीम के सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## जागरुकता

### हुसैनाबाद पहुंचा ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ

# जीएसटी के सापेक्ष व्यवसायियों को दिया जाये पेंशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच द्वारा 11 फरवरी को आयोजित

**जीएसटी के सापेक्ष 50 वर्ष आयु पूर्ण करने के बाद व्यापारियों के लिये पेंशन का प्रबंध किया जाना जरूरी है : ब्रह्मदेव प्रसाद**



**11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में आयोजित महासम्मेलन में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया**

ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाला गया रथ बुधवार को हुसैनाबाद पहुंचा। रूद्रा होटल में आयोजित वार्ता के दौरान मंच के पलामू प्रमंडल के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि व्यवसायिक वर्ग सरकार को भारी मात्रा में जीएसटी /इनकम टैक्स अदा करता है। इसके बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण ना तो व्यापारियों की सुरक्षा हो पा रही है और ना ही उनके भविष्य ही सुरक्षित हो रहा है। ऐसे में जीएसटी के सापेक्ष 50 वर्ष आयु पूर्ण करने के बाद व्यापारियों के लिये पेंशन का प्रबंध किया जाना जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों को 11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में आयोजित महासम्मेलन में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। मौके पर युगल पाल, अजय वर्मा, गोरखनाथ चौधरी ,अशर्फी चंद्रवंशी, बृजनंदन मेहता, विरेंद्र चंद्रवंशी, राजनारायण पटेल, सुभाष कुमार , प्रणव कुमार, अमित गुप्ता, अजय प्रसाद, संतोष गुप्ता उपस्थित थे।

## झामुमो ने निकाला मशाल जुलूस



मेदिनीनगर। ईडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार शाम को मशाल जुलूस निकाला। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकले जुलूस में केंद्रीय सदस्य संजीव कुमार, वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह ,राकेश सिन्हा, व्यवसाय मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सनी शुक्ला, महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीलू मिश्रा, शाहनवाज, पिछड़ा मोर्चा के ललन चौधरी,व्यवसाय मोर्चा के उपाध्यक्ष जिम्मी, राहुल मौजूद थे।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### भाजपा नेता के पिता के निधन पर जताया शोक

**गढ़वा।** प्रखंड के करुआकला गांव निवासी भाजपा नेता पूर्व बीडीसी सदस्य धनंजय तिवारी के पिता के निधन की सूचना पाकर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, विजय चौबे, चंद्रमणि धर दुबे, चंदन जायसवाल, सीधी उपाध्याय, लक्ष्मण उपाध्याय, रंगनाथ पांडेय, शिवनारायण चंद्रा, राम सरीख चंद्रा, पुष्प रंजन, रोशन धर दुबे, शैलेश चौबे, नरेंद्र तिवारी , विनोद तिवारी, सहित अन्य गढ़वा जिला के वरिष्ठ नेता गण, समाजसेवी गण एवं अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### शिक्षक सह आदेशपाल को दी गई विदाई

**रमना।** बालिका उच्च विद्यालय रमना के प्रभारी प्रधानाध्यापक चतुर्गुण महतो एवं आदेशपाल सह रात्रि प्रहरी रामजी राम 31 जनवरी को सेवा निवृत हो गए। इसकी जानकारी विद्यालय के सचिव सह पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने दी। विदित हो कि जैक बोर्ड द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त किंतु गैर अनुदानित विद्यालय है, जहां सैकड़ों छात्राएं अध्ययनरत हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षक प्रतिनिधि धर्मदेव उरांव के नेतृत्व में सेवा निवृत कर्मियों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। मौके पर सहायक प्रभारी वृंदा कुमारी, पूर्व प्रभारी विनोद कुमार पांडेय, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता, मोतीचंद राम, चम्पा देवी आदि उपस्थित थे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट 11 से

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ गांव में रॉक स्टार क्लब के द्वारा 11 फरवरी से 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को 5001 रुपये और ट्राफी और उप विजेता टीम को 3001 रुपये और ट्राफी दी जायेगी। सफल आयोजन के लिए भोला सिंह को अध्यक्ष, चंदन राज को उपाध्यक्ष, अवधेश बैठा को सचिव, मुन्ना को उपसचिव, अंगद विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, और रविंद्र सोनी को संरक्षक बनाया गया है। वहीं शिवशंकर, रवि, गुड्डू रजक, रवि बैठा, लाल बिहारी बैठा को सदस्य बनाया गया है।

### गांव चलो अभियान को लेकर की गई बैठक

**भंडरिया।** भंडरिया मंडल के स्थानीय सांसद प्रतिनिधी कार्यालय में मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान को लेकर की गई। नवनिर्वाचित गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो का सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधी रूप निरंजन सिन्हा, महामंत्री विनय कुमार, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भूषण सिंह, बड़गढ़ मंडल अध्यक्ष बजरंग गुप्ता, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रूपेश कुमार बैठा, प्रेम ठाकुर, मनोज कुशवाहा, सत्यनारायण गुप्ता, श्रवण ठाकुर, दिलीप तमोली, अनु केशरी उपस्थित थे।

### डाक मेला आज

**केतार।** केतार बाजार में गुरुवार को डाक मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए केतार डाक घर के पोस्टमास्टर विश्वनाथ प्रसाद ने बताया की डाक मेला में ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पीएम किसान योजना का खाता अपडेट, डाक खाता, आधार कार्ड सुधार और नवीनीकरण किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड के लोगों को इस डाक मेला में आकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने और लाभ उठाने की अपील की है।

# खपरैल मकान में लगी आग, सबकुछ हुआ राख

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत के शिवनगर टोला निवासी रामबहल अगरिया के खपरैल मकान में बुधवार की दोपहर आग लगने से घर जलकर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में पीड़ित के घर में रखा हुआ अनाज व कपड़ा पूरी तरह जल गया। घर से अचानक आग की लपटे उठता हुआ देख आस पास के ग्रामीण जमुना सिंह, बबन बैठा, जोखन यादव, अशोक यादव, उपेंद्र यादव, आशीष यादव सहित कई ग्रामीणों ने आग बुझाई। परिजनों ने बताया की आग कैसे लगी हमें भी पता नहीं है, इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक को दी है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय घटना स्थल पहुंच कर परिजनों से बात की। मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि जो क्षति हुई है उसे सरकार से दिलाने का प्रयास करेंगे।



# धुरकी-बेलासपुर मुख्य पथ पर ट्रैक्टर के पलटने के कारण ड्राइवर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
थाना क्षेत्र के रक्सी पंचायत अंतर्गत धुरकी-बेलासपुर मुख्य पथ स्थित कबीसवा में मंगलवार की मध्यरात्रि में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई है। ट्रैक्टर दुर्घटना के संबंध थाना प्रभारी संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की रात्रि में घघरी गांव निवासी लव जायसवाल का खाली ट्रैक्टर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान कबीसवा में मुख्य पथ पर रात्रि में ट्रैक्टर का चालक तीव्र गति से चलने के क्रम में असंतुलित होकर पलट गया। इसमें शुरू गांव निवासी ट्रैक्टर का चालक अजीत कोरवा गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।




# खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चार शिक्षक सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित चार शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसरी के प्रधानाध्यापक राघवेंद्र कुमार बिहारी, मध्य विद्यालय अमरोरा के शिक्षक यशवंत प्रसाद, नव प्राथमिक विद्यालय नावाडीह अरंगी के सहायक अध्यापक मोती सिंह, मध्य विद्यालय खरौंधी के सहायक अध्यापक मुसन पासवान की विदाई गई। नव प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के शिक्षक मोती सिंह प्रखंडस्तरीय एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।

वहीं पर मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार द्विवेदी, विनय कुमार सिंह एवं अंजनी कुमार द्विवेदी एवं शिक्षकों के सहयोग से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निमार्ता की उपाधि दी गई है। हम सिंह से आग्रह करेंगे की वे सेवानिवृत्ति के बाद भी छात्र-छात्राओं को शिक्षा दान करते रहेंगे। शिक्षक विनोद कुमार राम ने विदाई गीत के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस विद्यालय में भवन की कमी है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसरी में प्रधानाध्यापक राघवेंद्र कुमार बिहारी के सेवानिवृत्त के उपरांत विदाई समारोह में बच्चों एवं शिक्षकों ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मान विदाई दी गई। स्कूली बच्चों ने केक काटकर एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर विदाई दी। मध्य विद्यालय अमरोरा में सहायक शिक्षक यशवंत प्रसाद के विदाई समारोह में वरीय शिक्षक राजीव कुमार द्विवेदी ने कहा की शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है। मध्य विद्यालय खरौंधी में शिक्षक मुसन पासवान के सेवानिवृत्त पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। वहीं शिक्षक मृत्युंजय दुबे ने कहा कि शिक्षक समाज सुधारक होते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक राघवेंद्र कुमार बिहारी, यशवंत प्रसाद, मोती सिंह, मुसन पासवान ने विद्यालय परिवार व स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षक, छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने जो सम्मान दिया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अतिथियों व विभिन्न शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षको को पुष्प गुच्छ, शॉल, बैग, डायरी, पेन आदि भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक विनय सिंह, इंदल पासवान, गोविंद उरांव, रूपेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार गुप्ता, नारद राम, पंकज कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, अनुज ठाकुर, धनंजय पाठक, उमेश कुमार दुबे, शिवपूजन यादव, संजय राम, मिथलेश पाल, भक्तविष्णु धर, मुकेश कुमार सिंह, उदय प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, रामप्रवेश, मुनेश्वर राम, ब्रजेश कुमार द्विवेदी, मुन्ना द्विवेदी, उदय मेहता, अजित कुमार, पंकज कुमार, विष्णुदेव गुप्ता आदि उपस्थित थे।









# सर्वजन पेंशन को लाभुकों की उम्र सीमा में परिवर्तन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा सर्वजन पेंशन के लिए लाभुकों की उम्र सीमा में परिवर्तन किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सभी वर्ग की महिलाओं की उम्र पेंशन पाने के लिए 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है। साथ ही एसटी तथा एससी वर्ग के पुरुष के उम्र में भी संशोधन किया गया है। संशोधन के बाद एसटी तथा एससी वर्ग के पुरुष की उम्र सीमा 60 वर्ष से घटकर 50 वर्ष कर दी गई है, लेकिन 50 वर्ष से 59 वर्ष आयु वाले लोगों को पेंशन का लाभ लेने के लिए अंचल द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। बीडीओ महतो ने बताया कि सर्वजन पेंशन का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र के साथ दो फोटो, बैंक अकाउंट, आधार कार्ड तथा मतदाता पहचान पत्र संलग्न करना होगा। 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र सीमा वाले लोगों को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सप्ताह में मंगलवार तथा शनिवार को प्रखंड कार्यालय आकर सर्वजन पेंशन के लिए आवेदन स्वयं जमा करना होगा। बृहस्पतिवार को पंचायत दिवस के अवसर पर आवेदन की समीक्षा कर लाभुकों का चयन किया जाएगा। शारीरिक रूप से समर्थ लोगों के घर जाकर जांच के बाद उन्हें पेंशन की स्वीकृति प्रदान की जाएगी ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।



# लकवा मारने से 35 वर्षीय युवक का हुआ निधन, शोक

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड अंतर्गत सुंडी पंचायत के ग्राम हरियरी टोला परसवान निवासी विरेंद्र चौधरी (35) पिता स्वर्गीय रामध्यान चौधरी का बुधवार शुबह 7 बजे लकवा मारने से आकस्मिक निधन हो गया। विरेंद्र चौधरी के आकास्मिक निधन से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। विरेंद्र को एक भी संतान नहीं थी। संतान की इच्छा से उसने दो शादियां की थी। वह अपने पीछे दो पत्नियों को छोड़ गया है। जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने बीरेंद्र चौधरी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। परिजनों को हरसंभव मदद करने का काम करेंगे।

# सेवानिवृत्ति पर गाजे-बाजे संग प्रधानाचार्य को विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
राज्यकीय मध्य विद्यालय गम्हरिया के प्रधानाचार्य उमेश प्रसाद कर्ण के सेवानिवृत्ति के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने कार्यक्रम आयोजित कर उमेश प्रसाद कर्ण को सम्मानित किया। प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि आज एक शालीन, मिलनसार और गुणवान शिक्षक विद्यालयी कार्यों से सेवानिवृत हो रहे हैं, लेकिन समाज के कार्यों से नहीं। उमेश प्रसाद कर्ण अब समाज को शिक्षित करने का दायित्व निभाएंगे। उमेश प्रसाद कर्ण ने कहा कि सेवा काल का सर्वाधिक समय रमना प्रखंड के विद्यालयों में गुजरा है। सहयोगी शिक्षकों, अधिकारी और पदाधिकारियों का भरपुर सहयोग मिला है। प्रखंड वासियों के प्राप्त स्नेह और प्यार कभी भुलाया नहीं जा सकता है। राजयकीय मवि रमना के शिक्षिका और प्रधानाचार्य निलम रानी भी सेवानिवृत हुए। संबंधित विद्यालयों में शिक्षक और छात्रों के द्वारा सभी को सम्मानित करते हुए विदा किया गया। मौके पर शिक्षक रामचंद्र सिंह, फुलेद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार, नीरज पाठक, अनील कुमार, अजीत सोनी, पवन सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमरेद्र प्रजापति, संजय कुमार आदि उपस्थित थे। उमेश प्रसाद कर्ण की सेवानिवृत्ति के अवसर पर डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस करीब पांच किलोमिटर की यात्रा करते हुए रमना पहुंचा। शिक्षक उमेश प्रसाद खुली कार में लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। छात्र डीजे की धुन पर थिरक रहे थे।

### 'धूमधाम से मनाया गया कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह'

**श्री बंशीधर नगर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह विगत 24 जनवरी को झारखंड के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया। उक्त आशय की जानकारी पूर्वमंत्री सह डॉ लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के पांच स्थानों पर जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया जिसमें रांची में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाई संघ के रामवृक्ष ठाकुर ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, खीरु महतो, विधायक नवीन जायसवाल, गौतम सागर राणा, अवधेश ठाकुर, गौरी यादव थे। दुमका में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा तथा समाजवादी नेता रंजीत जायसवाल, खरौंधी में प्रतिमा स्थल पर जननायक कर्पूरी ठाकुर लोक चेतना मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्णा विश्वकर्मा, उद्घाटनकर्ता सीताराम जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मथुरा पासवान, सलीम अंसारी मौजूद थे।

# आरक्षी चालक का स्थानांतरण रुकवाने के लिए एसपी के पास पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी थाना के चालक आरक्षी संजीव दुबे का स्थानांतरण को रोकवाने के लिए जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान के साथ 200 ग्रामीण गढ़वा एसपी के पास पहुंचे। संजीव दुबे विगत दो वर्षों से खरौंधी थाना परिसर के आसपास क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करते थे, जिससे अमरोरा, भूईयां टोला, ढुलुआसोती, सरहिया के लगभग 250-300 विद्यार्थी लाभान्वित होते थे। संजीव दूबे के द्वारा निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने से गरीब बच्चों के बौद्धिक विकास में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। ग्रामीण गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिए जाने पर काफी खुश थे, परंतु चालक आरक्षी का स्थानांतरण की खबर सुनने के बाद गरीब बच्चे एवं उनके अभिभावक काफी मायूस हो गए। चालक आरक्षी का स्थानांतरण को रोकवाने के लिए दो बस बुक करा कर बुधवार को गढ़वा एसपी से आग्रह करने के लिए लगभग दो सौ ग्रामीण गढ़वा समाहरणालय पहुंच गए। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान के नेतृत्व मे गढ़वा एसपी से ग्रामीणों की बात हुई। बातचीत के बाद धर्मराज पासवान ने बताया कि गरीब बच्चों के भविष्य को देखते हुए हम लोगों ने संजीव दुबे का स्थानांतरण रोकने का आग्रह एसपी से किया। एसपी ने मैट्रिक बोर्ड तक संजीव दुबे का वहीं रोकने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा भविष्य में उनका कार्यकाल आगे तक बढ़ाने की भी बात कही है। मौके पर राजेंद्र प्रसाद यादव, विश्वामित्र यादव, विनोद राम, लाल कुमार यादव, सोनी पासवान, सत्यनारायण यादव, वीरेंद्र प्रसाद यादव, केदार यादव, रामेश्वर यादव, मदन यादव, करीमन राम, लखन भूईयां, गिरधर भूईयां, नरेश सिंह, अजय सिंह सहित दर्शनों ग्रामीण उपस्थित थे।



### डिग्री मवि महासंघ के पदाधिकारियों ने की बंशीधर मंदिर में पूजा

**श्री बंशीधर नगर।** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय से संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर में पूजा की। महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि इस मंदिर में आकर काफी सुकून मिलता है। महासंघ के महासचिव बंशीधर सिंह ने कहा कि बराबर श्री बंशीधर मंदिर का नाम सुनते रहा हूं, पर कभी यहां आकर भगवान श्री कृष्ण व माता राधिका का दर्शन करने का सौभाग्य नहीं मिला था। आज भगवान श्री कृष्ण की कृपा से यहां आकर दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर तो एक से बढ़कर एक देखा है पर भगवान श्री कृष्ण की इस तरह की आदमकद प्रतिमा का दर्शन पहली बार करने का अवसर मिला है। मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा अद्वितीय है। इस तरह की प्रतिमा इससे पहले कहीं नहीं देखा। यहां आकर मन को काफी शांति मिली। कोषाध्यक्ष आलोक कुमार पाठक ने कहा कि मंदिर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के जैसा किसी मंदिर में भगवान की प्रतिमा नहीं देखा।

**सख्ती** विद्यालय निरीक्षण में प्रधानाध्यापिका व बीपीएम को लगाई फटकार

# बीडीओ ने अबुआ आवास के लाभुकों का किया सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने बुधवार को बलिगढ़ पंचायत के विभिन्न गांवों में अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुकों के चयन को लेकर भौतिक सत्यापन किया। इस क्रम में उन्होंने बलिगढ़, दासीपुर, खोनहर और चेचरीया गांव में जाकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए आवेदन देने वाले लाभुकों के घर- घर जाकर योग्य लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया ताकि योग्य लाभुकों को ही अबुआ आवास योजना का लाभ मिल सके। इसके पश्चात बीडीओ ने मध्य विद्यालय बलिगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के बच्चे ग्राउंड में खेलते मिले। बीडीओ ने आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं से हिंदी किताब पढ़वाई, लेकिन छात्र-छात्रा किताब नहीं पढ़ सके। इस पर बीडीओ ने

**प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय बलिगढ़ में आठवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं से हिंदी किताब पढ़वाई, लेकिन वे नहीं पढ़ सके**

नाराज होकर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जागृति कुमारी और बीपीएम रवि कुमार बैद् को कड़ी फटकार लगाई। बीडीओ ने कहा कि आठवीं कक्षा के छात्र हिंदी किताब नहीं पढ़ सके, शर्मनाक है। उन्होंने प्रधानाध्यापिका और शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की हिदायत दी, जबकि बीपीएम को निरंतर विद्यालय का विजिट करने का निर्देश दिया। वहीं शिक्षकों को विद्यालय परिसर की सफाई की भी नसीहत दी। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, अनुप कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।





# सामूहिक विवाह समारोह पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरपुर**
आगामी 28 फरवरी को टाउनशिप में आयोजित होने वाले 51 बहनों के सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने को लेकर हरिहरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह के आवास पर की गई। मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी की अध्यक्षता में भाजपाइयों ने शादी समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए विचार विमर्श किया। ज्ञात हो कि भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने पिछले कई वर्षों से आयोजित विवाह समारोह में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से अब तक करीब पौने तीन सौ बहनों की शादी करा चुके हैं। जबकि कुल एक हजार एक बहनों की शादी कराने का उनका संकल्प है। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को बताया कि भानु प्रताप शाही के संकल्प के अनुसार अपने विधानसभा क्षेत्र की वैसी बहनें जो दिव्यांग हैं या उनके माता-पिता नहीं हैं या वैसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, वैसी बहनों की पूरे धूम धाम से भानु प्रताप शाही पिता बनकर कन्यादान व भाई बनकर उनकी शादी सम्पन्न कराएंगे। उसके अलावा श्रीशाही बहनों को शादी के जोड़े से लेकर उपहार में कई जरूरत की सामग्री प्रदान करेंगे। इस नेक कार्य में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता बढ़ाने को लेकर गांव टोले के हर व्यक्ति से अन्न-धन संग्रह किया जाएगा। इसके लिए आह्वाहन कर विधायक ने लोगों से बढ़- चढ़ कर सहयोग करने की अपील किया है। साथ ही एक हजार एक बहनों की शादी कराने तक उपस्थित भाजपाइयों से एक स्वर में पूरे उल्लास के साथ संकल्प लिया।



## एक नजर

### झारखंडी खतियान संघर्ष समिति व छात्र संगठन ने मुख्यमंत्री हेमंत का फूंका पुतला



**गिद्धौर।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर झारखंडी खतियान संघर्ष समिति व छात्र संगठन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक पर आयोजित किया गया था। साथ ही मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया गया। इस क्रम में छात्र संगठन के सदस्यों ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले को सीबीआई से जांच करने की मांग करते हुए हेमंत सोरेन होश में आओ, मामले की सीबीआई जांच करो, जेएसएससी चोर है, सरकार सीट बेचना बंद करो आदि नारे लगाए। पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से करने के साथ दोषी लोगों को हवालात में डालने की भी सभी मांग कर रहे थे। छात्रों ने कहा कि सरकार ने पूर्व में कहा था की कोई भी यदि पेपर लीक करेगा तो उम्र कैद की सजा व 10 करोड़ रुपए जुमार्ना लगेगी। सरकार मामले में संज्ञाण नही लेती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### 30 जरूरतमंदों को मिली ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृति

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड की विभिन्न गांव के 30 जरूरतमंदों की पेंशन की स्वीकृति ऑन द स्पॉट दिया गया। पेंशन की स्वीकृति प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने दिया। बताया गया कि 30 जरूरतमंद पेंशनधारियों में वृद्ध, दिव्यांग व विधवा लाभुक शामिल हैं।

### विश्वकर्मा फर्नीचर में सभी तरह के सामान कम दामों में उपलब्ध

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के मैन रोड में विश्वकर्मा फनिचर दुकान मिलन चौक में संचालित है। यहां सभी तरह के फर्नीचर सामान उपलब्ध हैं एवं किफायती दामों में सामानों की बिक्री की जाती है। संचालक संदिप राणा ने बताया कि फनिचर में पलंग, सोफा, कुर्सी टेबल, गोदरेज व अन्य सभी फर्नीचर के समान उपलब्ध है। होलसेल रेट में विवाह के लिए 5 साल की गारंटी के साथ दी जाती है।

### किसानों को प्राकृतिक खेती का दिया प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में प्राकृतिक खेती विषय पर आत्मा चतरा के तत्वाधान में बुधवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक विनोद कुमार पांडेय ने रासायनिक खाद छोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि रासायनिक खाद अधिक प्रयोग करने से उपजाऊ भूमि भी बंजर बन जाती है। रासायनिक खाद द्वारा उपजाई गई अनाज स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। वहीं दूसरी ओर किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कृषि पर आधारित संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जबकि किसानों को समय-समय पर मिट्टी की जांच करने की भी सलाह दी गई। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, बीटीएम, एटीएम सहित कई किसान उपस्थित थे।

### वार्ड सदस्यों का आरोप, मुखिया स्वयं कार्य न कर दलालों से करवा रहीं

# दलालों के जाल में फंसी मनिका प्रखंड की बरवैया कला पंचायत

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

मनिका प्रखंड अंतर्गत बरवैया कला पंचायत मुखिया निर्वाचित होने के सालों बाद सभी वार्ड सदस्य ये आरोप लगा रहे हैं कि मुखिया स्वयं कार्य न कर दलाल दीपक प्रसाद एवं मंटू प्रसाद के द्वारा 15वें वित्त और मनरेगा का कार्य किया जा रहा है। यहां तक कि मुखिया के डोंगल तक दीपक प्रसाद स्वयं लेकर पेमेंट करते हैं। मुखिया को सिर्फ और सिर्फ मीटिंग के कार्य में उन्हें लेकर ले जाया जाता था। वर्तमान में एक सप्ताह पूर्व बरवैया कला पंचायत में लगभग 150 टीसीवी एंट्री हुआ था, जिसका विरोध पंचायत सेवक अर्जुन लकड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि मुखिया के दलाल दीपक प्रसाद के द्वारा मेरे ऊपर काफी दबाव बनाया जा रहा था कि मेरा टीसीबी योजना ज्यादा से ज्यादा स्वीकृत किया जाए, फिर भी दीपक प्रसाद का कुल 17 टीसीबी योजना स्वीकृत किया गया था जिसका हमने विरोध किया है।



**क्या कहते हैं उप मुखिया :** उप मुखिया आनंद कुमार पासवान ने बताया कि पंचायत सेवक के ऊपर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। अगर कोई विकास कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है तो वह है मुखिया पिंकी देवी के दलाल दीपक प्रसाद।

**क्या कहते हैं वार्ड सदस्य :** चंदन प्रसाद ने कहा कि विकास कार्य में अगर बाधा कोई उत्पन्न कर रहा है तो उसका नाम है दीपक प्रसाद। अर्जुन लकड़ा निर्दोष व ईमानदार पंचायत सेवक हैं, उनसे पंचायत के लोग पूर्ण रूप से संतुष्ट हैं।

**क्या कहते हैं पंचायत सचिव :** सीमा रानी कुजूर ने कहा कि अर्जुन लकड़ा के साथ व्यक्तिगत रिश्ते बहुत अच्छे हैं। उन्होंने मेरा हर कार्य में सहयोग किया है। उन्होंने कोई भी कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं किया है, उनके ऊपर लगाया गया यह आरोप गलत है। वहीं वार्ड सदस्य राधा देवी ने पंचायत सचिव सीमा रानी कुजूर पर आरोप लगाते हुए कहा कि अबुआ आवास जांच में बहुत सारे गरीब लोगों को योग्य सूची में होना चाहिए था जिनका नाम आयोग्य सूची में डाल दिया गया है। वैसे लोगों को योग्य सूची में रह गया है जो लोग आर्थिक रूप से काफी मजबूत है। उपस्थित वार्ड सदस्यों में चंदन प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में जब भी कोई ग्राम सभा हो या आमसभा हो जिसकी सूचना किसी भी वार्ड सदस्य को नहीं दिया जाता है कोई भी योजना स्वीकृत किया जाता है, तो मनमानी तरीके से मुखिया के दलाल करते हैं। किसी भी वार्ड सदस्य को इसकी जानकारी नहीं होती है। मुखिया पति दिनेश उरांव ने कहा कि योजना एंट्री के दौरान अर्जुन लकड़ा अपने तरफ से 30 योजना एंट्री करने को कह रहे थे, जिसका विरोध किया था। हमारा पंचायत में पंचायत सेवक के रूप में सीमा रानी कुजूर को चिट्ठी बीडीओ ने जारी किया गया था।

# गिद्धौर थाना क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत

### ग्रामीणों ने क्लीनिक पर जड़ा ताला, मृत गर्भवती महिला की सांसद ने की थी गोद भराई की रस्म

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारियातु गांव निवासी सुनील कुमार राम की गर्भवती पत्नी अंजू देवी 25 वर्ष व नवजात की मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से हो गई। वहीं जच्चा-बच्चा की मौत के पश्चात उग्र ग्रामीणों ने गंगापुर मुख्य चौक पर बुधवार को झोलाछाप डॉक्टर की संचालित क्लीनिक का घोरा कर ताला जड़ दिया। इससे पूर्व महिला की मौत की सूचना मिलते ही चिकित्सक क्लीनिक में ताला लगाकर फरार हो गया था।

बताते चलें कि 4 जनवरी को बारियातु में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान अंजू देवी की गोद भराई की रस्म सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा की गई थी। बताया जाता है कि डॉ. शिवनारायण साव नामक व्यक्ति गंगापुर मुख्य चौक पर निजी क्लीनिक चलता है। गर्भवती मृतका को 16 जनवरी को चिकित्सक द्वारा किसी बीमारी की दवा दी गई थी। इसके पश्चात महिला की तबीयत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही थी, जिसकी जानकारी परिजनों ने डाक्टर को दिया, तो आनन-फानन में 24 जनवरी को चिकित्सक स्वयं गर्भवती महिला को हजारीबाग के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कर दिया। हालात बिगड़ते देख परिजन जच्चा-बच्चा को रांची रिम्स बेहतर इलाज के लिए ले गए, जहां दोनो की मौत बीते देर रात हो गई। बुधवार को मृतिका का शव लेकर परिजनों संग ग्रामीणों ने गांगपुर पहुंचकर जमकर विरोध किया। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने मामले को समझौता कर अंत में रफा दफा कर दिया। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने कहा कि महिला की मृत्यु की खबर लगी थी, परंतु परिजनों ने इसकी कोई शिकायत व जानकारी नहीं दी है।



# शिक्षक युगेश्वर प्रसाद हुए रिटायर्ड, दी भावपूर्ण विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)**

पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नावाडीह में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश्वर प्रसाद को विदाई दी गई। मौके पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, पूर्व प्रमुख धनुषधारी राम दांगी, मुखिया कंचन देवी, विद्यालय अध्यक्ष रामचन्द्र दांगी, एचएम मीना कुमारी, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष तीर्थनाथ दांगी आदि ने प्रसाद को बुके व शॉल भेंट कर भावर्पूण विदाई दी। वहीं अन्य शिक्षकों ने भी उन्हें अंगवस्त्र व अन्य उपहार भेंट किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व शिक्षकों ने श्री प्रसाद के कुशल व्यवहार व कार्यों के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। ज्ञात हो कि प्रसाद इस विद्यालय में 18 वर्षों तक इस अपना योगदान दिया और 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। मौके पर शिक्षक राजेश कुमार, उप मुखिया पार्वती कुमारी, शिक्षक गोविंद कुशवाहा, हरी नारायण मिश्रा, उदय नाथ पाठक बोधन कुमार, सेवालि दांगी, श्वेता कुजूर, कुसुम कुमारी, किरण कुमारी, सुब्रत पात्रा, सेवानिवृत शिक्षक अजीत सिंह, मनोज प्रसाद, पारस पासवान, संजीव कुमार सिंह, सोमनाथ महतो, मदन प्रसाद ठाकुर, रघुवीर दांगी मौजूद थे।

# सरकारी शिक्षा हुई बदहाल, प्लस 2 स्कूलों में संसाधन का घोर अभाव

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

शिक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए बेशक काफी प्रयास हो रहे हैं। स्कूलों में गुणवत्ता शिक्षा पर जोर देते हुए बच्चों की उपस्थिति को अनिवार्य किया जा रहा है। शिक्षकों के अटेंडेंस पर नजर रखी जा रही है और इस आधार पर स्कूलों को ग्रेडिंग भी दी जा रही है। लेकिन जिम्मेवार शिक्षा में कम और एमडीएम तथा भवन के निपाई-पुताई में अधिक रूचि ले रहे हैं। वे जितना पढ़ाई पर नहीं ध्यान देते उससे कहीं अधिक उनकी नजर विद्यालयों में चलने वाली सरकारी योजनाओं पर रहती है। इसके लिए शिक्षकों पर नजर रखने वाले सरकारी हुक्मरान भी कम दोषी नहीं है। कुल मिलाकर कहा जाये तो आज सरकारी शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है और उसकी साख पर सवाल उठने लगे हैं। मयूरहंड प्रखंड के प्लस 2 विद्यालयों में संसाधन की घोर कर्मी है। एक भी शिक्षक नहीं होने से छात्रों का कोर्स पूरा नहीं हो पाता। दूसरी तरफ इन सबसे अलग गुणवत्ता के दिखावे पर निजी शिक्षा का कारोबार फलफूल रहा है। निश्चित तौर पर सरकारी से बेहतर सुविधाएं व शिक्षा का माहौल भी वहां लोगों को मिल रहा है। तभी तो सरकारी हुक्मरानों के बच्चों को भी निजी स्कूलों में ही शिक्षा ग्रहण करते हुए पाया जाता है। सबसे अहम कि वहां दो हजार पाने वाले शिक्षक बच्चों को जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हैं। जबकी सरकारी स्कूलों के तीस से चालीस हजार पाने वाले शिक्षक नहीं दे पा रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों का सामंजन सही तरीके से नहीं होने की है। स्थिति यह है कि किसी स्कूल में एक ही शिक्षक हैं तो कहीं छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या काफी अधिक है। इसमें जरूरत है सही सामंजन की।



प्रतीकात्मक तस्वीर

### स्कूलों में पढ़ाई कम राजनीति ज्यादा

सरकारी शिक्षा में गिरावट के लिए शिक्षकों की राजनीति भी कम दोषी नहीं है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आजकल सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कम और राजनीति ज्यादा हो रही है। चौदह गुटों में बंटे शिक्षकों में कभी कोई आंदोलन कर रहा है तो कभी कोई। स्थिति यह हो रही है कि वे अपने कर्तव्य से विमुख हो जा रहे हैं। जिससे शिक्षा प्रभावित हो रही है।

# जिंदगी चुनें, तंबाकू नहीं, हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत व स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख व प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान एनटीसीपी के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार ने तंबाकू से होने वाले कई गंभीर बीमारी की जानकारी देते हुए तंबाकू व मादक पदार्थ के सेवन से होने वाली हानि की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के युवा पीढ़ी में तंबाकू सेवन के साथ मादक पदार्थ सेवा की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जिससे समय रहते इसे रोकने की जरूरत है। अन्यथा आने वाले दिन में इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। बीडीओ ने तंबाकू व मादक पदार्थ सेवन रोकने को लेकर गांव-गांव स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम के पश्चात तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ. अंजली भगत, डॉ. प्रभात कुमार सुमन, उप प्रमुख, टीटीसीपी के सलाहकार रश्मि दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## गांव चलो अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

**मयूरहंड़(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में बुधवार को भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिले के नव नियुक्त पार्टी जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवंगत बिक्रम कुमार सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ने उपस्थित भाजपा नेताओं व कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर भाजपा के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने के साथ योजनाओं की जानकारी देने व मतदान के दौरान मत की संख्या बढ़ाने के लिये प्रेरित करने की बात कही। मौके पर सुजित भारती, अनिल कुमार सिंह, महेंद्र नायक, रणधीर सिंह, मनोज कुमार सिंह, गरजु सिंह, कैलाश रवाणी, विश्मभर राणा, अनिता देवी, सिकेन्द्र महतो, नीरज कुमार सिंह, पिंटु कुमार सिंह, समेत दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# भाजपा के गांव चलो अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल देव इन में गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पलामू पूर्व सांसद सह कार्यक्रम मंडल प्रभारी बृजमोहन राम, विशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम के जिला सह संयोजक बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, वरिष्ठ नेता रामजतन साहू, गिरधारी यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, एसटी मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश उरांव, कार्यक्रम के मंडल संयोजक सह मंडल महामंत्री विजय यादव, मंडल सह अंयोजक सह जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा अमित कुमार, सह संयोजक सह मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रघुनंदन आदि मौजूद रहे। दौरान भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, खेलो इंडिया जिला संयोजक प्रवेश सोनी, नरेंद्र रजक, ओबीसी जिला मंत्री श्रावण यादव, विजय प्रसाद, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंजू देवी, मंडल कोषाध्यक्ष अंजू देवी, गांव चलो अभियान के पंचायत के संयोजक राजेंद्र साव, अमित गुप्ता, महेंद्र यादव, मोहन पांडे, विजय राम, तुलसी प्रसाद, अनूप गुप्ता, रामप्रवेश राम, दिलमणि यादव, विजय ठाकुर, मिंटू भुईया, बाबूलाल भगत, रवींद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजेंद्र महतो, विजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, पवन यादव, विनोद यादव, अनूप वर्मा, प्रमोद कुमार, प्रमोद साव, अशोक यादव, कैलाश साव, सतेंद्र भगत, सचु यादव, उमेश प्रजापति, गजेंद्र हिमांशु, अर्जुन सिंह, बासुदेव उरांव, संतोष, संजय आदि मौजूद रहे। वहीं बारियातु भाजपा मंडल कार्यालय में गांव चलो अभियान के तहत प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें मुख्य अतिथि प्रखंड संयोजक राजधानी प्रसाद यादव, सह संयोजक जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, जिला परिषद महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजु देवी, मंजु देवी, रमेश राम, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रखंड महामंत्री निरजंन राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केशरी, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, कामेश्वर प्रजापति, किशोर साव, शिवमंगल सिंह, सकेन्द्र राम, मुकेश यादव, कमख्या यादव, रिंकू यादव, कुन्दन कुमार, दुलार चंद पासवान, अजय गंझु मौजूद रहे।



## गांव-गांव जाकर चंदवा भाजपा के कार्यकर्ता देंगे योजनाओं की जानकारी

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में बुधवार को भाजपा मंडल कमेटी की बैठक चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा की केंद्र सरकार की योजनाओं से गांव के लाभार्थियो को अवगत कराएं। मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने कहा कि कार्यकर्ताओं को गांव में जाने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने की जरूरत है। गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक सह जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने कहा कि गांव चले अभियान में 16 बिंदुओं पर कार्य करना हैं। मौके पर जिला एवं मंडल के सभी संयोजक, जिला मंत्री कुलामन साहु, पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, शंकर साहु, चंदवा मंडल उपाध्यक्ष मंजू सिंह, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, आदर्श रवि राज, गांव चलो अभियान के सह संयोजक चंद्रभूषण केसरी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहु, ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### पहल: ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करना ही प्राथमिकता : रोहित

# डेढ़ वर्ष बाद लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीण खुश

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के मनातु गांव में लगा ट्रांसफार्मर पिछले डेढ़ वर्ष से खराब पड़ा हुआ था। ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे बच्चों की पढ़ाई लिखाई व किसानों की खेती बाड़ी भी प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि सह वरीय समाजसेवी रोहित यादव को दी। रोहित यादव के द्वारा इसकी जानकारी विधुत विभाग के अधिकारियों को दी गई।



रोहित यादव ने अधिकारियों से जनहित में तत्काल नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधुत विभाग और रोहित यादव के सार्थक पहल पर बुधवार को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिसके बाद उक्त ट्रांसफार्मर से बिजली सुचारू रूप से बहाल कर दी गई। बिजली बहाल होते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। डेढ़ वर्ष बाद ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों के बीच हर्ष है। ग्रामीणों ने रोहित यादव और विधुत विभाग को साधुवाद दिया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव, पंसस पति बुधन गंझू, प्रमोद यादव, ग्राम प्रधान रामविलास उरांव, मोनिका सोरेन, आनंद मासी कुजूर, बैंक कुजूर, शारदा देवी, राजेश पूरी, धनी लकड़ा, नमिता उरांव, संगीता देवी आदि मौजूद थे।

## जलवायु परिवर्तन पर प्रशिक्षण का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड व अंचल कर्मियों एवं प्रबुद्ध ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं जलवायु परिवर्तन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बीडीओ हरिनाथ महतो ने कहा कि दिन प्रतिदिन वनों की कटाई के साथ कल कारखाना से बढ़ते प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्लोबिंग वार्निंग के कारण ओजोन मंडल की परत में छिद्र हो रहा है। वैसे में धरती पर तापमान में वृद्धि हो रही है।

# उपायुक्त को ज्ञापन, धर्मांतरित व्यक्तियों को एसटी वाली सुविधा नहीं देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड के तत्वाधान में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना देकर शिष्टमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से झारखंड सरकार से मांग की गई है कि धर्मांतरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की सुविधा नहीं मिले। जिसने जनजाति धर्म तथा विश्वासों का परित्याग किया है और ईसाई या इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया है वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाए। भारतीय अधिनियम 1935 के अंतर्गत इसाई की परिभाषा में यह कहा गया है कि भारतीय इसाई वह होगा जो इसी पंथ को मानता हो और यूरोपीय एंग्लो इंडियन ना हो। इसके अनुसार अनुसूचित जनजाति से जब एक व्यक्ति ईसाई धर्म में धर्मांतरित हो जाता है वह स्वाभाविक रूप से भारतीय इसाई के श्रेणी में आएगा। अतः उसको किसी भी प्रकार की आरक्षण की सुविधा देना असंवैधानिक माना जाए। मंच का कहना है कि झारखंड सरकार का नेतृत्व आदिवासी मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले आदिवासियों के जीवन को प्रभावित करने से संबंधित कई विषयों पर राज्य सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया है। अतः मंच मांग करता है कि 5 दशकों से लंबित समस्या के समाधान हेतु प्राथमिकता के आधार पर आदिवासियों के साथ हो रहे हैं इस अन्याय को हमेशा के लिए समाप्त करें। धरने में जनजाति सुरक्षा मंच के संरक्षक सत्येंद्र सिंह, मंच के चतरा जिला संयोजक जयप्रकाश उरांव, जनजाति कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र सिंह, सचिव सुरेश पाठक, जनजाति संपर्क प्रमुख राघव राणा, अंबिका सिंह भोक्ता, ललन गंझु मौजूद थे।



## एक नजर

### 'गांव से लेकर शहर तक संबंध स्थापित करना आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश्य'



**चैनपुर (गुमला)।** जनावल पंचायत के पठारी क्षेत्र चकडीपा में मंगलवार को आजसू पार्टी की गुमला जिला महासचिव पिंकी कुजूर की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक मे पंचायत कमिटी का गठन कर विस्तार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर, जिला सचिव सद्दाम हुसैन, जिला उपाध्यक्ष प्रेम पवन तिग्गा, समीर एक्का, महिला उपाध्यक्ष जीविता बड़ा, प्रखंड महिला उपाध्यक्ष दीप्ति रोज लकड़ा, प्रखंड उपाध्यक्ष सुधीर लोहरा मुख्य रुप से उपस्थित थे। जनावल पंचायत का बैठक चकडीपा स्कूल के पास बैठक की गई। महिला पंचायत अध्यक्ष अमूल्या असुर सर्वसमिति से, सचिव प्रदिपा असुर, कोषाध्यक्ष फोलोरेंसिया असुर, उपाध्यक्ष क्रमशः तेरेसा असुर, मालिन असुर,और ज्योति असुर, वहीं मेन विंग के अध्यक्ष के लिए निकोलस असुर और सचिव के लिए फिल्मोन असुर, कोषाध्यक्ष खीस्तोफर असुर, उपाध्यक्ष अल्फीज उरांव, अगस्टिन एक्का, बिनोद असुर मरियानुस असुर को बनया गया। वहीं सदस्य पद हेतु निर्दोष असुर, अब्राहम असुर, सुशील असुर, रमेश असुर, एतवा असुर, प्रधान असुर, रामलाल असुर एवम नागेश्वर उरांवने आजसू पार्टी का दामन थामा। सभी का आजसू पार्टी में धूम धाम से स्वागत किया गया।

### कुष्ठ उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर विकसित भारत अभियान के तहत कामता के पतराटोली आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को कुष्ठ उन्मूलन को लेकर उपायुक्त का संदेश को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ग्रामीणों के बीच पढ़कर सुनाया और उन्हें कुष्ट उन्मूलन के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के तहत शपथ लिया गया कि कुष्ठ रोग के शुरूआती लक्षण वाले व्यक्ति जिनके शरीर के किसी भाग पर दाग,धब्बे हों तथा जिनमें दर्द एवं खुजली नहीं होती हो और जो जन्म से नहीं है उसे कुष्ठ रोगी का लक्षण बताते हुए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाने की सलाह दी जायेगी। लोगो को बताया गया कि आपकी नजर में परिवार और समाज में कोई भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से प्रभावित है और उनका इलाज एमडीटी से हो चुका है तो उनके साथ बैठने खाने घूमने फिरने पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जायेगा। मौके पर कामता पंसस अयुब खान, सहिया नशेबुन बीवी, सहायिका आशा देवी, निखत बीवी, सबीना बीवी, सफीक खान, शहबाज खान, हुस्नआरा बीबी, जौशन बीबी, रौशन देवी, मीना देवी, गीता देवी, तेवरी देवी, शुकरी देवी, जमनी देवी, हलीमा बीवी, मदीना बीवी, शिफा प्रवीन, बेबी देवी आदि मौजूद थे।

# स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई, डीसी-एसपी ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी तथा समाज सुधारक बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा समेत जिले के प्रशासनिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक आदि संगठनों से जुड़े लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिल्कुल निर्धन परिवार में जन्में बुधन सिंह घर परिवार की चिंता ना कर देश की आजादी की खातिर कई जेल यात्रा की। उनके जुनून व संघर्ष सचमुच अद्भुत हैं। साथ ही समाज के कुरीतियों के खिलाफ कार्य करना प्रेरणा स्त्रोत है। सिंह पर आजादी की खातिर कोयल नदी पर रेलवे पुल को बम से उड़ने की साजिश, बड़ा पोस्ट ऑफिस, नदिया स्कूल में तिरंगा फहराने, धरना-प्रदर्शन, क्रांतिकारी भाषण देने जैसे आरोपों में अंग्रेज हुकूमत ने देशद्रोह का मुकदमा चलाया था। 1940 में रामगढ़ के कांग्रेस अधिवेशन में डॉ राजेंद्र प्रसाद ने शर्त रखी थी कि जो भी नियमित खादीधारी होगा वही मेरे वाहन को चलाकर मुझे मंच तक पहुंचाएगा, जिसमें नियमित खादीधारी स्व. सिंह को यह मौका मिला। सन 1952 को लोहरदगा के कस्तूरबा स्कूल में आयोजित आदिम जाति सेवा मंडल कार्यक्रम में शिरकत करने आए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने शास्त्री चौक में अपने वाहन को रुकवा कर बुधन सिंह से विशेष रूप से भेंट की तथा कुशल क्षेम पूछा। उनकी अंतिम इच्छा थी कि मेरे मृत्यु पर मेरे शरीर में खादी वस्त्र ही होना चाहिए तथा यह उनकी इच्छा पूरी की गई। उपायुक्त से लोगों ने आग्रह किया कि स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से सार्वजनिक स्थलों जैसे सड़क, गली, चौक-चौराहा, मुहल्ला, तालाब, टाउन हॉल, घाट, खेल मैदान, सामुदायिक भवन, स्टेडियम, पवेलियन आदि का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के होने से उन्हें एक और जहां सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी वहीं आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा भी मिलेगी। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यह बहुत नेक विचार है, आप हमें लिख कर दे इस पर कार्य होगा।

मौके पर जिले के उप निबंधक सुभाष दत्ता, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, बी. के. बालाजीनप्पा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, अधिवक्ता देवाशीष कार, अजय मित्तल, हेमंत सिन्हा, विवेक गुप्ता, प्रवीण भारती, अमरेंद्र सिंह, अनूप राय,ओम प्रकाश सिंह, संजय बर्म्मन, सुधीर अग्र, मनोज दास, श्रीमती कलावती देवी, राकेश प्रसाद,अनिल गुप्ता,संदीप पांडे, बंटू जयसवाल, मोहन दुबे, मुकेश दुबे, बालकृष्णा सिंह, मदन मोहन पाठक, राज किशोर महतो, सुमित राय, दीपक सराफ, मोहम्मद कैश, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, देशराज गोयल, पशुपति पारस, रोहित साहू, मिथुन तमेड़', चंद्रशेखर मेहता चंदू, अजय पंकज, प्रो. स्नेह कुमार, शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, परमेश्वर भगत, लाल नवल नाथ शाहदेव, इंद्रजीत भारती, प्रवीण जयसवाल, गोवर्धन शर्मा, सुरेश ठाकुर, चंद्र किशोर प्रसाद मनोज गुप्ता मन्ना, निधिकांत प्रसाद, सतीश भारती, भरत साहू, सिद्धनाथ प्रसाद, लाल निरंजन, त्रिवेणी दास, राजू गुप्ता, उदय केसरी, विजय सिंह, संजीव साहू, सरोज प्रजापति, नंदलाल साहू, विजय दास, परमेश्वर साहू, विनोद राय, शिवदत्त ठाकुर, संदीप पोद्दार, उमेश ठाकुर, सुबोध साहू,अशोक खत्री, श्रीमती शशि सिंह, अशोक उरांव, गुंजन सिंह, ऋषभ सिंह, मीनाक्षी सिंह, तासु आदि शामिल थे।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडे और तलवारें भी चलीं, महिला समेत कई घायल



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू** लोहरदगा जिले के कैरो में एक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बुधवार कोखूनी संघर्ष हुआ है। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से एक महिला सहित आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका कूडू सिएचसी में इलाज के बाद दो की स्थिति गंभीर देख रिम्स रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल सजिब अंसारी ने बताया कि उनके गोतिया से 9 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी से नाराज होकर जलील, सरफुल, नौशाद, अकील, इलताफ, खालिद, रिजवान, इमरोज, बबलू सहित 15 से बीस की संख्या में पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडे, लोहे के रॉड और तलवार लेकर पूरे परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में उतरन खातून पति मोजिब अंसारी, तरबिन अंसारी पिता मोजिब अंसारी, आफताब अंसारी पिता मोजिब अंसारी, सजिब अंसारी पिता स्व जुम्मन अंसारी, ओसामा अंसारी पिता मोजिब अंसारी समेत 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष का इलाज अन्यत्र होने के कारण घायलों की जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि दूसरे पक्ष के कुछ लोग कूडू पहुंचे लेकिन कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

### पुलिस पर लगा दूसरे पक्ष का साथ देने का आरोप

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने भी उनकी एक नहीं सुनी और थाने से महज कुछ फासले पर पूरे परिवार जिसमे महिलाएं भी शामिल हैं को बेरहमी से पीटा जाता रहा। घटनास्थल पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। हमलोग लोग अपनी-अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। लेकिन पुलिस को बार बार खबर करने के बावजूद कोई नही आया। पीड़ित परिवार के लोग पुलिस पर एक पक्ष का सपोर्ट करने का आरोप लाग्या है। पीड़ित के पड़ोसी नासिर अंसारी और महताब अंसारी ने बताया कि मार पीट की खबर लेकर हमलोग थाना का चक्कर लगाते रहे लेकिन किसी ने एक नही सुनी, जिसके नतीजे में मामला इतना ज्यादा बढ़ गया।

# गांव में पढ़ाई का माहौल बनाने पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)** बच्चों के शिक्षा दीक्षा और भविष्य पर संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो के स्टाफ द्वारा अम्बाटोली और बरटोली गांव में पूरे गांव वालों के साथ बैठक की गई।

बैठक में वर्तमान में बच्चों की पढ़ाई की जो स्थिति है उसको देखते हुए संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो के शिक्षक सदन ने दूसरी बेला बरटोली और अंबा टोली गांव जाकर बैठक की सभी शिक्षक शिक्षकों ने विभिन्न विषय पर अपने-अपने विचार रखें। इसमें मुख्य रूप से बच्चों तथा अभिभावक में शिक्षा के प्रति जागरूक की कमी, बच्चों की शिक्षा में परिवार की भूमिका एवं सामाजिक वातावरण, नशा के दुष्प्रभाव, बच्चों में आत्मनिर्भरता की कमी, माता-पिता और बच्चों के बीच पारिवारिक संबंध और नई शिक्षा नीति तथा सर्व शिक्षा का प्रभाव, इन सभी विषयों पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर तेज कुमार बाखला के साथ सभी शिक्षक शिक्षकों ने विचार लोगों के बीच साझा किया तथा बच्चों को गांव में पढ़ाई का माहौल बनाने पर जोर दिया। प्रधानाध्यापक ने कहा बच्चों की शिक्षा गांव के विकास की जड़ है, जहां शिक्षा है वहां उन्नति है।

### कुर्से के चौकीदार मेघराज का निधन

**लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्से के चौकीदार मेघराज उरांव का निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के संयुक्त सचिव झारखंड प्रदेश समसुल अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा थाना एवं कुरु थाना के चौकीदारों ने उनके अंतिम संस्कार में भाग लिए। दिवंगत मेघराज उरांव अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इस दुख की घड़ी में चौकीदार पंचायत के सदस्यों ने कहा कि पंचायत शोकाकुल परिवार को घबराने की जरूरत नहीं है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजू राम, प्रति उरांव, शनिचरिया उराइन, रमेश उरांव, निजावत अंसारी मौजूद थे।

# भंडरा अंजुमन इस्लामिया के चुनाव की तिथि घोषित, 14 को मतदान व परिणाम

**भंडरा स्थित अंजुमन कार्यालय में सुबह नौ से शाम दो बजे तक मतदान होगा, 1 व 2 फरवरी को होगा फॉर्म का वितरण**

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** भंडरा अंजुमन इस्लामिया का चुनाव की तिथि की घोषणा बुधवार को की गई। भंडरा स्थित अंजुमन कार्यालय में सुबह नौ से शाम दो बजे तक मतदान होगा। उसी दिन वोटों की गिनती भी शुरू होगी। यह घोषणा बुधवार को अंजुमन चुनाव कमेटी ने की है। कमेटी के मुख्य संयोजक हैदर अंसारी ने प्रेसवार्ता में चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि 1 व दो फरवरी को फॉर्म वितरण किया जाएगा। तीन व चार फरवरी को नामांकन किया जाएगा। फरवरी पांच को पेपर की जांच की जाएगी, जबकि छह फरवरी को नाम वापसी कर सकेंगे। वहीं सात फरवरी को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। चुनाव चिह्न लेने का समय दोपहर दो से शाम तीन बजे तक होगा। इसके बाद प्रत्याशियों को आठ से 13 फरवरी तक प्रचार-प्रसार करने का समय दिया गया है। वहीं, 14 फरवरी को मतदान खत्म होने के बाद शाम से वोटों की गिनती शुरू होगी। गिनती पूरी होने के बाद विजेताओं की घोषणा की जाएगी। मुख्य चुनाव संयोजक ने कहा है कि मतदान के दिन पुलिस की तैनाती की जाएगी। मतदान के दौरान किसी तरह का विवाद उत्पन्न करने वालों से चुनाव कमेटी सख्ती से निपटेगी। मौके पर सहायक चुनाव संयोजक मोजीबुल मिरदाहा, मंजूर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सलमान अंसारी आदि उपस्थित थे।

# वेयरहाउस में हुई ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** ईसीआईएल, हैदराबाद से प्राप्त ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) बुधवार को सदर प्रखंड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में की गई। इसमें उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा कार्यों का अवलोकन किया गया। वहीं नोडल पदाधिकारी के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-एफएलसी सुपरवाईजर अमित कुमार द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया गया।

इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, आशुतोष कुमार, अंचल अधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 72-लोहरदगा, राजनीतिक दलों में झामुमो से इसरार अहमद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदीप विश्वकर्मा, भाजपा के अनिल उरांव, सीपीआई (एम) के गोपाल महतो, राजद के सुनील कुमार मेहता, आजसू पार्टी के सोनू राज, नेशनल पीपुल्स पार्टी की शीला देवी, एफएलसी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये कर्मीगण समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# बैठक में गांव चलो अभियान पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)** भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल की गांव चलो अभियान के निमित एक बैठक स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक सह संयोजक और प्रभारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी की गरीबों के कल्याण के प्रति दृष्टि एवं अपनी सरकारों के द्वारा संपन्न हुए विकास कार्यों को जन जन तक ले जाकर विश्वास अर्जित करते हुए 2024 के लोकसभा में पुनः समर्थन जुटाना है। इसी निमित बैठक में सभी पंचायतों के लिए प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक बनाए गए जो अपने अपने बूथों पर जाकर बैठक करते हुए एक दिन के प्रवास में रहेंगे। मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक ने उपस्थित सभी सभी लोगों को गांव चलो अभियान को लेकर विस्तृत से जानकारी देते हुए सभी को अपने अपने कार्य जिम्मेवारी पूर्वक करने की बात कही। वहीं आगे उन्होंने बतलाया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा जी के निर्देशन में गांव चलो अभियान का निर्णय हुआ है जिसे चार फरवरी से ग्यारह फरवरी तक करना है और प्रत्येक सक्षम कार्यकर्ता को अपने बूथ पर जाकर चौबीस घंटे का प्रवास भी करना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री अमित किशोर पाण्डेय, बुधराम नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद सिंह, शिवा नायक, राजेश भगत, राजेश मांझी, अरविंद मौर्य, शिवव केशरी, कौशल केशरी, गोवर्धन यादव अर्चना देवी, भारती सिंह, रुक्मिणी देवी, संगीता देवी, असरीता देवी, सावित्री देवी, इला देवी आदि मौजूद थे।

### चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यो को मुकाम दें। वहीं मंडल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक दीवार लेखन का कार्य अपने मंडल में कराना है इस निमित मंडल पदाधिकारियो को विभिन्न गावो का जिम्मेदारी दी गई है। मौके पर जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो,मुखिया श्रवण मुंडा,जिला कार्यसमिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, रामबुझावन गुप्ता, दीपक साहू, गोविंद महतो, चिखु उरांव, नसीर आलम खान, लाखो उरांव, रवि नंदन शुक्ला, राधेश्याम साहू मौजूद थे।

# प्रखंड 20सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** 20सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण रोजगार दिवस, आंगनबाड़ी केंद्र, जल एवं स्वच्छता विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज, अबुवा आवास, केसीसी, बैंक ऑफ इंडिया, मध्याह्न भोजन, विधवा पेंशन, स्वास्थ्य, श्रम, कृषि, आदि विभागों द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाएं की समीक्षा की गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार के कल्याणकारी कार्यों को गति देने के साथ-साथ राज्य सरकार के योजनाओं को जिला के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं गांवों में धरातल पर उतारने एवं विकास के कार्यों में पारदर्शिता लाने को लेकर बीस-सूत्री के सभी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने जिस आशा और उम्मीद के साथ में विकास कार्यों की मजबूत कड़ी बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति गठन कर सभी बीस-सूत्री सदस्यों को जो दायित्व दिया है, वे अपने दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करे जिससे सरकार के कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारा जा सके। इस मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीडीपीओ नंदी रानी, बीईओ जयनाथ महतो, बीपीओ अभिषेक किशोर, नितेंद्र कुमार, तिवारी उरांव, महिपाल भगत आदि मौजूद थे।

# 'हेमंत सरकार को अपदस्थ कर राष्ट्रपति शासन लागू हो'



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** आजसू नेता राजू गुप्ता ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड राज्य की स्थापना बड़े संघर्ष और कुर्बानी से हुई है। हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड को कलंकित किया है। तिकड़म के सहारे राज्य के विकास के नाम पर जनता को गुमराह किया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन का नाम जब भूमि घोटाला में आया, ईडी ने पूछताछ के लिए समन भेजा, एक नहीं 10 समन भेजा, ये भागते फिर रहे हैं। दिल्ली चार्टर प्लेन से गया। जब ईडी ने दिल्ली में पूछताछ का प्रयास किया तो चादर से मुंह ढक कर व हवाई चप्पल पहन कर लुकते छिपते 40 घंटे के बाद रांची सड़क मार्ग से पहुंचे। सत्ताधारी पक्ष के विधायकों की बैठक में अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की कवायद तेज की तो बैठक से सात विधायक बाहर रहे। इनके भाई और भाभी लापता हो गये। ये हेमंत सोरेन सरकार के ड्रामे पर देश दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। अब बहुत हो गया। केंद्र सरकार को झारखंड सरकार को अपदस्थ कर अविलंब राष्ट्रपति शासन लगा कर झारखंड की गरिमा को बचाये।

## पहल | जिला परिवहन पदाधिकारी और चैनपुर थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरूक

# बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों के गले में डाली फूलों की माला



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)** जिला परिवहन अधिकारी प्रभास कुमार और चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बस स्टैंड चैनपुर के समीप हेलमेट जांच अभियान चलाया गया।

इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालक को हेलमेट की उपयोगिता बताते हुए उन्हें जागरूक करना था। लोगों में जागरूकता लाने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा दो ऑटो के माध्यम से ध्वनि विस्तारक यंत्र से सड़क सुरक्षा नियमों को बतलाया जा रहा था। हेलमेट जांच के क्रम में कई चालक बिना हेलमेट के नजर आए तो उन्हें जिला परिवहन अधिकारी ने गांधीवादी तरीके से फूलों की माला पहनाकर उन्हें शर्मिंदा किया वहीं जो वाहन चालक और पीछे बैठा व्यक्ति दोनो हेलमेट पहने नजर आए तो उन्हें सम्मनित करते हुए गुलाब का फूल भी दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन चालकों को बतलाया कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन में यात्रा करते पकड़े जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक हजार रुपए जुमार्ना या तीन माह तक ड्रायविंग लाईसेंस रद्द करने का प्रावधान है। आगे उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि राज्य भर में सड़क दुर्घटना में हर साल लगभग दो हजार लोगों की मृत्यु दो पहिया वाहन पर यात्रा करते समय हेलमेट का उपयोग न करने से होती है।अगर आप हेलमेट पहनकर वाहन चलाते हैं तो दुर्घटना से सिर में लगने वाली चोट को 70 प्रतिशत घटाता है। आगे उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुछ छोटी छोटी सावधानियां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती है। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिवहन कार्यालय से मंटू रवानी, रामानंद महाराज,एएसआई मदन शर्मा सहित पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

# चार अंतरराज्यीय साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पुलिस अधीक्षक को साइबर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर उपाधीक्षक साइबर संदीप कुमार नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस और निरीक्षक गौरव कुमार, सरवन कुमार साहू, संजय मुखिया योगेंद्र, कुमार साकेत वर्मा, सौरव सुमन, आशुतोष रंजन के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था एवं दो अभियुक्त को नवजात बताया गया था। इस संदर्भ में साइबर थाना कांड अभियुक्त अजय मंडल एवं रामशरण राय पर लगातार दबीश लगाते हुए मंगलवार को नवगछिया, भागलपुर बिहार से दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। इन अपराधियों के पास से बरामद किए गए सामान 6 मोबाइल, 14 सिम, 5 एटीएम कार्ड, 2 बोरवेल गाड़ी, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, अभियुक्तों ने अपने स्वीकार बयान में बताया कि इनके द्वारा एसबीआई का फर्जी लिंक भेज कर लोगों के साथ ठगी किया जा रहा था।

**अपराधी जियो से अर्जित की गई संपत्ति :** दो अशोक लीलैंड कंपनी का बोरवेल लगभग एक करोड़ जिसका गाड़ी का संख्या जेएच10बीपी6213 दूसरी गाड़ी की संख्या जेएच10बीजेड जामताड़ा जिले में 16 डिसमिल जमीन देवघर जिले में 1700 स्क्वायर फीट जमीन, धनबाद के गोविंदपुर में चार कट्ठा जमीन, इसकी कीमत लगभग 2 करोड़ का है। तीन मंजिला मकान, टाटा कंपनी का तेल ट्रक, 12 चक्का महिंद्रा एक्सयूवी जप्त किया गया। इन अपराधियों के खिलाफ पहले से अलग-अलग थानों में केस दर्ज है।

दुमका जिले के कथीकुंड थाना कांड संख्या 72/16 नक्सल केस में गिरिडीह साइबर थाना कांड संख्या 09/18 धनबाद साइबर थाना कांड संख्या 50/20 गिरिडीह साइबर थाना कांड संख्या 07/24 में भी दर्ज है।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर मृतका के पति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

### परिवार के सदस्यों पर है हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिले के हीरोडीह थानाक्षेत्र के पंचडीहा में विगत 26 दिसंबर को पिंकी देवी नामक महिला की हत्या मामले में आज माले नेता सह पूर्व मुखिया भिखारी यादव की अगुवाई में मृतका के परिजनों ने एसपी के नाम एक आवेदन देकर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

परिजनों का आवेदन लेकर माले नेता राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा ने एसपी से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने माले नेताओं को संबंधित थाने को निर्देशित कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस घटना की बाबत मृतका के पति पवन यादव तथा उसके पिता सज्जन यादव ने बताया कि, पिंकी देवी को उसके ही तीन देवर, रीतलाल यादव, छोटू यादव तथा पप्पू यादव के अलावा सास-ससुर एवं 3 अन्य महिलाओं ने मिल-जुलकर साजिश करके गला दबाकर हत्या कर दी है। उन्होंने एसपी को दिए आवेदन में सभी हत्यारोपियों पर पिंकी देवी को लगातार प्रताड़ित करने तथा अंत में इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। आवेदन में केस उठाने को लेकर हत्यारोपियों की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही है। ऐसे में अगर उन पर कार्रवाई नहीं हुई तो उनके साथ भी कुछ अनहोनी हो सकती है। इधर माले नेताओं ने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## कतरास में करंट लगने से एक मजदूर की मौत, तीन जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। कतरास** कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद पांच नंबर में स्थानीय निवासी सत्यनारायण साव के घर का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को रॉड बांधने के दौरान बिजली के तार के संपर्क में आने से कटहल धौड़ा निवासी मजदूर राजेश भुइयां (35 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य मजदूर जख्मी हो गए। कतरास थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी। बताया गया कि छाताबाद पांच नंबर में सत्यनारायण साव के घर की दीवार के ऊपर रेलिंग बीम के लिए मजदूर रॉड बांधने का काम कर रहे थे। आवास के ऊपर से गुजरे बिजली तार में लोहे की रॉड सट गई। इसके बाद मजदूर राजेश भुइयां गंभीर स्थिति में निचितपुर अस्पताल ले जाया गया। उसकी स्थिति चिंताजनक देख डॉक्टर ने उसे एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया। परिजन एसएनएमएमसीएच पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### होटल संचालक को मारपीट कर किया जख्मी



**धनबाद।** धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र के चांदमारी रोड स्थित मां लक्ष्मी होटल के संचालक ओमप्रकाश चौधरी पर बुधवार की शाम 5 से 7 की संख्या में आए बदमाशों ने मारपीट की। होटल में रखे सामान को फेंक दिया। होटल संचालक के दो बेटों के साथ भी मारपीट की और उनका फोन तोड़ दिए। हमले के बाद सभी युवक चांदमारी की ओर भाग गए। होटल संचालक ने 100 नंबर डायल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जोड़ा फाटक में रहने वाले ओमप्रकाश चौधरी विगत कई वर्षों से चांदमारी रोड में होटल चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि शाम में वह होटल में ग्राहकों के लिए खाना बना रहे थे। इसी दौरान 5 से 7 की संख्या में बदमाश आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### शिक्षक अभिभावक की बैठक संपन्न

**गिरिडीह।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिसरी में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के अध्यक्ष किशोरी साव, प्रधानाध्यापिका शमीर्ला कुमारी के अलावे बच्चे व उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। बैठक में अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति ने बच्चों के पठन-पाठन, स्वच्छता व नियमित विद्यालय भेजने जैसे मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा की। वहीं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं का तालियों से अभिनंदन किया गया। साथ ही विद्यालय के बेहतर संचालन हेतु अभिभावकों का सुझाव भी मांगा गया। अध्यक्ष किशोरी साव ने अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने की अपील की।

### बीपीसीएल आउटलेटों में निःशुल्क नाइट्रोजन का शुभारंभ हुआ

**जमशेदपुर।** भारत पेट्रोलियम के द्वारा शहर के सभी बीपीसीएल आउटलेटों के पेट्रोल पम्प में फ्री नाइट्रोजन की सुविधा ग्राहकों कों उपलब्ध करवाने का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ देबाशीष नायक (प्रमुख खुदरा पूर्वी क्षेत्र) ने बुधवार को कदमा स्थित भारत पेट्रोलियम पम्प में हरी झंडी दिखाकर एवं गुब्बारा उड़ा कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शहर के सभी भारत पेट्रोलियम के पम्प में निःशुल्क नाइट्रोजन एयर उपलब्ध होगा। उद्घाटन समारोह मे भारत पेट्रोलियम द्वारा पम्प में पेट्रोल लेने पर ग्राहकों कों दिये गए लकी ड्रा के कूपनों की लॉटरी भी करवाई गई। जिसमें विजेताओं के नाम भी घोषित किये गए।


## AFFIDAVIT

Before,
The Notary Public, Lohardaga
**Affidavit**
I, No-4284580L, Rank HAV Name Anup Ekka, Posted at BIHAR REGIMENT C/O 835205 APO, do hereby solemnly affirm and declare as under-
**1.** That I am posted at the above noted address. **2.** That my wife's date of birth was wrongly mention in my army record as 12.01.1991 which should corrected as 12.01.1985. **3.** That now I want to update my wife's date of birth in my army record as 12.01.1985 in place of 12.01.1991. **4.** That I shall abide all rule and regulation of the concerned authority. **5.** That I shall fully responsible for the above noted declaration.
I solemnly declare that the facts mentioned above are true to the best of my knowledge and belief and nothing has been kept in secret.
**Place- Lohardaga**
**Date- 30.01.2024** **Affidavit No . 2008**

## AFFIDAVIT

Before,
The Notary Public, Lohardaga
**Affidavit**
I, No-4284580L, Rank HAV Name Anup Ekka, Posted at BIHAR REGIMENT C/O 835205 APO, do hereby solemnly affirm and declare as under-
**1.** That I am posted at the above noted address **2.** That my son name was wrongly mention in my army record as SAMPANN EKKA and date of birth as 22.11.2019 **3.** That now I want to update my son name and date of birth in my army record as SAMPAN EKKA in place of SAMPANN EKKA and 22.11.2018 in place of 22.11.2019. **4.** That I shall abide all rule and regulation of the concerned authority. **5.** That I shall fully responsible for the above noted declaration.
I solemnly declare that the facts mentioned above are true to the best of my knowledge and belief and nothing has been kept in secret.
**Place- Lohardaga**
**Date- 30.01.2024** **Affidavit no 2009**


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

पत्रांक.......... दिनांक................

**प्रेष विज्ञप्ति**
**PR No.-317264**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–10/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 29.01.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में कार्य समाप्ति की तिथि 09 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 317495 District(23-24)D

## OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION
e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

**Short Tender Notice (4th Call)**
**Tender notice No:-UDHD/MMC/AMRUT2/63/2023-24**
**DATED: 31/01/2024**

| Sl.No. | Event Description | Date |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Construction & Rejuvenation of Kacharwa Dam (Water Bodies) in ward no. 05, Medininagar Municipal Corporation. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 9,66,85,295/- |
| 3 | Bid Security | Rs. 9,67,000/- |
| 4 | Cost of Document | Rs. 25,000/- |
| 5 | Completion of Work | 18 Months |
| 6 | Date Of Publication Of Tender | 31/01/2024 AT 10:00 A M |
| 7 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering http//: Jharkhandtenders.gov.In |
| 8 | Date Start Of Submission Of Bids | 02/02/2024 AT 10:00 A M |
| 9 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 15/02/2024 AT 02:00 PM |
| 10 | Pre bid Meeting Date | 10/02/2024 AT 12:00 PM |
| 11 | Date Of Bid Opening | 16/02/2024 AT 03:00 PM |
| 12 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 13 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 14 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

Note :- Only Online tender is Permissible.

Sd./-
Municipal Commissioner
–Cum- Administrator
Medininagar Municipal Corporation

PR 317522 (District)23-24*D

## कार्यालय नगर पंचायत छत्तरपुर (पलामू)

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–NPC-NIT-22/2023-24**

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनाक–03.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 15.02.2024 एवं समयः 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर के कार्यालय वेश्म, छत्तरपुर / 16.02.2024 / 02.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल संख्या :– 7004032340, 6202337124
6. कार्य मद :– 15वें वित्त आयोग।

| क्रं सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Vending Zone / Street Market in Bazar Campus Under Nagar Panchayat, Chhattarpur in ward No. 11 | 21,95,300.00 | 10,000.00 | 43,950.00 | 45 Days |
| 2. | Laying of Paver Block in Bazar Campus Under Nagar Panchayat, Chhattarpur | 19,01,450.00 | 10,000.00 | 38,050.00 | 45 Days |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 317532 (District)23-24*D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
## NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR

**VERY SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-21/2023-24**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 1 | 13 | Construction of PCC Road From H/o Ishu Pwariya to H/o Vijay Thakur & H/o Nandu saw to H/o Anil saw in ward no. 13 | 6,37,009.00 | 12,750.00 | 3,000.00 | 30 DAYS |
| 2. | 13 | Construction of PCC Road from H/o mangal Barai to H/o Basant braai & H/o Satyanarayan Saw to H/o Jammudin Pawariya in ward No. 13 | 5,06,849.00 | 10,150.00 | 3,000.00 | 30 DAYS |
| 3. | 07 | Laying of Paver Block in Sub-Divisional ResidentialCampus. | 5,95,600.00 | 11,950.00 | 3,000.00 | 30 DAYS |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | विभाग का नामः– | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 3 | विज्ञापनदाता का नामः– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 4 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थानः– | प्रकाशन की तिथि से दिनांक– 09.02.2024 तक 4:00 अपराह्न तक। स्थान–कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थानः– | दिनांक–10.02.2024, समय– 2:00 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– | दिनांक–10.02.2023, समय– 2:30 बजे अपराह्न तक, स्थान–कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 7 | हेल्प लाईन नं0– | 7004032340 |

नोटः– नियम एवं शर्त कार्यालय के सुचना पट्ट या www.palamu.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.317529 District(23-24):D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर।

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)
**आवश्यक सूचना**

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रॉंची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362 / 2022 भगवान महतो –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड रॉंची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17 / कोर्ट केस–10 / 2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके विरूद्ध कुल 12290 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसके स्क्रुटनी के पश्चात् कुल 3205 आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द किये गए हैं। जिसकी सूची गुमला जिले के **Website** www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

अगर किसी आवेदकों को दावा / आपत्ति है, तो जिला सामान्य शाखा, गुमला में दिनांक : 08.02.2024 अपराहन 05:00 बजे तक भौतिक रूप से या ई–मेल generalsectiongumla@gmail.com के माध्यम से दावा / आपत्ति कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र (मोबाईल नं0–6205498080)। इसके अतिरिक्त निम्न अहर्त्ताओं वाले आवेदक भी :–

1.खेल–कूद कोटा के खिलाड़ी
2.निःशक्त, जनों / दिव्यांग
3.आदिम जनजाति
4.महिला (प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं)
क्षैतिज आरक्षण का लाभ लेने हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों के आधार पर दावा आपत्ति कर सकते हैं।
5.अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –01) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –02) के सदस्यों को EWS के रूप में पात्र माने जायेंगे।

नोट :–माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रॉंची के द्वारा याचिका W.P.(S) NO. 960 / 2016 सलन चम्पिया –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य W.P.(S) NO. 516 / 2016 W.P.(S) NO. 1653/2016 W.P.(S) NO. 980/2016 W.P.(S) NO. 1597/2016 W.P.(S) NO. 6366/2016 W.P.(S) NO. 6365/2016 एवं W.P.(S) NO. 1148/2016 दिनांक–23.07.2018 एवं गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या–4998 दिनांक–19.09.2019 के तहत पूर्व से अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप के कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को कार्यानुभव के लिए **Weightage** प्रदान की जाएगी। माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश के उदभूत एवं प्रभावित / अच्छादित अभ्यर्थियों के संदर्भ में साक्ष्य आधारित सम्पूष्टि के उपरान्त 02 (दो) अंक प्रत्येक पूर्ण 01 (एक) वर्ष की दर से अधिकतम 20 (बीस) अंक देय होगा।

अतः पुर्व से अवैतिनक रूप से चौकीदार के रूप कार्य करने वाले अभ्यर्थी भी दावा आपत्ति कर सकते हैं।
नोटः–प्रमाण पत्रों के साथ दावा / आपत्ति करेंगे उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त,
गुमला।

PR 317447 District(23-24)D

## कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पर्चायत, छतरपुर
पताः–बारामोड़, छतरपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड–822113,
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**अति–अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या–NPC-17/2023-24**

सर्वसाधारण आपूर्तिकर्त्ता / निर्माणकर्त्ता / विक्रेता को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, छतरपुर क्षेत्रान्तर्गत चापाकलों की मरम्मती, साफ–सफाई से संबंधित सामग्रियों के आपूर्ति हेतु ISI मार्क एवं उच्चको टिसामग्री क्रयकी आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / निर्माणकर्त्ता / विक्रेता दिनांक–15.02.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक अपनाकोटेशन् कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर में जमा कर सकते है। प्राप्तकोटेशन् को दिनांक–15.02.2023 को 03:30 बजे अपराहन् में कोटेशन् दाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर में खोला जायेगा।

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर।
2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–15.02.2024,समय–3:00 बजे अपराह्न।
3. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–15.02.2024,समय–3:30 बजे अपराह्न।
4. कोटेशनप्राप्ति एवं खोलनेकास्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर (पलामू)।
5. कार्य मद :– जलमल तथा साफ–सफाई मद।

सामग्री की विवरणी निम्न प्रकार है:–

Group- A

| क्र0स | सामग्री का नाम | युनिट | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | बेलचा | प्रतिपीस | |
| 2 | कुदाल | प्रतिपीस | |
| 3 | सबल | प्रतिपीस | |
| 4 | डलीया | प्रतिपीस | |
| 5 | घास कांटने वाला मशिन | प्रतिपीस | |
| 6 | टांगा / हथौड़ा | प्रतिपीस | |
| 7 | हैडवास / सेनेटाईजर | प्रतिपीस | |
| 8 | लोहापंजा | प्रतिपीस | |
| 9 | नारियल झाडू | प्रतिपीस | |
| 10 | फूलझाडु | प्रतिपीस | |
| 11 | डलियाबड़ा | प्रतिपीस | |
| 12 | खुरपी | प्रतिपीस | |
| 13 | कुल्हाड़ी | प्रतिपीस | |
| 14 | वाटरटैंक 200 लीटर, 500 लीटर एंव 1000 लीटर | प्रतिपीस | |
| 15 | झाडुकालाटी 6 फीट लंबाई एवं 1 इंच मोटाई | प्रतिपीस | |
| 16 | कुदाल का बेट | प्रतिपीस | |
| 17 | पेड़ कटर मशिन | प्रतिपीस | |
| 18 | फलशटेक | प्रतिपीस | |
| 19 | स्टीलनल | प्रतिपीस | |
| 20 | शांवर | प्रतिपीस | |
| 21 | प्लास्टिक बाल्टी 5 लीटर एंव 10 लीटर | प्रतिपीस | |
| 22 | प्लास्टिक मग | प्रतिपीस | |
| 23 | वाटर टेंककमर | प्रतिपीस | |
| 24 | हारपिक | प्रतिपीस | |
| 25 | फिनाईल | प्रतिपीस | |
| 26 | एसिड | प्रतिपीस | |
| 27 | फलोरवाईपर | प्रतिपीस | |
| 28 | साबून डिटोल एंव लाईफ वॉय | प्रतिपीस | |
| 29 | जमीन पोछने वाला वाईपर | प्रतिपीस | |
| 30 | बेसिन | प्रतिपीस | |
| 31 | पेन | प्रतिपीस | |
| 32 | पी0भी0सी0 पाईप 10 फीट | प्रतिपीस | |
| 33 | रूम फेशनर | प्रतिपीस | |
| 34 | हैंडवांश | प्रतिपीस | |
| 35 | फिनाईल | प्रतिपीस | |
| 36 | घड़ी का बैंटरी | प्रतिपीस | |
| 37 | टॉर्च का बैंटरी | प्रतिपीस | |
| 38 | गुड्ड नाईट लिक्विड मशीन के साथ | प्रतिपीस | |
| 39 | सेनेटाइजर 1/2 लीटर,1 लीटर,5 लीटर | प्रतिपीस | |
| 40 | सेपटी मास्क | प्रतिपीस | |
| 41 | चुना पाउडर | | |
| 42 | ब्लिचिंग पाउडर | | |
| 43 | साड़ी अच्छी (गुणवता वाला गुलाबी रंग) | प्रतिपीस | |
| 44 | टी–सर्ट (स्वच्छता लोगो एंव स्वच्छ नगर पंचायत, छतरपुर) | प्रतिपीस | |
| 45 | रेडियम सेफ्टी जैकेट। | प्रतिपीस | |
| 46 | Hand Safety Gloves for sanitation work ( with ISI mark) | प्रतिपीस | |
| 47 | Identity card with ribon and cover | प्रतिपीस | |
| 48 | Safety Shoes (Gum Boot) (Good quaility with ISI mark) | प्रतिपीस | |

Group- B

| क्र0सं0 | चापाकल मरम्मती से संबंधित सामग्री | युनिट | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | सैलेंडररड | प्रतिपीस | |
| 2 | हेन्डिल | प्रतिपीस | |
| 3 | कनेक्टिनरड ऐक्सल | प्रतिपीस | |
| 4 | वेटवासर, चेक, भेल, बैंरीग, चेन | प्रतिपीस | |
| 5 | सैलेंडरकैपवासर | प्रतिपीस | |
| 6 | बौकेट वासर | प्रतिपीस | |
| 7 | पलेंजर वासर | प्रतिपीस | |
| 8 | 10 फीटरड ISI मार्का | प्रतिपीस | |
| 9 | चेन ISI मार्का | प्रतिपीस | |
| 10 | पलेंजर | प्रतिपीस | |
| 11 | लाईनर | प्रतिपीस | |
| 12 | नटबोल्ट 12x1.75mm | प्रतिपीस | |
| 13 | बौकेट वासर Bate | प्रतिपीस | |
| 14 | जी0आई0 पाईप 10 फिट | प्रतिपीस | |
| 15 | जी0आई0 शॅकेट | प्रतिपीस | |
| 16 | पलेनजरवेट / चुभी | प्रतिपीस | |
| 17 | रड शॅकेट | प्रतिपीस | |
| 18 | मुण्डाहेड | प्रतिपीस | |
| 19 | स्टैन | प्रतिपीस | |
| 20 | एक्सल धुरा | प्रतिपीस | |
| 21 | बैरिंग | प्रतिपीस | |
| 22 | सलेन्डरसेट | प्रतिपीस | |
| 23 | वाटरटेनक | प्रतिपीस | |
| 24 | लिपटर | प्रतिपीस | |
| 25 | भाईस | प्रतिपीस | |
| 26 | पाईपडाई 1.50 सावाईन्च | प्रतिपीस | |
| 27 | Safety Helmet | प्रतिपीस | |

**नियम एवं शर्ते:–**

नियम एवं शर्तकार्यालय के सुचना पट्ट या www.palamu.nic.in के वेबसाईटपर देखा जा सकता है।

1- सामग्री के निर्माता / प्रधिकृत विक्रेता / आपूर्तिकर्ता सेनिविदा / दर आमंत्रित की जाती है।
2- निविदा / कोटेशन शुल्क मो0 राशि–1000 / –(एक हजार) रूपये का भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्टजो "कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर" के नाम से छतरपुर में देय होगा। जमा करना अनिवार्य है।
3- जी0एस0टी0 पंजीकरण होना चाहिए।
4- 3Last Year Income Tax Return की छाया प्रति जमा करना होगा।
5- पैन कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।
6- आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।
7- सभी जमा की दस्तावेज पर स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करना आवश्यक होगा।
8- सशर्त / अस्पष्ट निविदा मान्य नहीं होगा।
9- किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी संस्था द्वारा काली सूची में दर्जन हीं रहने संबंधी एवं किसी अन्य विभाग में उनका कार्य लंबित नहीं होने का शपथ–पत्र की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10- किसी भी समय कोटेशन् को स्वीकृत करने अथवा आंशिक रूप से संशोधन या अस्वीकृत करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छ्त्तारपुर को सुरक्षित रहेगा।
11- सामग्रियों की आपूर्ति नगर पंचायत, छत्तरपुर के भण्डार गृह में करना होगा। इसकेलिए कोई भी परिवहन भत्ता अलग से देय नहीं होगा तथा होने वाले टूट–फुट तथा क्षति की जवाब देही आपूर्तिकर्ता की होगी।
12- न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश निर्गत के पूर्व सभी सामानों का एक–एक नमूना कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
13- राशि उपलब्ध रहने पर ही भुगतान किया जायेगा।
14- आपूर्तिकर्त्ता को ISI / ISO Mark का सामग्री आपूर्ति करना होगा।
15- निविदा / कोटेशन पर निर्णय लेने का अधिकार क्रय समिति का होगा। समिति को आवश्कता महसूस होने पर सामग्री का नमूना प्रस्तुत करना होगा।
16- उपर्युक्त कोटेशन् या उसके किसी अंशको किसी भी समय रदद या संशोधन करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
17- न्यायालय संबंधी किसी भी प्रकार का वाद / मामले का निष्पादन पलामू जिला अन्तर्गत ही किया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 317534 District(23-24)#D

## सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती

सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती के अवसर इसे सहज सुलभ और जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता बनाने पर पहल हो। आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक जटिलताओं में उलझी रही है। न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की प्राचीन पद्धति और बुनियादी ढाँचा में कमी जैसे कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेजी से घेरती जा रही है। 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिस ओर प्रधानमंत्री ने ध्यान दिलाया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की मांग भी की जा रही है, लेकिन फिर भी इस ऐतिहासिक पहलको कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे। अनेक कानूनविद् यहां उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक 28 जनवरी, 1950 को हुई थी, देश की न्याय प्रणाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित होती है। इसी बात का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि न्याय की पहुंच इस देश के हर कोने एवं हर नागरिक तक पहुंचे। इसी सोच के साथ ई-कोर्ट के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। पिछले साल केंद्रीय बजट में, सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी- जो कि 1,670 करोड़ रुपये के पिछले आवंटन से चार गुना अधिक है। मोदी सरकार भारत की न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये हरसंभव सहयोग दे रही है। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने में तत्पर है। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालतें कल के भारत को और मजबूत करेंगी।

> **75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिस ओर प्रधानमंत्री ने ध्यान दिलाया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की मांग भी की जा रही है, लेकिन फिर भी इस ऐतिहासिक पहलको कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे।**


इन दिनों

# किताब ही व्यक्तित्व को निखारने में सक्षम



पंचम कुमार

***दोस्तों*** के बिना जिंदगी जीना आसान नहीं है लेकिन जब किताबों की बात आती है, तो वे हमारी सबसे अच्छी दोस्त हो सकती हैं। अच्छी किताबें एक अच्छे दोस्त की तरह हमारे दिमाग को अच्छे विचारों और ज्ञान से समृद्ध करती हैं। हम किताबों की संगति में अकेले महसूस नहीं कर सकते। एक अच्छी किताब पढ़कर हम कई अच्छी बातें सीख सकते हैं। प्रसिद्ध और अनुभवी लोगों द्वारा लिखी गई किताबें हमें बेहतर इंसान बनने में मदद करती हैं और हमें यह भी सिखाती हैं कि सर्वोत्तम संभव तरीके से समाज की सेवा कैसे करें। जब हम अकेले होते हैं, तो हम हमेशा एक किताब उठा सकते हैं और आराम महसूस करने के लिए पढ़ना शुरू कर सकते हैं। किताबें हमें जीवन में महान काम करने और हमारी असफलताओं से उबरने के लिए प्रेरित करती हैं। किताबें अच्छी या बुरी हो सकती हैं, लेकिन उनका चयन सोच-समझकर करना हमारी जिम्मेदारी है। अच्छी किताबों से दोस्ती आपको एक अच्छा इंसान बनाती है और बुरी किताबों से दोस्ती आपको एक बुरा इंसान बना सकती है। आपके बुरे वक्त में किताबें हमेशा आपके साथ रहेंगी। किताबें हमें सपने देखना सिखाती हैं। किताबें हमारे जीवन में सकारात्मक मूल्य लाती हैं। हम अपने सबसे अच्छे मित्र के रूप में अच्छी किताबों से बहुत से गुण सीख सकते हैं स्मार्ट होना, बहादुर बनना, साहस के साथ समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार होना, कभी हार न मानने वाली नसीहत, दयालु बनना, दूसरों के प्रति सकारात्मक भावनाएं दिखाना, विनम्र बनना, किसी का अपमान न करना, हमेशा दूसरों के लिए आभारी रहना, दूसरों की मदद करना, सकारात्मक सोच विकसित करना, अच्छे नैतिक मूल्य को सम्मान करना इत्यादि। किताबें हर छात्र के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, उन्हें कल्पना की दुनिया से परिचित कराती हैं, बाहरी दुनिया का ज्ञान प्रदान करती हैं, उनके पढ़ने, लिखने और बोलने के कौशल में सुधार करती हैं और साथ ही स्मृति और बुद्धि को बढ़ाती हैं। हमारे जीवन में किताबों के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता क्योंकि वे न केवल हमारे क्षितिज को व्यापक बनाने में मदद करती हैं बल्कि हमें हमारे आसपास की दुनिया से जोड़ने के द्वार के रूप में भी काम करती हैं। किताबें ज्ञान से भरी होती हैं, वे आपको जीवन की सीख देती हैं, और वे आपको कठिनाइयों, प्रेम, भय और हर छोटी-छोटी चीज के बारे में सिखाती हैं जो जीवन का हिस्सा है। किताबें यहां सदियों से मौजूद हैं और इनमें हमारे अतीत, सभ्यताओं और संस्कृतियों का ज्ञान होता है। पुस्तक पढ़ने का महत्व उन तरीकों से प्रतिबिंबित हो सकता है जिनसे यह हमारे आत्म-विकास और समग्र विकास को पूरा करता है। किताबें आपकी कल्पना को रोशन करती हैं। किताबें आपको अपने आस-पास की दुनिया के बारे में अपना अनूठा दृष्टिकोण बनाने में मदद करती हैं। किताबें आत्मविश्वास पैदा करती हैं। किताबें आपको मानसिक और भावनात्मक रूप से बढ़ने में मदद करती हैं। किताबें आपकी शब्दावली को बढ़ाती हैं। किताबें आपको नई भाषाएँ सीखने में मदद करती हैं। किताबें आप में विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करती हैं। किताबें उपचारात्मक होती हैं और अद्भुत वैराग्य प्रदान करती हैं। किताबें महत्वपूर्ण जीवन सबक प्रदान करती हैं। किताबें आपकी प्रतिभा को निखारती हैं। किताबें विद्यार्थियों को बुद्धिमान बनाती हैं। किताबें याददाश्त बढ़ाती हैं। किताबें विद्यार्थियों का तनाव दूर करती हैं। किताबें आपके लेखन कौशल को बेहतर बनाती हैं। किताबें हमें चीजों और दृष्टिकोणों से परिचित कराती हैं। किताबें आत्म-सुधार में मदद करती हैं। किताबें पढ़ने से आपके संचार कौशल में सुधार होता है। किताबें इतिहास दर्ज करती हैं और जागरूकता फैलाती हैं। किताब जितना वफादार कोई दोस्त नहीं है। किताबें हमारी साथी मित्र की तरह हैं। जिनकी कोई माँग या शिकायत नहीं होती। वे हमारे ज्ञान, बुद्धिमत्ता और जानकारी में सुधार करते हैं, जिससे हमें जीवन में सही निर्णय लेने में मदद मिलती है। अंत में जिसने किताब को अपना दोस्त बनाया गूगल उसे दोस्त बनाता है। और किताब पढ़ने के बाद जो सफलता मिलेगी उसके बाद लोग उन्हें गूगल में सर्च करेंगे।



> **प्रसिद्ध और अनुभवी लोगों द्वारा लिखी गई किताबें हमें बेहतर इंसान बनने में मदद करती हैं और हमें यह भी सिखाती हैं कि सर्वोत्तम संभव तरीके से समाज की सेवा कैसे करें। जब हम अकेले होते हैं, तो हम हमेशा एक किताब उठा सकते हैं और आराम महसूस करने के लिए पढ़ना शुरू कर सकते हैं। किताबें हमें जीवन में महान काम करने और हमारी असफलताओं से उबरने के लिए प्रेरित करती हैं। किताबें अच्छी या बुरी हो सकती हैं, लेकिन उनका चयन सोच-समझकर करना हमारी जिम्मेदारी है।**

**पुस्तकों के प्रकार**

किताबें मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं, एक काल्पनिक और दूसरी गैर-काल्पनिक। काल्पनिक किताबें पूरी तरह से लेखक की कल्पना पर आधारित होती हैं, वहीं दूसरी ओर, गैर-काल्पनिक किताबें किसी विशेष व्यक्ति, कहानी, समाचार या जानकारी के बारे में होती हैं। अलग-अलग आयु वर्ग के लोग धार्मिक, हास्यप्रद, काल्पनिक और शिक्षाप्रद जैसी अलग-अलग तरह की किताबें पसंद करते हैं। कॉर्पोरेट जगत आम तौर पर व्यावसायिक पत्रिकाओं और पत्रिकाओं को प्राथमिकता देता है। उपश्रेणी के अंतर्गत पुस्तकें शैक्षिक और मार्गदर्शक, कुंडली और वैज्ञानिक, लेख और निबंध और भी बहुत कुछ। आमतौर पर किताबों में लोकप्रियता आयु वर्ग और लोगों की मानसिकता पर निर्भर करती है। छात्र शैक्षिक और व्यावसायिक किताबें पसंद करते हैं, बच्चे ज्यादातर कहानियों और काल्पनिक किताबें पसंद करते हैं, जबकि परिपक्व लोग साहित्य और उपन्यास संबंधी किताबें पसंद करते हैं। विद्यार्थियों से अपील है कि अश्लीलता परोसती सोशल मीडिया के बजाय किताबों को दें अपना कीमती समय।

**लेखक पंचम कुमार, युवा शिक्षाविद हैं**

## आपकी बात

### *आंखे खोलने वाला लेख प्रथम पृष्ठ पर*



देवेश कु.घोष

कोचिंग के लिए प्रसिद्ध एक शहर में मासूम बच्चों के आत्महत्या की खबर कहीं न कहीं अभिभावकों के प्रति रोष पैदा करता है। समय आ गया है जब अभिभावकों को कौंसेलिंग की आवश्यकता है। विद्यालयों में सप्ताह के छः दिनों के पाठन पाठन में एक दिन अभिभावकों की कक्षा आयोजित कर उन्हें सावधान किया जाना चाहिए कि अपनी महत्वाकांक्षा बच्चों पर न डालें। इन दिनों माता-पिता ही बच्चों का कैरियर चुन रहे हैं। अपनी इच्छा का बोझ बच्चों की क्षमता या रुचि को नजरंदाज कर उन पर लाद देते हैं और वह माता पिता के सपनों को साकार करने में हाँफने लगता है। भले सारे असफल बच्चे आत्महत्या ही नहीं करते हैं, संभव है डिप्रेशन में जाकर जीते जी मर रहे हों। विद्यालय के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई की अद्यतन जानकारी, रुचि, कमियाँ, प्रगति की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनके भविष्य के कैरियर की आगामी पढ़ाई तय करें तो उचित होगा। कोई अभिभावक नहीं चाहते हैं कि उनका बच्चा असफल होकर आत्महत्या करना चुन ले, परंतु समस्या का विश्लेषण होना चाहिए। कुछ कैरियरों को माता पिता, अभिभावक बच्चों के सपनों के बजाए अपना सपना बना लेते हैं। बच्चों के जान बचाने के लिए अभिभावकों को सावधान होना जरूरी है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।)**

### बिजली की कटौती से परेशानी

गढ़वा जिले में करीब एक सप्ताह से शहरी व ग्रामीण इलाका में पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। उक्त कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ बढ़ती ठंड से लोग हलकान हैं तो दूसरी तरफ बिजली कटौती के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। शाम समय बिजली आपूर्ति नहीं होने से रूम हीटर के अलावा ठंड से राहत देने के लिए मौजूद अन्य उपकरण का लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बिजली कटौती से बिजली आधारित अन्य काम पर भी उसका असर पड़ रहा है। इधर विभागीय आकड़ों के अनुसार जिले को करीब 70 मेगावाट की जरूरत होती है। उसके अनुरूप जिले को बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सुबह से लेकर शाम (पिक आवर) छोड़कर हर समय पर्याप्त मात्रा में जिले को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति हो रही है।

**- राकेश कुमार**

राजनीति

# खरगे का बयान और कांग्रेस की हताशा



आशीष वशिष्ठ


***कांग्रेस*** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 29 जनवरी को भुवनेश्वर में थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा- '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है। कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आये तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गये। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किये गये और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिये अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में नसबंदी से इनकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया।

> **भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# दिल्ली की 'सुनहरी' पर बवाल क्यों?



अदिति सिंह

***भारत*** में विकास के कार्यों में कानूनी पेचीदगियां, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। वैसे भी विपक्ष और कुछ वर्ग विशेष के नुमाइंदों ने सरकार के प्रत्येक विकास के कार्य को सांप्रदायिक और सियासी मुद्दा बनाने की कुत्सित मानसिकता बना ली है। हाल ही में हमने नये संसद भवन के उद्घाटन, पवित्र सेंगोल और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रकरणों में कई कुतर्कों और दुर्भावनाओं के विष वमन को झेला है। यही संकीर्ण मानसिक प्रवृत्ति अन्य छोटे-बड़े विकास कार्यों को भी सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करती रहती है। दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को 'हकीम जी का बाग' भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है। इसके चारों तरफ दिन-रात ट्रैफिक चलता है। नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुनहरी मस्जिद को हटाना चाहती है। एनडीएमसी के चीफ आर्किटेक्ट ने हाल ही में दिये एक विज्ञापन में जनता से इस मस्जिद को हटाने के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां मांगी थी। जैसे ही ये विज्ञापन आया मानो कोई भूचाल आ गया हो। राजनेताओं से लेकर मौलानाओं ने इस मस्जिद को हटाने का विरोध किया। इसके विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में दो याचिका भी दायर हुई। एक याचिका में तो इसे दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने होने का दावा भी किया है, जबकि एनडीएमसी ने हलफनामा देकर कहा है कि ये एनडीएमसी की जमीन है। सोशल मीडिया पर भी इसका हर तरह से विरोध किया जा रहा है। हैरत की बात है कि हर कोई जानता है कि इस मस्जिद की वजह से अकसर वहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और जुमे के दिन यहां नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। लेकिन इसे एक सांप्रदायिक मुद्दा बनाया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि ये सब किसी एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किया जा रहा है। जबकि सच तो यह है की पिछले पांच साल में इसी वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों के लिए अनगिनत मंदिरों को तोड़ कर सड़कें चौड़ी करवाई और निर्माण कार्य करवाये जिससे ट्रैफिक की समस्या में लाभ भी हुआ। लेकिन ये सब न इतनी प्रमुखता से मीडिया में आता और न ही यह सब कभी विस्तृत चर्चा का विषय बनता है।

> **दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को 'हकीम जी का बाग' भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है।**



## बोधि वृक्ष

### *प्रेम मंदिर वृन्दावन का इतिहास*

प्रेम मन्दिर वृन्दावन का इतिहास, जानकारी

प्रेम मन्दिर उत्तर प्रदेश के मथुरा ज़िले की प्रसिद्ध नगरी वृंदावन में बना आधुनिक मन्दिर है। इसका निर्माण जगद्गुरु कृपालु महाराज द्वारा भगवान कृष्ण और राधा के मन्दिर के रूप में करवाया गया है। जिसका 17 फरवरी, 2012 को लोकार्पण हुआ। इसकी देखरेख एक अंतर्राष्ट्रीय निर्लाभ, साहित्यिक, चैरिटेबल ट्रस्ट जगद्गुरु कृपालु परिषद् करती है। उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी मथुरा को भगवान श्रीकृष्ण का ही एक रूप माना जाता हैं, क्योंकि इसी नगर में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। यहां का पूरा क्षेत्र कान्हा की भक्ति और कृपा से भरा हुआ है। जाति, वर्ण और देश का भेद मिटाकर पूरे विश्व में प्रेम की सर्वोच्च सत्ता कायम करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की दिव्य प्रेम लीलाओं की साक्षी वृंदावन नगरी में प्रेम मंदिर का निर्माण करवाया गया है।

**स्थापना :** लगभग 54 एकड़ में फैली प्रेम मन्दिर का निर्माण कृपालु जी महाराज ने करवाया। 14 जनवरी, 2001 को उन्होंने लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पहली ईंट रखकर प्रेम मंदिर का शिलान्यास किया था। उसी दिन से राजस्थान और उत्तर प्रदेश के करीब एक हजार शिल्पकार अपने हजारों श्रमिकों के साथ प्रेम मंदिर को गढ़ने में जुटे थे और 11 साल बाद यह साकार होकर सामने आया। इस मन्दिर के निर्माण में करीब 150 करोड़ रूपए की धनराशि का खर्च हुआ। कृपालु जी महाराज का कहना है कि जब तक विश्व में प्रेम की सत्ता सर्वोच्च स्थान हासिल नहीं करेगी, विश्व का आध्यात्मिक कल्याण सम्भव नहीं है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### *व्हाट्सएप से बुक होने वाली है बस टिकटें*

कई यात्री इस तरह की समस्या से दो-चार होते रहे हैं। जाहिर तौर पर यह बेहद उपयोगी है। बता दें कि दिल्ली में 40 लाख से अधिक लोग बसों से यात्रा करते हैं और आने वाले कुछ सालों में यह संख्या 60 लाख तक पहुंच जाएगी। ऐसे में डिजिटल टिकटिंग प्रणाली नगदी में होने वाली हेर फेर को काफी हद तक कंट्रोल कर पाएगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा जानकारी दी गई है कि 15 जनवरी के आसपास इसका ट्रायल रन शुरू हो सकता है और उसके बाद एक दो महीने में यह पूरी तरह से सभी यात्रियों के लिए ओपन हो जाएगा। जानकारी के लिए आपको बता दें कि 7000 से अधिक सरकारी बसें दिल्ली में चलती है जिसमें 4000 तो खुद उळ्ळ की अपनी बसे हैं। वहीं 3000 क्लस्टर बसें दिल्ली के यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती हैं। देखना दिलचस्प होगा कि व्हाट्सएप के साथ दिल्ली परिवहन निगम की यह साझेदारी लोगों को किस प्रकार का एक्सपीरियंस प्रोवाइड करती है।




**- विंध्यवासिनी सिंह**

**(समाप्त)**

**व्हाट्सएप ग्रुप चैट में आसानी से ढूंढें अपना मैसेज**

ग्रुप चैट में अक्सर धड़ल्ले से मैसेज आते रहते हैं और आपका मैसेज कहीं खो जाता है। ऐसे में लगातार स्क्रॉल करके आपको अपना मैसेज सर्च करना पड़ता है। अब इस समस्या को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप ने मैसेज को पिन करने का ऑप्शन दिया है, जिससे आप अपने मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर पायेंगे। (क्रमशः)

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# चीनी जासूस होने के संदेह में पकड़ा गया था कबूतर, आठ महीने बाद मिली रिहाई

**एजेंसी। मुंबई**

चीनी जासूस होने के संदेह में आठ महीने पूर्व चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़े गए कबूतर को मंगलवार को रिहा कर दिया गया। कबूतर को मुंबई के एक पशु चिकित्सालय में रखा गया था। बुधवार को आरसीएफ पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि परेल के बाई सकरबाई दिनशॉ पेटिट हॉस्पिटल फॉर एनिमल्स ने सोमवार को कबूतर को छोड़ने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद पुलिस ने अनुमति दे दी और मंगलवार को कबूतर को रिहा कर दिया गया। कबूतर की मेडिकल कंडीशन उसपर से ठीक है। जासूसी का आरोप भी हटा दिया गया।



## ताइवान में खुले पानी में रेसिंग में हुआ था शामिल, उड़कर पहुंच गया भारत

**कबूतर के पंजे में बंधे थे दो छल्ले :** कबूतर को पिछले साल मई में आरसीएफ पुलिस ने उपनगरीय चेंबूर के पीर पाउ जेट्टी में पकड़ा था। कबूतर के पंजे में दो छल्ले बंधे थे, इनमें एक तांबे का और दूसरा एल्यूमीनियम का था। उसके दोनों पंखों के नीचे चीनी भाषा जैसी लिपि में मैसेज लिखे थे।

**पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच, सामने आया सच :** इसके बाद आरसीएफ पुलिस ने केस दर्ज किया था, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कबूतर ताइवान में खुले पानी में रेसिंग में शामिल हुआ था। इस दौरान ये कबूतर उड़कर देश से बाहर आ गया और भारत में आ पहुंचा था।

## रोहतास के डेहरी शहर में तेंदुआ घर में घुसा

**पटना।** बिहार के रोहतास जिले के डेहरी शहर में मंगलवार की शाम उस समय दहशत फैल गई, जब जंगली इलाके से एक तेंदुआ वहां घुस आया। डेहरी के जगजीवन कॉलेज के पास लाला कॉलोनी में सेवानिवृत्त शिक्षिका शशिप्रभा के घर में तेंदुआ घुस गया। हालांकि, परिवार के सदस्यों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तेंदुए को एक कमरे में बंद करने में कामयाब हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। डेहरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, हमने वन्यजीव विभाग को घटना के बारे में सूचित कर दिया है। बचाव अभियान जारी है। जब हमने इलाके में एक तेंदुए के घूमने के बारे में सुना। तो हम बाहर निकले तब तक तेंदुआ शशिप्रभा के घर में घुस चुका था।

## रघुराम राजन ने उद्धव ठाकरे से की मुलाकात सियासी हलचल तेज

मुंबई। अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार देर रात महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से उनके घर पर मुलाकात की। इससे राज्य के राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इस बैठक को 'शिष्टाचार भेंट' के रूप में वर्णित किया गया है। फिर भी तेज राजनीतिक अटकलों को हवा मिली। शिवसेना (यूबीटी) के नेता और अन्य महा विकास अघाड़ी के बड़े नेता इस बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। बांद्रा पूर्व में स्थित पारिवारिक घर 'मातोश्री' में उद्धव ठाकरे, पत्नी रश्मी, उनके बच्चों, युवा सेना प्रमुख और वर्ली विधायक आदित्य के अलावा पर्यावरणविद तेजस ने 60 वर्षीय रघुराम राजन का फूलों का गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

# 15 पीएफआई सदस्यों को मौत की सजा देने वाले जज की सुरक्षा बढ़ी

**एजेंसी। कोच्चि**



केरल की एक अदालत द्वारा 2021 में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के दोषी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 15 सदस्यों को मौत की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद न्यायाधीश की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार को कोर्ट ने इस जघन्य अपराध के लिए सभी 15 आरोपियों को मौत की सजा सुनाई। यह फैसला भारत के न्यायिक इतिहास में बहुत दुर्लभ माना जा रहा है, क्योंकि एक ही मामले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है। फैसले के बाद जज सोशल मीडिया पर निशाने पर आ गईं और इसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई। एक अधिकारी के अधीन केरल पुलिस के पांच जवानों को कोर्ट के पास उनके आवास पर तैनात किया गया है। बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव की हत्या के मामले में 31 आरोपी हैं और पहली चार्जशीट में आए 15 आरोपियों के लिए यह फैसला सुनाया गया। अलाप्पुझा बार एसोसिएशन में प्रैक्टिस करने वाले वकील रंजीत श्रीनिवासन 2021 में अलाप्पुझा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा के उम्मीदवार थे। यह घटना 19 दिसंबर, 2021 को हुई, जब पीएफआई के सदस्यों ने अलाप्पुझा में उनके आवास में घुसकर उनकी पत्नी और मां की मौजूदगी में उनकी हत्या कर दी।

## उत्तर प्रदेश के नए कार्यवाहक डीजीपी बने प्रशांत कुमार

**लखनऊ।** आईपीएस प्रशांत कुमार को बुधवार को उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का चार्ज दे दिया गया। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वर्ष 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी बने हैं। करीब साढ़े तीन वर्ष से वह कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। प्रशांत कुमार कार्यवाहक डीजीपी की घोषणा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी। प्रशांत कुमार योगी सरकार के भरोसेमंद अफसरों में से एक माने जाते हैं। स्पेशल डीजी से पहले वे मेरठ के एडीजी भी रह चुके हैं। करीब दो साल से यूपी पुलिस में कार्यवाहक डीजीपी से काम हो रहा है।

## एक नजर

### पालिकाओं की नौकरी का मामला : ईडी ने फिर से तृणमूल नेता को बुलाया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता निताई दत्ता को तलब किया है।दत्ता, जो उत्तर 24 परगना जिले में दक्षिण दम दम नगर पालिका के उपाध्यक्ष भी हैं, को इस सप्ताह यहां ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। यह दूसरी बार है जब कथित घोटाले के संबंध में दत्ता से पूछताछ की जाएगी। इस मामले में उनसे पहले पिछले साल अक्टूबर में ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की थी।

### राजस्थान के सीएम ने किसानों के लिए पीएम सम्मान निधि व पेंशन बढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को पीएम सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन और बोनस की घोषणा की। पीएम सम्मान निधि के तहत किसानों को अब हर साल 6000 रुपये की जगह 8,000 रुपये मिलेंगे. इसके अलावा किसानों को गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल 125 रुपये ज्यादा मिलेंगे। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी 150 रुपये की बढ़ोतरी की है। अधिकारियों ने बताया कि विधवा, बुजुर्ग और परित्यक्ता लोगों को अब हर महीने 1150 रुपये मिलेंगे।

### लोकायुक्त पुलिस ने पूरे राज्य में कर्नाटक के बाबुओं पर मारे छापे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बुधवार सुबह राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों के मुताबिक, 10 से ज्यादा जिलों में छापेमारी चल रही है। छापेमारी बेंगलुरु, मांड्या, मैसूरु, हसन, तुमकुरु, चिक्कमगलुरु, चामराजनगर, बेल्लारी, विजयनगर और दक्षिण कन्नड़ जिलों में की जा रही है। बेंगलुरु के विद्यारण्यपुरा में पीडब्ल्यूडी से जुड़े एक कार्यकारी अभियंता के आवास पर तलाशी हो रही है। मांड्या में कार्यालय, रिश्तेदारों के घर और नागमंगला में एक फार्महाउस पर भी छापा मारा गया है। हसन जिले में एक फूड इंस्पेक्टर के आवास और कार्यालय पर भी छापेमारी की जा रही है।

### नीतीश कुमार को राजद की सलाह, 'राजनीतिक लड़ाई लड़ें

# 'नौकरी-रोजगार देने के कार्य को बाधित न करें'

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा ने कहा कि बिहार में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में रोजगार और नौकरी देने वाली सरकार को समाप्त करने की दिशा में साजिश की गई। उन्होंने बिना किसी के नाम लिए कहा कि किस दबाव, डर, खौफ और प्रभाव से आप निकल गये, ये सब जानते हैं। राजनीतिक लड़ाई लड़ें, लेकिन, रोजगार और नौकरी को बाधित न करें। पटना में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने से पहले तेजस्वी यादव की शर्त थी कि बिहार में नौकरी और रोजगार का जो संकल्प है, उस दिशा में सरकार पहल करेगी। आज उसी का परिणाम है कि बिहार की चर्चा इस बात पर हो रही है कि तेजस्वी संकल्प के अनुसार लाखों नौजवानों को नौकरी दी गई। उन्होंने कहा कि जो काम एनडीए की सरकार ने 17 वर्षों में नहीं किया, उसे 17 महीने में तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने संकल्पों और कार्यों से पूरा किया। सरकारें बनती हैं युवाओं के रोजगार, आम लोगों की बेहतर चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, विकास और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान के लिए, न कि मंदिर-मस्जिद और गुरूद्वारे के निर्माण के लिए। उन्होंने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 लाख 35 हजार नौकरी देने की प्रक्रिया तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी ने अपने स्तर से पूरी कर ली थी। जिसे दो महीने के अंदर में पूरा किया जाये। 1 लाख और शिक्षकों की नियुक्ति को 30 से 40 दिनों के अंदर पूरा करने के साथ-साथ गृह विभाग, सहकारिता विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सहित अन्य विभागों के लिए जो रिक्तियां चिन्हित की गई थी, उस पर पहल हो। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि तेजस्वी के संकल्प के मुताबिक बिहार में जातीय गणना हुई, हमने आंकड़ों को लोगों के सामने लाया और उसी आधार पर आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया गया है।



### राहुल के जातीय गणना वाले बयान पर भड़के नीतीश कुमार

**पटना।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के मंगलवार को जातीय गणना करवाने के लिए दबाव बनाने के बयान पर बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भड़कते हुए कहा कि यह सब फालतू की बात है। पटना में बुधवार को जब पत्रकारों ने राहुल के बयान के संबंध में पूछा तो नीतीश ने भड़कते हुए कहा कि वो फालतू बात कर रहे हैं। यह बिल्कुल गलत बात है। वह झूठी क्रेडिट ले रहे हैं। जातिगत गणना हमने कराई। उन्होंने कहा कि हमने तो नौ पार्टियों को बैठाकर इस पर निर्णय लिया। इसके बाद इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री से भी मिलने गए। उसके बाद सभी पार्टियों को बुलाया और निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जातीय गणना तो हमने कराई है। जब यह निर्णय लिया गया था, तब तो विपक्ष दूसरा था। इससे पहले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया में कहा था कि बिहार में लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना हमारे गठबंधन की जिम्मेदारी है और इसके लिए हमें नीतीश जी की जरूरत नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा था कि मैंने उनसे सीधे कहा कि आपको बिहार में जातीय जनगणना करानी होगी। जब हमने नीतीश जी से सर्वे कराने पर जोर दिया तब वो भाजपा से डर गए।

## बिहार में नाबालिग की हत्या, दुष्कर्म की जताई आशंका

**शेखपुरा।** बिहार के शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 12 साल की नाबालिग का शव उसके गांव के ही खेत से बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद लड़की की हत्या कर शव को छोड़कर आरोपी भाग गया।

पुलिस के अनुसार, 12 वर्षीय लड़की मंगलवार की शाम गांव में ही साग तोड़ने गई थी।

जब वह देर शाम तक नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। बताया जाता है कि लड़की का शव पास के ही एक अरहर के खेत से बरामद किया गया।

इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बच्ची के परिजनों के मुताबिक, शव निर्वस्त्र बरामद किया गया है। जिससे परिजन दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम द्रष्ट्या दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका प्रतीत हो रहा है।

संभावना है कि गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी।

## बिहार में 12वीं की परीक्षा गुरुवार से

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में 13.04 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए प्रदेश में 1523 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के मुताबिक, इस साल होने वाली 12वीं की परीक्षा में 6.77 लाख छात्र और 6.26 लाख छात्राएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर बोर्ड द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में परीक्षा के 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी और वीक्षक मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएंगे। सभी केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। पटना में 77 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनके लिए 78 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में जीव विज्ञान और दर्शन शास्त्र की परीक्षा होगी जबकि दूसरी पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा 12 फरवरी तक चलेगी।



## चोरी करने वालों से पुलिस की मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबास पुलिस और बदमाशों के बीच बीती देर रात मुठभेड़ हुई। लोनी बॉर्डर क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में ज्वैलरी शॉप में चोरी करने वाले गैंग के 3 बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है। दो बदमाशों को पैर में गोलियां लगी हैं और एक अन्य को कांबिंग कर पकड़ा गया। लोनी बॉर्डर क्षेत्र में 10 जनवरी की रात ज्वैलरी शॉप में एक बड़ी चोरी हुई थी। करीब 12-13 चोरों ने लोहे की रॉड से दुकान का शटर उठाया और करीब 40 लाख रुपए कीमत के जेवरात चुराकर ले गए। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। बदमाशों की इतनी संख्या देख लोगों ने उस समय पुलिस की कार्यप्रणाली पर खूब सवाल उठाए थे। अंकुर विहार क्षेत्र के एसीपी रवि प्रकाश सिंह ने बताया, 30 जनवरी को देर रात मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि ये गैंग फिर से एक्टिव है और कोई नई घटना करने की तैयारी में है। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस, स्वाट टीम ग्रामीण जोन ने लालबाग क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया।



## भारत जोड़ो यात्रा में तय होगा लोस चुनाव का रोडमैप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस राहुल गांधी की प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए लोकसभा चुनाव का रोडमैप बनाने की तैयारी में है। राहुल गांधी की यात्रा से पहले कांग्रेस के प्रमुख नेता संबंधित लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करने वाले हैं जहां से न्याय यात्रा गुजरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से प्रारंभ हो चुकी है, जो मध्य प्रदेश में फरवरी के दूसरे पखवाड़े में प्रवेश करेगी। यह यात्रा प्रदेश के नौ जिले मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन, रतलाम तथा झाबुआ के अंतर्गत आने वाले सात लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। कांग्रेस नेता की इस यात्रा से पहले सक्रिय हैं और वरिष्ठ नेता उन क्षेत्रों का दौरा कर लोकसभा वार बैठक भी करने वाले हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार चार फरवरी से सात फरवरी तक ग्वालियर, उज्जैन और भोपाल का लोकसभा चुनाव एवं राहुल गांधी की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु संयुक्त दौरा करेंगे।



## मेयर चुनाव में धोखाधड़ी : हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक दिन पहले हुए मेयर पद के चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम चंडीगढ़ से जवाब मांगा। हालांकि, परिणामों पर रोक लगाने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बंगर की खंडपीठ ने आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार की याचिका पर नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। इस फैसले को आप और कांग्रेस पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने चुनौती दी है, जिन्होंने पीठासीन अधिकारी पर मतगणना प्रक्रिया में धोखाधड़ी और जालसाजी का सहारा लेने का आरोप लगाया। मंगलवार को इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस-आप गठबंधन को एक बड़ा झटका लगा, नगर निगम में सत्तारूढ़ भाजपा ने चार वोटों से जीत हासिल करके लगातार नौवीं बार मेयर पद की सीट बरकरार रखी। सबसे ज्यादा पार्षद होने के बावजूद आप-कांग्रेस गठबंधन सीट हार गया।




# सरकार ने 16वें वित्त आयोग के 4 सदस्यों की नियुक्ति की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने बुधवार को 16वें वित्त आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति की, जिसका गठन 31 दिसंबर, 2023 को नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को अध्यक्ष बनाकर किया गया था। भारत के राष्ट्रपति ने 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, पूर्व विशेष सचिव व्यय एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्था ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में मंजूरी दे दी है। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को 16वें वित्त आयोग के अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। आयोग से राज्यों को करों के वितरण पर अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, इसमें 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की पुरस्कार अवधि शामिल है। कैबिनेट ने 29 नवंबर को 16वें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी थी। इनमें केंद्र और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय का वितरण और ऐसी आय के संबंधित शेयरों के राज्यों के बीच आवंटन, सिद्धांत, सहायता अनुदान और राज्यों के राजस्व और पूरक के लिए आवश्यक उपाय शामिल हैं। आयोग आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की भी समीक्षा करेगा; आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत गठित निधियों के संबंध में और इस मुद्दे पर उचित सिफारिशें करें।

**सचिव अजय नारायण झा, पूर्व विशेष सचिव व्यय एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्था ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष को मंजूरी दे दी है।**

## आय से अधिक संपत्ति मामले में शीर्ष अधिकारी से शुरू हुई पूछताछ

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को राज्य के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) सचिव और हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक (भूमि प्रबंधन) शिव बालकृष्ण से पूछताछ शुरू की। एसीबी अदालत के आदेश के बाद, एजेंसी ने उन्हें चंचलगुडा जेल से हिरासत में ले लिया, जहां वह 24 जनवरी को उनकी संपत्तियों की तलाशी के बाद आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तारी के बाद से बंद हैं। उन्हें पूछताछ के लिए बंजारा हिल्स में एसीबी कार्यालय लाया गया था। .विशेष पुलिस स्थापना और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसपीई और एसीबी) मामलों के प्रधान विशेष न्यायाधीश ने सोमवार को शिव बालकृष्ण को आठ दिनों के लिए एसीबी की हिरासत में भेज दिया था। पूछताछ 7 फरवरी तक जारी रहेगी। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी बालकृष्ण के 15 बैंक खातों से लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो पहले हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) के निदेशक (योजना) के रूप में कार्यरत थे। एसीबी अधिकारी एचएमडीए निदेशक के रूप में उनके द्वारा दी गई मंजूरी की जांच करेंगे।

# सपा के एकतरफा फैसले से यूपी में दरक सकता है 'इंडिया' गठबंधन!



**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के लिए भले ही इंडिया गठबंधन बना हो, लेकिन, सपा मुखिया अखिलेश यादव उसमें एकतरफा फैसले ले रहे हैं। इससे कांग्रेस नाखुश है। लेकिन, कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व खुलकर नहीं बोल रहा है। इस कारण यूपी में 'इंडिया' गठबंधन दरक सकता है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि यूपी में कांग्रेस का संगठन कमजोर है। सपा को भी यह बात पता है। यही कारण है कि सपा इंडिया गठबंधन में अपने को एक बड़ी भूमिका में रखना चाहती है। नीतीश कुमार के जाने के बाद सपा को कांग्रेस पर अपना दबाव बढ़ाने का मौका मिल गया है। इसी कारण से उन्होंने सबसे पहले कांग्रेस को बिना बताए ही रालोद के साथ गठबंधन कर लिया और उन्हें सात सीटें भी दे दी। जब तक यह चल ही रहा था कि इसी बीच सपा ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की घोषणा कर दी। इसके बाद 16 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी। इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस के लोग ज्यादा खुश नहीं हैं। इससे एक बात तो बिलकुल साफ है कि सपा सीट शेयरिंग अपने हिसाब से ही करेगी। वह यूपी में कांग्रेस को भाव देने वाले नहीं हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, हमारी पार्टी इंडिया गठबंधन में लीड भूमिका अदा कर रही है। लेकिन, सपा लगातार गठबंधन धर्म की अवहेलना कर रही है। पहले हमारे शीर्ष नेतृत्व को बिना विश्वास में लिए ही महज 11 सीटें दे दी। इसके बाद अब अपने मन से 16 सीटें घोषित कर दी। उन सीटों में फैजाबाद, फरुर्खाबाद, खीरी, कानपुर देहात और धौरहरा में कांग्रेस ज्यादा समय तक चुनाव जीतती रही है।

## उठे सवाल | लोगों ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस से पूछे सवाल

# हनुमान ध्वज विवाद के बाद हरे झंडों पर आपत्ति

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के मांड्या जिले में एक सार्वजनिक स्थान से हनुमान ध्वज हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर लगे हरे झंडों को हटाने की मांग उठने लगी है। घटनाक्रम को लेकर कर्नाटक सरकार चिंतित है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक पोस्ट में शशांक जेएस नाम के शख्स ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से सवाल किया, "बेंगलुरु शहर के चामराजपेट विधानसभा क्षेत्र में जेजे नगर पुलिस स्टेशन के सामने हरा झंडा क्यों था?"पोस्ट में उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र और भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को भी टैग किया। बेंगलुरु के शिवाजीनगर के चांदनी चौक पर हरा झंडा फहराए जाने पर भाजपा के राज्य नेताओं ने भी आपत्ति जताई। झंडे की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। एक अन्य सोशल मीडिया यूजर विकास विक्की ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कांग्रेस नेताओं से पूछा कि वे बताएं कि हरा रंग किस धर्म का है। क्या आपके पास हरे रंग के झंडे हटाने की क्षमता नहीं है? आपका अत्याचार केवल हिंदू ग्रामीणों पर है। भाजपा विधायक यतनाल ने पुलिस विभाग को अवगत करते हुए सार्वजनिक स्थान पर दुश्मन देश के रंग वाले झंडे को फहराने की आलोचना करते हुए इसे ध्वज दिशानिदेर्शों के नियमों के खिलाफ बताया। शिवाजी नगर इलाका भारत में स्थित है, पाकिस्तान में नहीं। विरोध के बाद पुलिस ने चांदनी चौक से हरा झंडा हटा दिया और वहां तिरंगा फहरा दिया। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि नेता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि अगर राज्य भर में सार्वजनिक स्थानों से धार्मिक झंडे हटाने की मांग आने लगे तो क्या किया जाना चाहिए।



मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ से हनुमान ध्वज को हटाने से राज्य में एक बड़ा विवाद पैदा हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप सत्तारूढ़ कांग्रेस, विपक्षी भाजपा और जद-एस के बीच एक बड़ा टकराव हुआ है। जहां भाजपा ने बड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू किया, वहीं कर्नाटक विश्व हिंदू परिषद इकाई ने घोषणा की है कि वह राज्य में हनुमान ध्वज अभियान शुरू करेगी और राज्य की हर सड़क और घर पर भगवा झंडे फहराए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने बनाई सुरंग

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सलियों ने हमास की तर्ज पर सुरंग का सहारा लेना शुरू कर दिया है। यह खुलासा मंगलवार को हुए नक्सली हमले के बाद सुरक्षा बलों की तलाशी अभियान के दौरान हुई। दरअसल, बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हुए थे। इस घटना के बाद से ही सुरक्षा बलों का लगातार नक्सलियों की तलाशी के लिए अभियान जारी है। सुरक्षा बलों की तलाशी अभियान के दौरान एक सुरंग का खुलासा हुआ है। यह सुरंग दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र भैरवगढ़ के जंगल में मिली है। यह सुरंग लगभग 10 फीट गहरी है और कुछ फीट चौड़ी भी, जिसकी कुल लंबाई 60 मीटर से ज्यादा है। यह सुरंग कई जगह ऊपर से खुली रहती थी। इसे लकड़ी आदि से ढक दिया जाता था। इस सुरंग में नक्सली प्रशिक्षण तक हासिल करते थे, साथ ही वे अपने असलहे आदि को भी छुपाकर रखते थे। आशंका तो इस बात तक की है कि इन नक्सलियों ने मुठभेड़ के बाद अपनी सुरक्षा के लिए इस सुरंग का सहारा लिया होगा। इस सुरंग में एक समय में 50 से ज्यादा नक्सली छुप सकते हैं। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चौहान का दावा है कि नक्सलियों के साथ जो मुठभेड़ हुई थी, उसमें 8 से 10 नक्सली मारे गए हैं और 20 से 30 नक्सली घायल भी हुए हैं। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर पहुंचकर शहीद हुए सुरक्षा बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि फोर्स के लगातार आगे बढ़ते जाने और पहुंचविहीन इलाकों में भी कैम्प लगाने से माओवादी आतंकी बौखला गए हैं।



## अलग पहचान पत्र बांटना बीएसएफ का काम नहीं

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए हालिया आरोपों का खंडन किया, जिसमें बल के कर्मियों पर भारत-बांग्लादेश सीमाओं के करीब के गांवों के निवासियों को राज्य में अलग-अलग पहचान पत्र वितरित करने का आरोप लगाया गया था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि उनके कर्मी केवल भारत की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं और पहचान पत्र के वितरण से जुड़े नहीं हैं, क्योंकि एजेंसी के पास इसका अधिकार नहीं है। बीएसएफ के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि उनके संगठन जो एकमात्र काम करते हैं, वह राज्य के उन निवासियों को गेट पास जारी करना है, जिनके खेत कंटीले बाड़ के पार नो मैन्स लैंड में हैं और जिन्हें खेती के उद्देश्य से वहां जाना पड़ता है। ऐसे निवासियों को नो मैन्स लैंड में अपने खेतों में जाते और लौटते समय गेट पास दिखाना पड़ता है। बीएसएफ के अनुसार, यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि कोई भी बांग्लादेशी निवासी फर्जी पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद अवैध रूप से भारत में प्रवेश न कर सके।






# वैश्विक संकटों के बावजूद सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा : राष्ट्रपति मुर्मू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया लेकिन ऐसे वैश्विक संकटों के बावजूद केंद्र सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा और सामान्य भारतीय पर बोझ नहीं बढ़ने दिया।

उन्होंने कहा कि दुनिया में गंभीर संकटों के बीच भारत तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना, लगातार 2 क्वार्टर में भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत से ऊपर रही। उन्होंने कहा कि सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। ये स्तंभ हैं - युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब। इसलिए इन 4 स्तंभों को सशक्त करने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

## सात प्रतिशत से अधिक विकास दर की वित्त मंत्रालय को उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग और आर्थिक सुधारों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन इजरायल-हमास युद्ध जैसे भू-राजनीतिक तनाव के जोखिम भी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट देश के आर्थिक विकास पथ पर आशावादी है, जिसमें जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर से दोगुना होकर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। 29 जनवरी तक, भारतीय अर्थव्यवस्था के 3.7 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छूने की खबर है, जो एक दशक पहले 1.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति से एक बड़ी छलांग है।

### भू-राजनीतिक तनाव का जोखिम



वैश्विक मंदी के बीच वित्त मंत्रालय ने भारत की मजबूत विकास दर का श्रेय कई आर्थिक सुधारों और बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश को दिया है, जिसका अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में कई गुना प्रभाव पड़ा है। इन सुधारों ने वैश्विक झटकों के बीच देश को आर्थिक मजबूती दी है। बुनियादी ढांचे में सरकार के निवेश में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2015 में 5.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में अनुमानित 18.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह निवेश आर्थिक विकास को बनाए रखने और बढ़ाने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जो पिछले तीन वर्षों में 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ मजबूत रहा है। हालांकि, साथ ही इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं।

अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियों में एआई से पैदा हुए सर्विस सेक्टर में नौकरी में कटौती का खतरा, जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के बीच समन्वय बनाना और पर्याप्त रूप से कुशल कार्यबल की उपलब्धता शामिल है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के युग में, भारत का विकास दृष्टिकोण वैश्विक विकास के प्रभावों पर भी निर्भर करता है, न कि केवल इसके घरेलू प्रदर्शन पर।

## युवा बेरोजगारी में गिरावट के मामले में यूपी, बिहार, एमपी सबसे आगे



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में कहा कि युवा बेरोजगारी दर में गिरावट आई है और युवा आबादी की बड़ी हिस्सेदारी वाले राज्य इसका कारण हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में युवा बेरोजगारी दर 2017-18 में 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 7 प्रतिशत हो गई है, साथ ही इसी अवधि में युवा एलएफपीआर 33.7 प्रतिशत से बढ़कर 41.4 प्रतिशत हो गई है। इस प्रकार, युवाओं को बढ़ावा देने वाले राज्य भी युवा रोजगार में वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में युवा आबादी के साथ-साथ युवा रोजगार भी बढ़ रहा है।

## कल्याण प्रतिमान में आया बड़ा परिवर्तन



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति और पिछले 10 वर्षों में इसकी यात्रा का जायजा लिया गया है। पहला अध्याय देश की अर्थव्यवस्था के अतीत, वर्तमान और भविष्य का अवलोकन प्रदान करता है जबकि दूसरा अध्याय सरकार की नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मापदंडों पर प्रगति पर विस्तृत नजर डालता है। देश के मानव संसाधनों को संतुलित विकास और क्षमतापूर्ण कल्याण बताते हुए, समीक्षा में कहा गया है कि पिछले एक दशक में, भारत के कल्याण प्रतिमान में एक बड़ा परिवर्तन आया है, जो एक अधिक टिकाऊ, कुशल और सशक्त मॉडल के रूप में विकसित हुआ है।

## मध्यम वर्ग प्रेरित है ई-कॉमर्स बाजार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय द्वारा अंतरिम बजट (1 फरवरी) से पहले तैयार की गई भारतीय अर्थव्यवस्था समीक्षा में कहा गया है कि भारत में इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्टफोन का प्रसार तेजी से शहरीकरण और भारत के मध्य क्षेत्र का बढ़ता प्रभाव शामिल है। वर्ग ने ई-कॉमर्स बाजार को आगे बढ़ाया है। कोविड महामारी के दौरान आरोग्य सेतु और कोविन ऐप्स ने वायरस के प्रसार को ट्रैक करने और रोकने में मदद की और कम समय में कई लोगों के टीकाकरण की सुविधा दी।

## कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था का आधार




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार की गई भारत अर्थव्यवस्था समीक्षा में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र, जिसका वित्तवर्ष 2024 में भारत के जीवीए का 18 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है, देश की अर्थव्यवस्था का आधार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तवर्ष 23 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन 32.97 लाख टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.41 करोड़ टन की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रतिवर्ष औसत खाद्यान्न उत्पादन वित्तवर्ष 2015 से वित्तवर्ष 2023 तक 28.9 लाख टन था, जबकि वित्तवर्ष 2005 से वित्तवर्ष 2014 में यह 23.3 लाख टन था। यही वजह है कि चावल, गेहूं, दालें, पोषक/मोटे अनाज और तिलहन के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई। इसमें कहा गया है कि भारत का वैश्विक प्रभुत्व कृषि वस्तुओं तक फैला हुआ है।

## अगले तीन साल में भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद





**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने अंतरिम बजट से कुछ दिन पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के अगले तीन वर्षों में 5 खरब डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। यह आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार किया गया भारत का आर्थिक सर्वेक्षण नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि यह आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट से पहले आएगा। दस साल पहले, मौजूदा बाजार कीमतों पर 1.9 खरब डॉलर की जीडीपी के साथ भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। समीक्षा में कहा गया कि आज कोरोना संकट के बावजूद व्यापक असंतुलन और टूटे वित्तीय क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था विरासत में मिलने के बावजूद यह 3.7 खरब डॉलर (अनुमानित वित्तीय वर्ष 24) की जीडीपी के साथ पांचवां सबसे बड़ा है। यह 10 वर्षीय यात्रा ठोस और वृद्धिशील दोनों तरह के कई सुधारों से चिह्नित है, जिन्होंने देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन सुधारों ने आर्थिक लचीलापन भी प्रदान किया है, जिसकी देश को भविष्य में अप्रत्याशित वैश्विक झटकों से निपटने के लिए जरूरत होगी। केंद्र सरकार ने 2047 तक 'विकसित देश' बनने का एक उच्च लक्ष्य निर्धारित किया है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## पूंजी बाजार से संबंधित कराधान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं




**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि निकट भविष्य में बजट को लेकर उम्मीदें बाजार को प्रभावित करेंगी। बाजार को पूंजी बाजार से संबंधित कराधान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए ऐसे किसी भी प्रस्ताव का बाजार पर असर पड़ेगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निफ्टी ने 29 जनवरी को सप्ताह के पहले दिन को 4 दिसंबर के बाद से अपने सबसे बड़े एकल-दिवसीय लाभ के साथ समाप्त किया, इसमें हेवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज ने लाभ में सबसे अधिक योगदान दिया। अंत में निफ्टी 1.80 फीसदी या 385 अंक ऊपर 21737.6 पर था। 29 जनवरी को निफ्टी तेजी से बढ़ा और एक लंबी बुल कैंडल बनाई। 21851-21970 निफ्टी के लिए अगला प्रतिरोध बैंड हो सकता है, जबकि 21482 समर्थन के रूप में कार्य कर सकता है। लेखानुदान से पहले तैयारी शुरू हो गई लगती है। उन्होंने कहा, इस तेजी का इस्तेमाल उन व्यक्तिगत शेयरों में वजन कम करने के लिए किया जा सकता है जो बहुत तेजी से बढ़े हैं। बीएसई सेंसेक्स 223 अंक नीचे 71,718.40 अंक पर है। बजाज फाइनेंस में 4 फीसदी, आईटीसी में 1.7 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.5 फीसदी की गिरावट आई है।

## 1.14 लाख स्टार्टअप भारत में 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा करते हैं




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भारतीय अर्थव्यवस्था की अपनी नवीनतम समीक्षा में कहा कि भारत में 1.14 लाख से अधिक स्टार्टअप ने अब तक 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। 'द इंडियन इकोनॉमी: ए रिव्यू जनवरी 2024' शीर्षक वाली रिपोर्ट में, आर्थिक मामलों के विभाग ने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया पहल' के तहत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 1.14 लाख स्टार्टअप ने अक्टूबर 2023 तक 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा कीं। दस्तावेज में कहा गया है कि राज्य के स्वामित्व वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने नवंबर 2023 तक 63 लाख से अधिक लेनदेन किए। 2023 में मूल्यांकन के मुद्दों, कुछ आईपीओ, नियामक परिवर्तनों और व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक रुझानों जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा तकनीकी स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बना हुआ है, इसमें पिछले साल 950 से अधिक तकनीकी स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। ज़िनोव के सहयोग से नैसकॉम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 31हजार से अधिक तकनीकी स्टार्ट अप के लिए संचयी फंडिंग 70 बिलियन डॉलर (2019 से 2023 तक) से अधिक हो गई है।

## एफआइएच हॉकी प्रो लीग: ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स की टीमें भुवनेश्वर पहुंची





**एजेंसी। भुवनेश्वर**

दुनिया की नंबर एक महिला हॉकी टीम नीदरलैंड और दूसरे नंबर पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अभियान की शुरूआत के लिए बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (महिला) भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में 3 से 9 फरवरी तक खेला जायेगा। इसके बाद लीग राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पहुंचेगी। जहां 12 से 18 फरवरी तक मैच खेले जाएंगे।

## खबरें खेल जगत की

### आइएसएल की एक्शन में वापसी, नॉर्थईस्ट के खिलाफ नई शुरूआत करना चाहेगा जमशेदपुर

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की एक्शन में आज से वापसी हो रही है। जमशेदपुर एफसी अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार रात नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगी। दोनों क्लब अब तक 12 मैच में दो-दो जीत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, हाईलैंडर्स और उनके खेल ने काफी वाहवाही लूटी हैं क्योंकि वे 2022-23 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सीजन में काफी अच्छा कर रहे हैं। नए स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली की देखरेख में, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने एक नया अध्याय शुरू किया है, जिसने अक्सर प्रेरणादायक प्रदर्शन किया है और लीग में अपने आधे मैच (6) ड्रा कराने में कामयाब रही है। इससे प्रसन्न होकर क्लब ने बेनाली के अनुबंध को 2024-25 तक विस्तार दिया। इसका मतलब है कि वह एक और आईएसएल सीजन टीम के साथ रहेंगे। इससे स्पेनिश कोच को अपनी टीम पर काम करने, अपने प्रोफाइल के अनुरूप खिलाड़ियों को लाने और एक ऐसी इकाई तैयार करने के लिए अधिक गुंजाइश और समय मिलेगा। जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मैं सुपर कप के लिए सारा श्रेय लड़कों को देता हूं। उन्होंने बहुत अच्छा खेला। विदेशी, सीनियर और जूनियर ने हाल ही में अच्छा तालमेल दिखाया है और हम (आईएसएल में भी) अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा हम बस उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं जो हमने सुपर कप में हासिल की थी। हम आईएसएल का इंतजार कर रहे हैं, जो सबसे महत्वपूर्ण है। सुपर कप में जमशेदपुर एफसी से हमारी हार अतीत है और हम केवल भविष्य के बारे में सोचते हैं। यह मैच हमारे पिछले मुकाबलों से अलग होगा। बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 13 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें जमशेदपुर ने 6 और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने 2 में जीत दर्ज की है, जबकि 5 मैच ड्रा रहे हैं।

### मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉकिंग में 10 किमी का स्वर्ण पदक जीता



**चंडीगढ़।** पंजाब की अंतर्राष्ट्रीय रेस वॉकर मंजू रानी ने नेशनल ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता के 11वें संस्करण में अच्छा प्रदर्शन किया। महिलाओं की 20 किमी में स्वर्ण जीतने के अगले दिन, उन्होंने बुधवार को 10 किमी में अपना दबदबा बनाया और उद्घाटन मैराथन रेस वॉकिंग मिश्रित रिले में प्रतिस्पर्धा करने का मौका उज्ज्वल किया, जो 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में प्रदर्शित होगी। 24 साल की मंजू का 10 किमी में स्वर्ण पदक जीतने का समय 45:20.00 था। मंजू ने बुधवार को महिलाओं की 10 किमी में स्वर्ण जीतने के बाद कहा, इस साल मेरा मुख्य ध्यान मिश्रित रिले स्पर्धा पर होगा और मुझे ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।

### बिहार के शुभम ने रिकर्व तीरंदाजी में जीता गोल्ड

**चेन्नई।** पिछले महीने शुभम कुमार ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपने होमटाउन बिहार के आरा से गुजरात के नडियाद तक जनरल डिब्बे में 30 घंटे की कठिन ट्रेन यात्रा की, लेकिन इतनी कठिनाई झेलने के बावजूद उन्होंने वहां टीम को कांस्य पदक दिलाया। छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आने के बाद शुभम ने पहले न तो इस स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना किया था और न ही इतने बड़े पैमाने की व्यवस्था देखी थी लेकिन उन्हें लड़कों की रिकर्व श्रेणी में बिहार के लिए खेलों का दूसरा स्वर्ण पदक जीतने से कोई नहीं रोक सका।

## घुटने की चोट के कारण जैक लीच का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच का भारत के खिलाफ शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलना बेहद संदिग्ध है, क्योंकि वह बुधवार को टीम के पहले प्रशिक्षण सत्र से बाहर रहे। पिछले हफ्ते हैदराबाद में श्रृंखला के शुरूआती मैच में इंग्लैंड की भारत पर 28 रनों की रोमांचक जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय लीच के बाएं घुटने में चोट लग गई थी। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने संवाददाताओं से कहा, वह एक सख्त बच्चा है, लीची, इसलिए मुझे यकीन नहीं है। आप वास्तव में उसे कभी भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। हम देखेंगे कि वह कुछ दिनों में कैसा प्रदर्शन करता है।

# एशियाई लीजेंड्स लीग टी 20 का उद्घाटन 13 मार्च से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने बुधवार को यहां एशियाई लीजेंड्स लीग के उद्घाटन संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। रोमांचक टी20 टूर्नामेंट में पांच सबसे बड़े एशियाई क्रिकेट देशों-भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज सितारों से सजी टीमें 13 मार्च से 21 मार्च, 2024 तक होने वाले रोमांचक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

लीग कमिश्नर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने यहां एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजन के लिए अपने आइकन खिलाड़ियों के साथ पांच फ्रेंचाइजी के नामों की भी घोषणा की। जहां भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान इंडियन रॉयल्स का हिस्सा बने, वहीं पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद

### इरफान पठान, उपुल थरंगा जैसे दिग्गज लेंगे हिस्सा



इरफान पाकिस्तान स्टार्स के लिए खेलेंगे। श्रीलंका लायंस ने पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को अपने साथ जोड़ा है जबकि अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान उद्घाटन सत्र के लिए अफगानिस्तान पठान्स में शामिल हुए हैं। मोहम्मद अशरफुल को बांग्लादेश टाइगर ने अपने आइकन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया है।

टूर्नामेंट को लेकर चेतन शर्मा ने कहा एशियाई लीजेंड्स लीग एक अनोखा टूनार्मेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बड़े नाम एक बार फिर वर्चस्व की लड़ाई में भाग लेंगे। एक क्रिकेटर के रूप में जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो हमें बहुत गर्व महसूस होता है लेकिन ऐसी लीगों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की अनुभूति होती है। इरफान पठान और मोहम्मद इरफान जैसे मशहूर खिलाड़ियों की मौजूदगी निश्चित रूप से इस लीग को क्रिकेट प्रेमियों के बीच जरूर देखने लायक बनाएगी।

लीग से जुड़ने को लेकर इरफान पठान ने कहा इतने लंबे समय तक कमेंटेटर रहने के बाद मैदान पर खेलना अच्छा लगता है। लेकिन हमारा पहला प्यार हमेशा क्रिकेट खेलना है और एशियन लीजेंड्स लीग में खेलने से निश्चित रूप से बहुत सारी यादें ताजा हो जाएंगी। मैंने इस लीग में अन्य आइकन खिलाड़ियों के खिलाफ काफी क्रिकेट खेला है। यह आपको एक अलग रोमांच देता है। फैंस के लिए भी ये बेहद रोमांचक अनुभव होगा। ऐसी लीग देखना हमेशा मजेदार होता है। लीग किन स्थानों पर खेला जायेगा। इसकी सूचना बाद में दी जाएगी।

## जय शाह लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एसीसी अध्यक्ष चुने गए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख बने रहेंगे। बुधवार को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में एक और वर्ष के लिए उनके विस्तार को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। उन्होंने अपना पहला दो साल का कार्यकाल 2021-22 में पूरा किया और 2023 में उन्हें एसीसी प्रमुख के रूप में फिर से नियुक्त किया गया।

बुधवार, 31 जनवरी को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान महाद्वीपीय निकाय के प्रमुख के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।




## अफगानिस्तान टेस्ट के लिए श्रीलंका टीम घोषित

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका ने अफगानिस्तान के खिलाफ कोलंबो एसएससी में 2 से 6 फरवरी तक होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। नए टेस्ट कप्तान धनंजय डी सिल्वा टीम का नेतृत्व करेंगे और कुसल मेंडिस उनके डिप्टी होंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज लाहिरू उदारा, तेज गेंदबाज चमिका गुणसेकरा और मिलान रत्नायके तीन अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिन्हें इस मुकाबले के लिए चुना गया है। श्रीलंका 2 फरवरी से शुरू होने वाले बहु-प्रारूप दौरे के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा, जिसमें एकमात्र टेस्ट के बाद तीन वनडे और इतने ही टी20 शामिल हैं। यह इन दोनों टीमों का पहला टेस्ट मैच होगा।

**श्रीलंका टेस्ट टीम:** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल, सदीरा समरविक्रम, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्व फर्नांडो, कासुन राजिथा, कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू उदारा, चमिका गुणशेखर, मिलान रत्नायके।

## खेलकूद प्रतियोगिता 18 फरवरी से, कमेटी गठित

**रांची।** रांची के ठाकुरगांव में स्व. जगदीश महतो स्मृति खेलकूद प्रतियोगिता 18 फरवरी से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रंथेश्वर गिरी ने बुधवार को बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव हरिप्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष विजय कुमार महतो, उपाध्यक्ष कैलाश पांडेय सहित 11 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में खेलकूद का आयोजन किया जाएगा।

# राजभवन घेराव के लिए प्रशासन ने स्कूलों से मांगी दो-दो बसें

## बिजूपाड़ा के पास देखी गईं कई बसें, लगा था राजभवन घेराव का पोस्टर

## स्कूल प्रबंधकों ने बताया जिला परिवहन विभाग की ओर से मांगी गई बसें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार उनके आवास पर पूछताछ होनी थी। उन्होंने मेल कर ईडी को एक बजे आवास पर आने का समय दिया था। सोमवार से मंगलवार के बीच हुए राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए पूछताछ के क्रम में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की बात हवा में तैर रही थी। इसे लेकर सत्तारूढ़ गंठबंधन के सभी विधायकों को राजधानी में ही रहने को कहा गया था। वहीं औपचारिक तौर पर झामुमो ने राजभवन घेराव का कार्यक्रम मंगलवार से ही स्थगित कर दिया था। बावजूद इसके बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता पूरे राज्य से राजभवन घेराव के लिए राजधानी पहुंचे। वहीं कार्यकताओं को लाने के लिए जिला परिवहन विभाग की ओर स्कूल प्रबंधकों से स्कूल बसों की मांग की गई। डाल्टनगंज रांची मार्ग मेन बीजूपाड़ा टोल प्लाजा के पास ऐसे ही कई बसों को राजभवन घेराव के बैनर व कार्यकताओं के साथ देखा गया। स्कूल प्रबंधकों ने बताया कि बस के डीजल की व्यवस्था भी डीटीओ की ओर से की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल




मरांडी ने इस मामले को जोर-शोर से उठाते कहा कि यह सरकार की गुंडागर्दी है। इस मामले की जांच होनी चाहिए।

डीटीओ से पूछा जाना चाहिए कि आखिर किस मद से स्कूली बसों में डीजल भरवाया गया । भाजपा छोटे स्कूली बच्चों की सुविधा में डाका डालने वाले राजनीतिक कल्चर का विरोध करती है। वहीं मुख्यमंत्री को कथित रूप से ईडी की ओर से परेशान किए जाने के विरोध में झामुमो के राजभवन घेराव रैली के लिए डालटनगंज से कई बसें रांची आई। इनमें भी राजभवन घेराव के पोस्टर लगे थे।

"प्रशासन की ओर से डीटीओ ने बस के इंचार्ज को दो-दो बसें भेजने को कहा और उनमें डीजल भी प्रशासन की ओर से भराया गया। स्कूलों की पढ़ाई बाधित नहीं हुई पर बसों के फेरे बढ़ाकर किसी तरह मैनेज किया गया।

**आश्लेष पांडे-प्राचार्य,**
डालटनगंज रोटरी स्कूल

### ऐसे अधिकारियों की हो जांच



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इस प्रकरण को गुंडागर्दी बताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच होनी चाहिए। यह पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर किस मद से डीजल की व्यवस्था की गई। ऐसे ही कृत्य शासन-प्रशासन में भ्रष्टाचार को जन्म देती है।

## स्कूल की बसें गई राजनीति के मैदान में, संचालक व बच्चे रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू की आधा दर्जन बड़े निजी स्कूलों की दर्जनाधिक बसे बुधवार की सुबह स्कूल के बच्चों की जगह झारखंड के सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को लेकर राज्य की राजधानी रांची चली गई। बसों के चले जाने से स्कूल प्रबंधन को बच्चों के लाने ले जाने में परेशानी झेलनी पड़ी। अचानक स्कूली बसों को बैनर झंडा लगाये जाता देख अविभावक भी इस बात को लेकर असमंजस में थे कि क्या अचानक स्कूलों में अवकाश तो घोषित नहीं कर दिया गया? कुछ लोगों की शिकायत थी कि जिले के परिवहन विभाग द्वारा स्कूल कि बसों को पकड़कर भेजा गया है। इस बाबत जब राष्ट्रीय नवीन मेल ने तहकीकात की तो पता चला सभी स्कूल खुले थे। स्कूल प्रबंधकों ने फेरा बढ़ाकर बसों की कमी को पूरा किया। कुछ स्कूलों से यह बात सामने आई कि बसों के लिए कोई आधिकारिक दबाव तो नहीं आया है, लेकिन परिवहन विभाग कार्यालय के कतिपय कर्मियों की भूमिका बस दिलवाने में रही है। इस बाबत रोटरी स्कूल के डायरेक्टर अनुग्रह नारायण शर्मा ने पूछने पर स्वीकार किया कि उनके स्कूल की दो बसें जेएमएम कार्यकताओं को लेकर रांची गई हैं। उन्होंने स्वीकारा की जिला परिवहन कार्यालय के दबाव में बसें भेजी गई हैं। हालांकि उन्होंने किसी आधिकारिक दबाव से इनकार किया।

### प्रशासन का पक्ष

जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने संपर्क करने पर कहा कि अभी व्यस्त हैं, थोड़ी देर बाद बात करते हैं। किन्तु बाद में उनका सेल स्विच ऑफ मिला। जबकि एमवीआई लाल बिहारी यादव ने कहा कि परिवहन विभाग ने ना तो किसी बस को पकड़ा है और ना ही किसी स्कूल के संचालक से बस की मांग की गई है।

# कौन हैं झारखंड के अगले सीएम चंपई सोरेन


## जानिए उनका सियासी सफर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन ने चंपई सोरेन को नया नेता चुना है। हेमंत सोरेन की जगह वह राज्य के अगले सीएम होंगे। वह हेमंत सोरेन की सरकार में परिवहन मंत्री थे। 68 वर्षीय चंपई सोरेन कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। वह हेमंत सोरेन के सबसे विश्वस्त माने जाते रहे हैं। चंपई सोरेन झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन के अनन्य सहयोगी रहे हैं। कई मौकों पर सीएम हेमंत सोरेन को इनका पैर छूते हुए भी देखा गया है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि झामुमो में इनकी अहमियत कितनी है।

कहा यह भी जाता है कि चाहे मामला सरकार का हो या पार्टी का, अहम विषयों पर हेमंत सोरेन इनसे सलाह-मशवरा जरूर करते रहे हैं। चंपई सोरेन को लोग 'झारखंड टाइगर' के नाम से भी बुलाते हैं। चंपई ने 1991 में पहली बार उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वो जीत इसलिए बड़ी थी क्योंकि उन्होंने कद्दावर झामुमो सांसद कृष्णा मार्डी की पत्नी को हराया था।

बाद में 1995 में झामुमो के टिकट पर जीत हासिल की। लेकिन, वर्ष 2000 में बीजेपी के अनंतराम टुडू से चुनाव हार गए थे। इसके बाद वर्ष 2005 से लगातार सरायकेला से विधायक रहे हैं। 2019 में इन्होंने भाजपा के गणेश महली को हराया था।



चंपई सोरेन का जन्म सरायरकेला के जिलिंगगोड़ा में 1956 में सेमल सोरेन और माधव सोरेन के घर हुआ। अपने तीन भाइयों और एक बहन में ये सबसे बड़े हैं। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो ये मैट्रिक पास हैं। इनकी शादी मानको सोरेन से हुई है और इनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं।

# मुख्यमंत्री ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ रांची के एससी-एसटी थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के अधिकारी कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार सहित अन्य के खिलाफ बुधवार को रांची के एसटी एससी थाना में मामला दर्ज कराया है। एसटी एससी थाना कांड संख्या 06/24 दर्ज किया गया है। हेमंत सोरेन ने दर्ज कराए गए मामले में कहा है कि 27 और 28 जनवरी को उन्होंने नई दिल्ली का दौरा किया और शांति निकेतन जिसे झारखंड राज्य द्वारा आवास एवं कार्यालय उपयोग के लिए पट्टे पर लिया गया है, वहां रुका। 29 जनवरी को उन्हें पता चला कि ईडी के अधिकारियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उस परिसर में कथित तलाशी ली थी। यह कथित तलाशी मुझे बिना किसी सूचना के ली गई थी। उनको और उनके पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के लिए झारखंड भवन, नई दिल्ली और 5/01, शांति निकेतन, नई दिल्ली में ऑपरेशन किया गया। मुख्यमंत्री ने दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा है कि ईडी के अधिकारियों ने



उन्हें 29 और 31 जनवरी को रांची में उपस्थित रहने के लिए कहा था। हालांकि, राष्ट्रीय और झारखंड स्थित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की ओर से व्यापक कवरेज से यह स्पष्ट है कि ईडी अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी दी थी ताकि मीडिया में तमाशा बनाया जा सके और आम जनता की नजरों में मेरी बदनामी हो। सोरेन ने कहा है कि 30 जनवरी को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टों से पता चला है कि ईडी के अधिकारियों ने चुनिंदा गलत सूचना लीक की है कि आवास परिसर से जब्त की गई नीली बीएमडब्ल्यू कार उनकी है। साथ ही उनके पास से भारी मात्रा में अवैध नकदी भी मिली थी। उन्होंने कहा कि परिसर में मिले बीएमडब्ल्यू निर्मित कार का मालिक वे नहीं हैं, जिसके मालिक होने का दावा ईडी के अधिकारियों ने किया है। ईडी के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों ने जानबूझकर उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के लिए यह कृत्य किया है। दूसरी ओर, ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एसटी एससी थाने में दर्ज एफआईआर में तथ्य की बड़ी गलती सामने आई है। मुख्यमंत्री द्वारा जो शिकायत पत्र थाने में दी गई है उसमें उन्होंने खुद को साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र का सदस्य बताया है। सीएम की ओर से थाने में की गई एफआईआर पेपर को गोड्डा सांसद और भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री को यह भी नहीं पता कि वे बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। साहिबगंज नाम का कोई भी विधानसभा क्षेत्र झारखंड में नहीं है।

## हेमंत की ओर से दर्ज एफआईआर फर्जी पुलिस करे जांच : बाबूलाल मरांडी

- सीएम ने खुद को साहेबगंज का विधायक बताया जबकि वो बरहेट से हैं विधायक
- साहेबगंज नाम से कोई विधानसभा क्षेत्र राज्य में नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री की ओर से ईडी के कुछ अफसरों के ऊपर एसटी-एससी एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर के आधार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फर्जी बताते हुए इसकी पुलिस जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन इतना डरे हुए है कि अपना सुध-बुध भी खो चुके है। और जो उनके लिए काम कर रहे है वे भी अपना सुध-बुध खो चुके हैं। एफआईआर की प्रथम पंक्ति में ही गलती है। एफआईआर के अनुसार हेमंत सोरेन खुद को साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र का विधायक बता रहे हैं लेकिन झारखंड में साहेबगंज नाम का कोई विधानसभा क्षेत्र है ही नहीं। कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एफआईआर ही फर्जी है। हेमंत सोरेन को अपना विधानसभा बरहेट के जगह साहेबगंज बताना, एफआईआर को फर्जी बताता है। मरांडी ने कहा कि डीजीपी एवं पुलिस अधिकारी इस एफआईआर की सत्यता की जांच करें। कि सचमुच में हेमंत सोरेन ने एफआईआर किया है या उनके नाम से किसी अन्य ने एफआईआर किया। कहा कि उनके यहां फर्जीवाड़ा का पहले भी रिकॉर्ड रहा है। मुझे स्मरण है शिबू सोरेन जी के समय एक बार 2-3 लोगों को एक जगह टिकट दिया गया और चुनाव लड़ गए थे। बाद में बोला गया कि फॉर्म में फर्जी हस्ताक्षर किया गया था।

### राजनीतिक घटनाक्रम का टाइमलाइन (दोपहर से देर रात तक)

| | |
|---|---|
| 1:20:35 | सीएम आवास पहुंची ईडी की टीम |
| 3:03:52 | हेमंत ने विधायकों से करवाया सादे पेपर पर हस्ताक्षर |
| 3:17:33 | ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज |
| 3:36:25 | हेमंत सोरेन ने ईडी अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप |
| 4:21:32 | झारखंड के गृह सचिव अविनाश कुमार हटाए गए |
| 6:16:54 | झारखंड में सीएम आवास के पास पहुंची दो बसें |
| 7:32:45 | राजभवन से विधायकों को मिलने का समय दिया गया |
| 8:21:45 | सीएम पद की रेस में चंपई सोरेन का का नाम आया आगे |
| 8:23:29 | सीएम हेमंत ने झारखंड हाईकोर्ट में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ याचिका दाखिल की। |
| 8:28:16 | हेमंत सोरेन का इस्तीफा |
| 8:34:58 | चंपई के नाम की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की पुष्टि |
| 8:37:52 | हेमंत सोरेन का इस्तीफा |
| 8:42:50 | बन्ना गुप्ता बोले, चंपई होंगे सीएम |
| 9:03:29 | ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन |
| 9:41:00 | राज्यपाल को चंपई सोरेन ने 47 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा |
| 9:41:55 | सोरेन को अपने कार्यालय ले गए ईडी के अधिकारी |
| 9:59:01 | हेमंत की याचिका पर हाईकोर्ट में कल होगी सुनवाई |
| 10:35:05 | पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन बुधवार रात ईडी के कार्यालय पहुंचीं। |

## इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति मामले में राज्य सरकार की अपील खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक (कक्षा एक से पांच) की काउंसलिंग में शामिल करने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की विभिन्न अपील (एलपीए) पर बुधवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा। मामले में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग 13 अपील (एलपीए) दाखिल की गई थी। वर्ष 2022 में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने याचिकाकताओं को इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक पद के काउंसलिंग में शामिल करने का आदेश दिया था लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें यह करते हुए काउंसलिंग में शामिल नहीं किया था कि उनकी काउंसलिंग पहले हो चुकी है, इसलिए सेकंड राउंड की काउंसलिंग में उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा।

### राजभवन के पास उपस्थित गठबंधन के नेता



## झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दूबे को राहत बरकरार



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। फिलहाल, अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित नहीं की है। सांसद ने सचिवालय घेराव को लेकर धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की है।

### पेज एक के शेष

**मुख्यमंत्री हेमंत ने दिया इस्तीफा...**

धारा 144 लागू कर दिया। शाम करीब सात बेज राजभन से मिलने का समय मांगा गया था। वहीं इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के 4 अधिकारियों के खिलाफ रांची के एससी-एसटी थाना में केस दर्ज कराया था। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दो बार सत्ताधारी दल के विधायकों के साथ बैठक की थी। बैठक में आज के लिए रणनीति बनाई गई थी। सोमवार को ईडी की टीम दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची थी, जहां से 36 लाख रुपए और कार ईडी ने जब्त किया था।

**सात घंटे की पूछताछ के बाद हिरासत में...**

पत्र लिखकर ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया था। अपनी आपत्तियों के साथ ही मुख्यमंत्री ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया था। पूछताछ को लेकर मुख्यमंत्री आवास समेत रांची के अन्य हिस्सों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

**नई सरकार बनने के बाद...**

व्यवहार सुधारने की नसीहत देते हुए कहा कि ऐसे सभी माननीय सांसद सुनिश्चित करें कि वे सदन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, सदन को सर्वोत्तम विचार दें, देश को उत्साह से भर दें। उन्होंने कहा कि सांसदों को यह अवसर अपने हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। नारी शक्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था। वो फैसला था 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम'। 26 जनवरी को भी हमने देखा कि किस प्रकार देश ने कर्तव्य पथ पर नारीशक्ति के शौर्य, सामर्थ्य और नारीशक्ति के संकल्प की शक्ति का अनुभव किया। आज बजट सत्र के आरंभ होने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट प्रस्तुत किया जाएगा। ये एक प्रकार से नारीशक्ति के साक्षात्कार का पर्व है।

# देश के विकास में सबकी भूमिका सुनिश्चित कराएगी भाजपा : बाबूलाल मरांडी

## सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी भाजपा पार्टी का संकल्प : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी की नव गठित ज्वाइनिंग कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,कमिटी के प्रदेश संयोजक डॉ रविंद्र कुमार राय,विधायक बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो,गिरिनाथ सिंह,गणेश तिवारी सहित ज़िलों के संयोजक एवम सह संयोजक उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ ,सबका सबका विकास का संकल्प सबके प्रयास और सबके विश्वास के साथ पूरा करने का निश्चय किया है। जिसे लगातार धरातल पर उतारा जा रहा। उन्होंने कहा कि हमें सबके




बीच जाना है और सबको भाजपा में लाना है। सशक्त भारत केलिए सशक्त भाजपा आज युग की मांग है। उन्होंने कहा आत्म निर्भर भारत,स्वाभिमानी भारत,विकसित भारत के निर्माण में भाजपा देश में हर घर भाजपा के संकल्प को सिद्धि में बदलना चाहती है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं। यह राष्ट्रीय विचार से परिपूर्ण पार्टी है।विकसित भारत, विश्व गुरु भारत का निर्माण पार्टी का संकल्प है।

उन्होंने कहा यह सबके सहयोग से ही पूरा किया जा सकेगा। कहा कि हम सर्व व्यापी, सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी भाजपा केलिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग कमिटी को इस सोच के साथ लोगों को भाजपा से जोड़ने की दिशा में पहल करनी चाहिए। समाज का कोई वर्ग छूटे नहीं।

## परिवारवादी पार्टियों से देश और राज्य का कभी भला नहीं हो कसता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पलामू जिला राजद महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष चंद्रमा कुमारी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने कार्यालय कक्ष में चंद्रमा कुमारी को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हरेंद्र मेहता, रोहित मेहता, सुधीर मेहता, रविंद्र मेहता,राम प्रसाद राम, कामेश्वर राम, अवधेश राम, वीरेंद्र राम, विनोद राम,प्रभु राम,



शिव राम, मोती राम, सुखलाल राम, कुंदन राम, संतोष कुमार, राजमुनी राम, गजेंद्र सिंह, नागेंद्र रजवार, अमर रजवार, कमलेश रजवार, संजय रजवार, अमर पासवान, अजय पासवान, श्यामलाल रजवार, बीरेंद्र सिंह, मोहम्मद रसूल अंसारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवार वादी पार्टियां केवल परिवार की चिंता में लिप्त हैं। साथ ही आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हैं। कहा कि देश की भलाई ऐसी पार्टियां नही कर सकती यह जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्वयं एक परिवार की पार्टी बन गई है।और सभी परिवारवादी पार्टियों के भ्रष्टाचार की पोषक बन गई। कांग्रेस स्वयं भ्रष्टाचार की जननी भी है। उन्होंने कहा कि राजद का चरित्र झारखंड विरोध का भी रहा है। चंद्रमा कुमारी ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।




## एक नजर

### राहुल का भारत जोड़ो यात्रा कटिहार से होते हुए प. बंगाल रवाना

**कटिहार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी। की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार सुबह कटिहार शहरी क्षेत्र से होते हुए पश्चिम बंगाल के मालदा के लिए रवाना हो गई। न्याय यात्रा को लेकर जिले के खेरिया, कोलासी, मिर्चाईबारी, शहीद चौक, डीएस कॉलेज रोड, प्राणपुर के लाभा (कटिहार और पश्चिम बंगाल सीमा) तक सुरक्षा कर्मी चप्पे चप्पे पर मौजूद थी। राहुल गांधी का न्याय यात्रा कटिहार के जिस रूट से गुजरा उनकी सुरक्षा के मद्देनजर अन्य लोगों के आवागमन को डायवर्ट कर दिया गया था। यात्रा के क्रम में कटिहार के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मी शाहिद चौक पर समाचार संकलन को लेकर खड़े थे, परंतु राहुल गांधी मीडिया कर्मियों से बात किए बिना बंगाल के लिए रवाना हो गए।

### पाक में पीटीआई की रैली में विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के सिबी में पीटीआई की चुनाव रैली के दौरान हुए बम विस्फोट में चार लोग मारे गए जबकि छह घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। प्रमुख समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह बम विस्फोट मंगलवार को हुआ। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की।

### उमर खालिद की बेल याचिका पर एससी में सुनवाई फिर टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश में उमर खालिद यूएपीए के तहत सलाखों के पीछे हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ समय की कमी के कारण यूएपीए की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं सहित कई मुद्दों पर सुनवाई नहीं कर सकी।

### मेक्सिको में दो वाहनों में लगी आग, 20 की मौत, 16 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सिनालोआ राज्य के राजमार्ग 15डी पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे डबल डेकर बस और ट्रैक्टर ट्रेलर की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 16 अन्य घायल हो गए। मेक्सिको न्यूज डेली के अनुसार, यह हादसा राजमार्ग 15डी पर माजातलान और कुलियाकैन के मध्य एलोटा नगर पालिका क्षेत्र के बोस्कोसो के पास हुआ। डबल डेकर बस नॉर्टे डी सिनालोआ कंपनी की है। बस ग्वाडलाजारा के जलिस्को से लॉस मोचिस (सिनालोआ) जा रही थी। दोनों वाहन देखते ही देखते जलकर राख हो गए।

### शिवसेना विधायक अनिल बाबर का 74 साल की उम्र में निधन

**सांगली (महाराष्ट्र)।** वरिष्ठ राजनेता और सांगली के खानापुर-अटपाडी से सत्तारूढ़ शिवसेना विधायक अनिल कालाजेराव बाबर का संक्षिप्त बीमारी के बाद बुधवार को निधन हो गया। पार्टी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह 74 वर्ष के थे और उन्हें निमोनिया के इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वे ठीक नहीं हुए।

# ‘राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा सच हो चुकी है’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नए संसद भवन में दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए। राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरूआत के दौरान किया गया है और इसमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार है। नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने की गारंटी के साथ आगे बढ़ रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह नया संसद भवन भारत की ध्येय-यात्रा को निरंतर ऊर्जा देता रहेगा, नई और स्वस्थ परंपराएं बनाएगा। वर्ष 2047 को देखने के लिए अनेक साथी तब इस सदन में नहीं होंगे। लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि तब की पीढ़ी हमें याद करे।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है। राष्ट्रपति ने इस दौरान भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्लबीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। इस दौरान भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते। भारत, दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोलआउट करने वाला देश बना।

राष्ट्रपति ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्यों को पूरा होते देखा है जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है। उन्होंने आगे कहा, सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे अनेक पड़ाव आए हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। उन्होंने तीन दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित होने के लिए संसद सदस्यों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है। यह वीमेन लेड डवलपमेंट के सरकार के संकल्प को मजबूत करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों - युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब- पर खड़ी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद



### संसद के नए भवन में ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ की महक : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संक्षिप्त बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन में कहा कि अमृतकाल की शुरूआत में यह भवन बना है। यहां एक भारत, श्रेष्ठ भारत की महक भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस नए भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद होगा। यह नीतियां आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत का निर्माण करेंगी। उन्होंने कहा, " हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे हैं लेकिन अब हम बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में लगभग 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले। " राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, "बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना।

### लोस-रास की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित, 3 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की



**लोकसभा** और राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को थोड़े समय की कार्यवाही के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। राज्यसभा में आज तीन नए सांसदों सतनाम सिंह संधू, नारायण दास गुप्ता और स्वाति मालीवाल ने सदस्यता की शपथ ली। सभापति ने 11 सदस्यों का निलंबन रद्द किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विशेषाधिकार समिति ने उन्हें विशेषाधिकार के उल्लंघन और राज्यों की परिषद की अवमानना का दोषी पाया और सिफारिश की कि उनकी निलंबन अवधि को पर्याप्त सजा के रूप में माना जाए। उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद सदस्यों सदानंद शेट तनावड़े और साकेत गोखले को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में पूर्व सांसद हरि शंकर भाभड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने अपने शोक संदेश में कहा कि भाभड़ा को सार्वजनिक जीवन में उच्च मानकों का उदाहरण देने और उनके द्वारा संभाले गए पदों को सार्थक करने के लिए याद किया जाएगा। उधर, लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने भद्रेश्वर तांती (सदस्य, 8वीं लोकसभा) और सोनावणे प्रताप नारायणराव (सदस्य, 15वीं लोकसभा) के निधन पर शोक संदेश दिया।

### बजट सत्र का लाभ उठाकर सकारात्मक फुटप्रिंट छोड़ें सांसद : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को परंपरागत तौर पर संसद के सत्र के प्रारंभ के पूर्व दिए जाने वाले अपने वक्तव्य में सभी सांसदों से बजट सत्र के इस अवसर का लाभ उठाकर सकारात्मक फुटप्रिंट छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह समय पश्चाताप का है। संसद भवन प्रांगण में पत्रकारों से बातचीत में बजट सत्र शुरू होने से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन लोगों को हंगामा करने और संवैधानिक मूल्यों को गिराने की आदत है, उन सभी सांसदों को इस आखिरी सत्र में आत्मचिंतन करना चाहिए। पीएम ने कहा कि आज राष्ट्रपति का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश करना महिला सशक्तिकरण के उत्सव की तरह है। उन्होंने कहा कि इससे पहले संसद भवन ने "नारीशक्ति वंदन कानून को पारित कर बहुत ही गरिमामय निर्णय लिया। 26 जनवरी को भी हमने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के शौर्य, पराक्रम और संकल्प का अनुभव किया। उल्लेखनीय है कि 17वीं लोकसभा का अंतिम बजट सत्र आज से प्रारंभ होने जा रहा है।

### पीएम मोदी का गुणगान था राष्ट्रपति का अभिभाषण : मल्लिकार्जुन खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बुधवार को राष्ट्रपति का भाषण केवल प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की प्रशंसा के बारे में था। उन्होंने रोजगार, दलित, वंचित और आदिवासी के हितों के बारे में कोई बात नहीं की। खड़गे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद एक वीडियो संदेश में कहा कि राष्ट्रपति के भाषण में रोजगार के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा गया। उन्होंने सिर्फ मोदी सरकार की तारीफ की है। ये एक प्रोपेगंडा था। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर आज भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने एक बार भी रोजगार का जिक्र नहीं किया। राष्ट्रपति ने भी अपने एक घंटे 20 मिनट के भाषण में रोजगार का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि जो सरकारी पद खाली हैं, उन पर नियुक्तियां कब की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि आज बजट सत्र के प्रथम दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों से अवगत कराया।

# बकाए के भुगतान के लिए केंद्र के खिलाफ दो से धरना : ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक बार फिर दोहराया है कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एक फरवरी तक राज्य का बकाया नहीं चुकाती है तो वह दो फरवरी से कोलकाता में प्रदर्शन करेंगी। मालदा में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में, बनर्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और धन का भुगतान न होने से प्रभावित लोगों से धरने में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोलकाता के रेड रोड इलाके में बीआर अंबेडकर प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। मैंने उन्हें अल्टीमेटम दिया है कि एक फरवरी तक राज्य का सारा बकाया चुकाएं। ऐसा न होने पर मैं दो फरवरी से धरना दूंगी। अगर बकाया नहीं दिया गया तो मैं जानती हूं कि आंदोलन के माध्यम से इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है।

### मालदा में दे रहे थे कांग्रेस को दो सीटें : सीएम



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहली बार मुंह खोला है। मालदा जिले में पदयात्रा के बाद अपने संबोधन में ममता ने कहा कि केवल मालदा में कांग्रेस को हमने (तृणमूल कांग्रेस ने) दो सीटें दी थी लेकिन कांग्रेस और मांग रही थी। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राहुल गांधी की यात्रा बिहार से एक बार फिर मालदा के रास्ते पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रही है। मालदा दक्षिण में कांग्रेस की केवल एक जीती हुई सीट है। ममता ने कहा कि केवल एक जिले में हम कांग्रेस को इतनी सीट देने के लिए तैयार थे लेकिन पार्टी और सीटें मांग रही थी। राहुल गांधी के बंगाल में प्रवेश करते समय सीएम का यह बयान बेहद अहम माना जा रहा है।

### नौसेना ने विदेशी जहाजों को डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में दबदबा कायम किया



**नई दिल्ली।** लाल सागर में छह साल तक शांति रहने के बाद पिछले दो माह से सोमालियाई समुद्री डाकुओं की हरकतें बढ़ने से दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग लेन में उथल-पुथल बढ़ गई है। भारतीय नौसेना पिछले एक महीने से लाल सागर में समुद्री व्यापारिक मार्गों को बचाने और सुरक्षित करने में प्रभावी ढंग से काम कर रही है। भारत ने लाल सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोकने के लिए अपने दस से ज्यादा जहाज ‘एंटी पायरेसी मिशन’ पर तैनात किये हैं। नौसेना ने इस बीच आधा दर्जन से ज्यादा अपहृत विदेशी जहाजों को समुद्री डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में अपना दबदबा कायम किया है।

### साइफर केस के बाद तोशाखाना मामला आया सामने

# इमरान-बुशरा बीबी को 14 साल की सजा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआइ के अध्यक्ष इमरान खान के लिए साल का पहला महीना भारी पड़ा। साइफर केस में फैसला आने के 24 घंटे बाद आज तोशाखाना मामले में भी उन्हें तगड़ा कानूनी झटका लगा। मुल्क की एक जवाबदेही अदालत ने बुधवार को उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इमरान और बुशरा पर 78-78 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और बुशरा बीबी पर 10 साल तक के लिए कोई भी सरकारी पद ग्रहण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले 30 जनवरी को इमरान और उनकी पार्टी के नेता एवं पूर्व विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी को साइफर केस में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। रावलपिंडी के स्पेशल कोर्ट के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने अदियाला जेल में फैसले का ऐलान किया था। विभिन्न आरोपों का सामना कर रहे इमरान खान इस समय रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और उनकी पार्टी आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। जवाबदेही अदालत के जज मोहम्मद बशीर अदियाला जेल पहुंचे और इमरान खान के पेश होने के बाद फैसला सुनाया। बुशरा बीबी फैसले के वक्त पेश नहीं हुईं। पिछले महीने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने सऊदी क्राउन प्रिंस से प्राप्त एक आभूषण सेट को कम मूल्यांकन के बावजूद अपने पास रखने पर एक नया मामला दायर किया था। जवाबदेही अदालत ने इस महीने की शुरूआत में इमरान और बुशरा को दोषी ठहराया था। ब्यूरो ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान इमरान और उनकी पत्नी को विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी गण्यमान्य व्यक्तियों से कुल 108 उपहार मिले। इनमें से करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहारों को इमरान खान ने तोशाखाना से सस्ते दाम पर खरीदा। फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया।

### राममंदिर के विरोध में किया था उपवास सनातन पर दिया था आपत्तिजनक बयान

# अय्यर की बेटी मांगे माफी या छोड़े सोसाइटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी सुरन्या अय्यर एक बार चर्चा में हैं। दरअसल, राम मंदिर निर्माण के विरोध में उन्होंने तीन दिन का व्रत रखा था और सनातन धर्म के खिलाफ इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर अपशब्द पोस्ट किया था। कुछ दिनों पहले सुरन्या ने अपने पोस्ट में लिखा था, वो अपने मुस्लिम भाइयों के लिए अनशन कर रही है, अयोध्या में हिंदू राष्ट्रवाद के नाम पर जो हो रहा है वो ठीक नहीं है। सुरन्या की मां ने उन्हें शहद पिलाकर व्रत खत्म कराया था। सुरन्या अय्यर के इस हरकत से जंगपुरा स्थित उनकी सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने उन्हें और मणिशंकर अय्यर को पत्र लिखा है कि या तो वो सार्वजनिक रूप से अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो सोसाइटी छोड़कर चले जाएं।

### व्रत रखने के बारे में सुरन्या अय्यर ने क्या कहा



**इस** मामले पर सुरन्या अय्यर ने फेसबुक पोस्ट के जरिए प्रतिक्रिया दी है। मैं भारत में अब तक अपनी सारी जिंदगी, लगभग 50 वर्ष, सभी राजनीतिक दृष्टिकोण के लोगों के साथ बड़ी हुई हूं, पढ़ी हूं, काम किया है और ऐक्टिविज्म किया है। मैं अपनी बातें अपने फेसबुक और यू-ट्यूब पेजों पर ही रखूंगी ताकि आप स्वयं, शांति से, इसके बारे में सोच सकें। मैं मीडिया सर्कस से बचने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मेरा मानना है कि भारत में हमें एक बेहतर प्रकार के सार्वजनिक संवाद की आवश्यकता है। आइए हम गाली- गलौच के बजाय, कुछ सोचने का प्रयास करें।



**मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 350 श्रद्धालु छह दिन की पदयात्रा कर के लखनऊ से अयोध्या श्री राम मंदिर, राम लला के दर्शन करने पहुंचे। इस दल का नेतृत्व मंच के संयोजक राजा रईस और प्रांत संयोजक शेर अली खान ने किया। दर्शन के बाद सभी श्रद्धालुओं की आंखों में गर्व के आंसू और जुबान पर श्री राम का नाम था। राजा रईस ने कहा, राम हम सभी के पूर्वज थे, हैं और रहेंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मानना है कि हमारा मुल्क, हमारी सभ्यता, हमारा संविधान आपस में बैर रखना नहीं सिखाता है। अगर कोई इंसान किसी दूसरे धर्म की इबादतगाह या पूजा स्थल पर चला जाए तो इसका मतलब यह कतई नहीं मानना चाहिए कि उसने अपना मजहब छोड़ दिया है।**

## फिल्म जगत

### अभिनेता सोनू सूद मानवीय योगदान के लिए ‘चैंपियंस ऑफ चेंज’ पुरस्कार से सम्मानित



**मशहूर** अभिनेता सोनू सूद को उनके उत्कृष्ट मानवीय प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित ‘चैंपियंस ऑफ चेंज’ पुरस्कार मिला है। अपने निस्वार्थ प्रयासों के लिए प्रसिद्ध सूद ने सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित की है, जिसके लिए उन्हें कई प्रशंसाएं मिली हैं। अपने धर्मार्थ संगठन ‘द सूद फाउंडेशन’ के माध्यम से अभिनेता ने शिक्षा के मामले में वंचितों की मदद की है। गरीबों के उद्यमों को बढ़ावा देने में सहायता देकर उन्होंने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट, वृद्धाश्रम निवास पर भी काम शुरू कर दिया है। समय के साथ विभिन्न समुदायों के उत्थान के लिए उनकी विश्व स्तर पर प्रशंसा की गई है। ‘चैंपियंस ऑफ चेंज’ सम्मान उनकी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनके योगदान को दर्शाता है। सोनू सूद ने निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म ‘फतेह’ पूरी कर ली है। यह एक साइबर क्राइम थ्रिलर है जिसमें सूद और जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। सूद की प्रोडक्शन कंपनी शक्ति सागर प्रोडक्शंस ने इसे जी स्टूडियो के सहयोग से निर्मित किया है।